संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 236
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
गुरुवार 29 अक्टूबर 2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

www.pratahkalexpress.in

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सच से रूबरू

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित



केंद्रीय कर्मियों को बड़ा तोहफा

महंगाई भत्ते में तीन फीसदी का इजाफा



नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए एक बड़ी और राहत भरी खबर आई है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महंगाई भत्ते (डीएम) और महंगाई राहत (डीआर) में तीन फीसदी की बढ़ोतरी को औपचारिक मंजूरी दे दी है। बढ़ती महंगाई के बीच लिए गए इस फैसले से लाखों केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनधारकों को लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस वित्तीय निर्णय को मंजूरी दी गई। केंद्रीय कर्मियों के महंगाई भत्ते और राहत के मद में कुल 10,016 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। डीए और डीआर बढ़ने से 1.17 करोड़ से अधिक केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को फायदा होगा। फैसले से 48.54 लाख कर्मचारियों और 68.71 लाख पेंशनभोगी लाभान्वित होंगे। यह बढ़ोतरी 1 जुलाई 2026 से लागू होगी। कैबिनेट की ओर से लिए गए फैसले के तहत महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में तीन प्रतिशत की वृद्धि की गई है, जो कर्मचारियों की क्रय शक्ति को बनाए रखने में मदद करेगी। कर्मचारियों के जीवन यापन की बढ़ती लागत असर को संतुलित करने के मकसद से सरकार समय–समय पर इस भत्ते में बदलाव करती है।

तीन फीसदी के इस नए इजाफे से

वेतन और पेंशन में वृद्धिः केंद्रीय सेवाओं में कार्यरत कर्मचारियों की मासिक सैलरी और सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन में बढ़ोतरी दर्ज होगी।

आर्थिक संबलः महंगाई के दबाव के बीच यह बढ़ोतरी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के पारिवारिक बजट को मजबूती देगी

डीए में बढ़ोतरी से सरकारी खजाने पर कितना वित्तीय बोझ आएगा?

बुधवार को सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में किए गए इस तीन प्रतिशत के इजाफे के लिए सरकार ने कुल 10,016 रुपये करोड़ का बजट आवंटित किया है।

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई इस कैबिनेट बैठक में केवल महंगाई भत्ता ही नहीं, बल्कि देश के बुनियादी ढांचे, विनिर्माण, खेल और ग्रामीण विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाओं को भी हरी झंडी दी गई है। मंत्रिमंडल ने कुल 29,267 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल का तीन फीसदी महंगाई भत्ता बढ़ाने का यह फैसला लाखों कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए एक राहत देने वाला कदम है। 10,016 करोड़ के इस वित्तीय प्रावधान के साथ–साथ कंटेनर मैन्युफैक्चरिंग और ग्रामीण विकास योजनाओं के लिए मंजूर किया गया 29,267 करोड़ का कुल पैकेज से देश की आर्थिक प्राथमिकताओं के बारे में बताता है।

निवेश और उद्योग का हब बन रहा उत्तर प्रदेश : योगी

वैश्विक निवेशकों का बढ़ा भरोसा



लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि प्रदेश निवेश, नवाचार और उद्योग के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है और बेहतर कानून–व्यवस्था, पारदर्शी नीतियों और निवेश के अनुकूल माहौल से राज्य में वैश्विक निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट के जरिए वर्ष 2017 के बाद उत्तर प्रदेश में हुए बदलावों का जिक्र करते हुए पिछली सरकार पर निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने कहा, वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में वैश्विक निवेश आकर्षित करने की न स्पष्ट दृष्टि थी, न कोई ठोस कार्ययोजना। किन्तु डबल इंजन सरकार ने इस स्थिति को बदला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में राज्य में सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के मंत्र के साथ निवेश तथा औद्योगिक विकास के लिए नई कार्यसंस्कृति विकसित की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर कानून–व्यवस्था, पारदर्शी नीतियों और निवेश के अनुकूल वातावरण के कारण उत्तर प्रदेश अब निवेश, नवाचार और उद्योग के प्रमुख केंद्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा, इसी बढ़ते वैश्विक विश्वास को नई ऊंचाई देने के लिए आज सिंगापुर के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में उत्तर प्रदेश में निवेश की नई संभावनाओं, वर्तमान की परियोजनाओं को गति देने और निवेश को धरातल पर उतारकर उत्पादन शुरू करने पर चर्चा होगी। आदित्यनाथ ने पोस्ट में आगे कहा कि हर निवेश से नया उद्योग, हर उद्योग से नया रोजगार और हर रोजगार से परिवारों में खुशहाली, इसी संकल्प के साथ उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

एसआईआर रद्द करने और बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग, एमके स्टालिन ने राष्ट्रपति को भेजी याचिका

नयी दिल्ली, एजेंसी। तमिलनाडु की राजनीति में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विवाद तेज हो गया है। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के अध्यक्ष और तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को याचिका भेजकर एसआईआर प्रक्रिया रद्द करने और चुनाव में बैलेट पेपर की व्यवस्था दोबारा लागू करने की मांग की है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग उठाई है। स्टालिन ने मतदाता सूची से कथित तौर पर 97 लाख नाम हटाए जाने पर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि इतने बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम सूची से बाहर होने के कारणों की जांच होनी चाहिए। साथ ही यह भी पता लगाया जाना चाहिए कि नाम हटाए जाने का चुनाव परिणामों पर कोई असर पड़ा या नहीं। स्टालिन की याचिका में मुख्य चुनाव आयुक्त के कथित पक्षपातपूर्ण आचरण को लेकर संवैधानिक प्रक्रिया शुरू करने की मांग की गई है। उनके मुताबिक, चुनाव आयोग जैसे संवैधानिक संस्थान की निष्पक्षता और विश्वसनीयता बनाए रखना बेहद जरूरी है। याचिका में संविधान के अनुच्छेद 86(2) के तहत संसदीय संदर्भ शुरू करने की मांग का भी उल्लेख किया गया है। स्टालिन ने तमिलनाडु में मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के मामले की समीक्षा के लिए अनुच्छेद 143 के तहत सुप्रीम कोर्ट से राय लेने की अपील भी की है। इन मांगों पर संबंधित संवैधानिक संस्थाओं की ओर से क्या कदम उठाया जाता है, यह देखना महत्वपूर्ण होगा। डीएमके प्रमुख ने मांग की है कि एसआईआर प्रक्रिया से पहले की मतदाता सूची बहाल की जाए। उनका तर्क है कि मतदाता सूची में बदलाव की प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए और किसी भी पात्र नागरिक को मतदान के अधिकार से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। स्टालिन ने कहा कि मतदान केवल विशेषाधिकार नहीं, बल्कि संविधान से जुड़ा महत्वपूर्ण अधिकार है।

राज्यसभा उपचुनाव: मध्य प्रदेश से केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी होंगे भाजपा उम्मीदवार



नयी दिल्ली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की केंद्रीय चुनाव समिति ने मध्य प्रदेश में होने वाले राज्यसभा उपचुनाव के लिए केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के नाम पर मुहर लगा दी है। पार्टी ने बुधवार को उनके नाम की आधिकारिक घोषणा की। मध्य प्रदेश में राज्यसभा की एक सीट पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. एल. मुरुगन के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी। इस सीट पर उपचुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने कार्यक्रम घोषित कर दिया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, यदि मतदान की आवश्यकता हुई तो 12 नवंबर 2026 को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान कराया जाएगा। इसके बाद मतगणना होगी। उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया 26 अक्टूबर से शुरू हो चुकी है। उम्मीदवार 2 नवंबर तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 3 नवंबर को होगी, जबकि नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 5 नवंबर निर्धारित की गई है। इस उपचुनाव में मध्य प्रदेश विधानसभा के विधायक राज्यसभा सदस्य का चुनाव करेंगे। निर्वाचन आयोग की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार, नामांकन पत्र विधानसभा भवन, भोपाल स्थित रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं। दरअसल, डॉ. एल. मुरुगन अप्रैल 2024 में मध्य प्रदेश से राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए थे। उन्होंने 14 अक्टूबर 2026 को राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उनका कार्यकाल 3 अप्रैल 2030 तक था। उनके इस्तीफे के बाद रिक्त हुई सीट पर अब उपचुनाव कराया जा रहा है। उपचुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। निर्वाचन आयोग ने मध्य प्रदेश विधानसभा के अपर सचिव उमेश शर्मा को रिटर्निंग ऑफिसर और अपर सचिव मयंक वर्मा को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया है। विधानसभा भवन स्थित समिति कक्ष संख्या दो (एम–2) को निर्वाचन कार्यालय के लिए अधिकृत किया गया है। भाजपा ने भी इस उपचुनाव को लेकर अपनी तैयारी शुरू कर दी थी। पार्टी की कोर कमेटी की बैठक में संभावित उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा हुई थी। अब केंद्रीय चुनाव समिति ने हरदीप सिंह पुरी के नाम को मंजूरी देकर उम्मीदवार के नाम पर स्थिति स्पष्ट कर दी है।

महंगाई पर खरगे बोले- अच्छे दिन के इंतजार में बीत गए 12 साल

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महंगाई को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया है कि वोट का अधिकार छीनने पर उतारू मोदी सरकार अब जीवन जीने का अधिकार भी खत्म करना चाहती है। खरगे ने सोशल मीडिया एक्स पर बुधवार को लिखा कि त्योहारों के बीच कमरतोड़ महंगाई जनता की कमाई का एक–एक पैसा निगल रही है। उनका कहना था कि आवश्यक वस्तुओं की कीमत आसमान छू रही है जिससे लोगों का जीवन कठिन बना दिया है। उन्होंने महंगाई से जुड़े आंकड़े देते हुए कहा कि खाद्य महंगाई दर 2.13 प्रतिशत से बढ़कर 7.74 प्रतिशत पहुंच गई है, घरेलू कर्ज 36.7 प्रतिशत बढ़ा है, घरेलू वित्तीय बचत में चार प्रतिशत की गिरावट आई है, जबकि खुदरा महंगाई 5.54 प्रतिशत और थोक महंगाई 11.39 प्रतिशत है। कांग्रेस नेता ने कहा कि सत्ता में रहते हुए धरने पर बैठी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बेतुकी भाषणबाजी से समय मिले तो उन्हें 2014 से पहले भाजपा के उस विज्ञापन को फिर देखना चाहिए, जिसमें कहा गया था–बहुत हुई महंगाई की मार।

चुनाव आयोग फॉर्म 6, 7 और 8 में बदलाव नहीं कर सकता

दिल्ली एसआईआर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली में मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़ी कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि चुनाव आयोग फॉर्म 6, 7 और 8 में बदलाव नहीं कर सकता। कोर्ट ने सवाल उठाया कि जो लोग पहले से ही मतदाता सूची में शामिल हैं, उनसे अपना नाम फिर से दर्ज कराने के लिए फॉर्म 6 क्यों भरवाया जा रहा है? जबकि फॉर्म 6 नए मतदाताओं के लिए होता है। इस पीठ में जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना भी शामिल थे। जजों ने यह भी सवाल किया कि जब निकट भविष्य में राजधानी में कोई चुनाव नहीं होने वाला है, तो चुनाव आयोग 30 अक्टूबर की समय–सीमा (डेडलाइन) तय करने पर क्यों जोर दे रहा है? पीठ ने कहा, नामों को फिर से दर्ज कराने के लिए कोई अंतिम तारीख (कट–ऑफ डेट) तय न करें। जजों ने चुनाव आयोग से कहा है कि वह उन मतदाताओं के लिए कोई आसान समाधान निकाले, जो किन्हीं कारणों से अपना राजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा नहीं कर पाए थे। पीठ ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति, जिसका नाम पहले मतदाता सूची में था, अब उसमें नहीं है, तो उसे नए मतदाता मानने के बजाय उसकी स्थिति के हिसाब से कोई समाधान निकाला जाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि चुनाव आयोग को केवल इस बात का इंतजार नहीं करना चाहिए कि मतदाता खुद आवेदन जमा करें। इसके बजाय, उसे सीधे मतदाताओं तक पहुंचने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि आयोग फॉर्म–6 और फॉर्म–8 के जरिए आवेदन स्वीकार करने की प्रक्रिया जारी रखे और सबसे आसान समाधान अपनाए। आयोग ने आवेदन जमा करने की समय–सीमा बढ़ाने के लिए अपनी सहमति जताई है।



महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न का मामला

कोर्ट ने बृजभूषण शरण सिंह को बरी किए जाने के खिलाफ दायर अपील पर जवाब दाखिल करने का आखिरी मौका दिया



नयी दिल्ली, एजेंसी। राउज एवेन्यू कोर्ट ने बुधवार को बृजभूषण शरण सिंह को, उनके बरी होने के खिलाफ दायर अपील पर जवाब दाखिल करने का एक आखिरी मौका दिया। आरोपी के वकील ऑनलाइन पेश हुए और जवाब दाखिल करने के लिए एक हफ्ते का समय मांगा। महिला पहलवानों ने यौन उत्पीड़न के मामले में बृजभूषण शरण सिंह और विनोद तोमर को बरी किए जाने के फैसले को चुनौती दी है। 3 अगस्त को राउज एवेन्यू कोर्ट ने डब्लयूएफआई के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण और तत्कालीन सचिव विनोद तोमर को यौन उत्पीड़न के मामले से बरी कर दिया था। विशेष न्यायाधीश दिग विनय सिंह ने बचाव पक्ष के वकील की दलीलें सुनने के बाद जवाब दाखिल करने का आखिरी मौका दिया और मामले की अगली सुनवाई 20 नवंबर के लिए तय की। राज्य की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक (एपीपी) मनीष रावत पेश हुए। 28 सितंबर को राउज एवेन्यू कोर्ट ने बृजभूषण शरण सिंह और विनोद तोमर को नोटिस जारी किया था।कोर्ट ने निर्देश दिया था कि पीड़ितों के नाम वाले मूल हलफनामे और आदेशों को एक सीलबंद लिफाफे में रखा जाए। कोर्ट ने अपीलकर्ता को यह भी निर्देश दिया था कि वे याचिका की एक ऐसी प्रति दाखिल करें जिसमें पीड़ितों के नाम हटा दिए गए हों। पहलवानों ने बरी किए जाने के फैसले को चुनौती देते हुए तर्क दिया है कि यह कानूनी रूप से टिकने योग्य नहीं है और साक्ष्यों के पूरी तरह से गलत और चुनिंदा मूल्यांकन पर आधारित है। अपील में कहा गया है कि यह आदेश केवल अटकलों और अनुमानों पर आधारित है। इसमें कानून के स्थापित सिद्धांतों को लागू नहीं किया गया है। इसके अलावा, इसका तर्क यौन उत्पीड़न की शिकार महिलाओं के अपेक्षित व्यवहार के बारे में पुरानी और रूढ़िवादी धारणाओं पर टिका है, न कि पीड़ितों की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए साक्ष्यों के निष्पक्ष मूल्यांकन पर। यह मामला उस एफआईआर से जुड़ा है जिसे महिला पहलवानों ने तब दर्ज कराया था, जब बृजभूषण शरण सिंह भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्लयूएफआई) के प्रमुख थे। दिल्ली पुलिस ने आईपीसी की धारा 354, 354 डी, 354 ए, 506 (1) और 109 लगाई थी। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) अश्वनी पंवार ने बृजभूषण शरण सिंह और विनोद तोमर को बरी कर दिया।

आंध्र प्रदेश में अर्नब का कहर, तीन लोगों की मौत

अमरावती। चक्रवात अर्नब से आंध्र प्रदेश सबसे अधिक प्रभावित हुआ है और राज्य में तीन लोगों की मौत हो गई तथा 31 मकान क्षतिग्रस्त हो गए। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। एनडीआरएफ के महानिरीक्षक (आईजी) नरेन्द्र सिंह बुंदेला ने यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि केंद्र सरकार के साथ–साथ आंध्र प्रदेश और ओडिशा की आपदा राहत एवं बचाव टीमें बारिश से उत्पन्न होने वाली स्थिति से निपटने की तैयारी कर रही हैं। दोनों राज्यों और आसपास के इलाकों में बारिश जारी रहने की संभावना है। उन्होंने बताया कि चक्रवात पुडुचेरी के यनम के पास तट को पार कर गया है और कमजोर होकर अत्यंत भीषण चक्रवाती तूफान से भीषण चक्रवाती तूफान में बदल गया है। इसके धीरे–धीरे और कमजोर होकर पहले चक्रवाती तूफान और फिर शाम तक गहरे दबाव के क्षेत्र में बदलने का अनुमान है। बुंदेला ने कहा, चक्रवात अर्नब से आंध्र प्रदेश का उत्तरी हिस्सा और ओडिशा का दक्षिणी हिस्सा सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। दोनों राज्यों के कुछ जिलों में तेज हवाएं चल रही हैं और बारिश हो रही है। उन्होंने कहा, आंध्र प्रदेश सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। हमें जानकारी मिली है कि वहां पेड़ उखड़ गए हैं, विभिन्न प्रकार के 31 मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं और तीन लोगों की मौत हो गई है।श्श बुंदेला ने कहा, श्श्प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, ओडिशा में चक्रवात का कोई गंभीर असर नहीं पड़ा है। महानिरीक्षक ने बताया कि आंध्र प्रदेश और ओडिशा के अलावा पड़ोसी राज्यों छत्तीसगढ़, झारखंड, तेलंगाना तथा पुडुचेरी और अंडमान–निकोबार द्वीपसमूह में एनडीआरएफ की कुल 39 टीम तैनात की गई हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार रात एनडीआरएफ की चार अतिरिक्त टीम आंध्र प्रदेश भेजी गईं। बुंदेला ने कहा कि आंध्र प्रदेश में करीब 57,000 लोगों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया, जबकि मंगलवार रात यनम से 38 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, अत्यंत भीषण चक्रवाती तूफान श्अर्नबश्श मंगलवार देर रात दो बजे से बुधवार सुबह आठ बजे के बीच आंध्र प्रदेश और यनम के तटों को पार कर गया और कमजोर होकर भीषण चक्रवाती तूफान में बदल गया। मौसम विभाग ने एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा, चक्रवात ने 16.450 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 81.90 डिग्री पूर्वी देशांतर के पास यनम के दक्षिण–पश्चिम में आंध्र प्रदेश और यनम के तटों को पार किया। यह स्थान नरसापुर से लगभग 20 किलोमीटर पूर्व–उत्तर पूर्व, यनम से 40 किलोमीटर दक्षिण–पश्चिम और काकीनाडा से 60 किलोमीटर दक्षिण–पश्चिम में है।



संपादकीय

पराली की तपिश

यह विडंबना ही है कि जब देश की राजधानी में प्रदूषण की गंभीरता दिखायी देती है तो देश के नीति–नियंता पराली निस्तारण को लेकर बड़ी–बड़ी बातें करने लगते हैं। अभी कोई अंतिम वैज्ञानिक अध्ययन भी सामने नहीं आया है कि पंजाब या अन्य राज्यों में पराली जलाने की प्रदूषण में कितनी फीसदी भूमिका है। लेकिन एक बात तो तय है कि पराली निस्तारण के जो भी विकल्प दिए जाते हैं, वे समय के अनुरूप किसान की सुविधा व आर्थिकी के अनुरूप नहीं हैं। यदि ये उपाय कारगर होते तो पराली प्रबंधन पर खर्च किए जाने वाले हजारों करोड़ रुपयों पर एक छोटी–सी माचिस भारी न पड़ती। किसान अपने खेतों में पराली को बार–बार यदि आग के हवाले करते हैं तो उसके पीछे का कड़वा सच यह भी है कि धान के अवशेषों को वैज्ञानिक तरीके से नष्ट करने की तुलना में, पराली जला देना उसे सुविधाजनक, सस्ता तात्कालिक निस्तारण का विकल्प नजर आता है। निस्संदेह, जब तक आर्थिक रूप से लाभप्रद विकल्प किसान को नहीं दिया जाता, तब तक केवल सब्सिडी देने या दंडात्मक कार्रवाई करने के बहुत सीमित परिणाम ही सामने आएंगे। सूत्रों के अनुसार पंजाब में 15 सितंबर से 24 अक्तूबर के बीच खेतों में पराली जलाने की 574 घटनाएं दर्ज की गई हैं। यदि पिछले साल के आंकड़ों से इसकी तुलना करें तो इसी अवधि में 561 घटनाएं ही सामने आई थीं। आंकड़े बताते हैं कि इस साल 270 घटनाएं अकेले तरनतारन में और 144 घटनाएं अमृतसर के इलाके में सामने आई हैं। जो बताती हैं कि इन दोनों इलाकों में विशेष रूप से ध्यान देने और पराली जलाने से रोकने के लिये ठोस कदम उठाने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि पंजाब में अभी भी धान की फसल काटने का मौसम चल रहा है। यहां यह तथ्य उल्लेखनीय है कि इस साल पराली प्रबंधन के लिये 576 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। इसके अलावा सब्सिडी वाली लगभग 21,155 मशीनें उपलब्ध कराई गई थीं। दरअसल, सरकारी आर्थिक मदद के बावजूद किसानों को मशीनों को चलाने के खर्च, धान की कटाई और गेहूं की बुवाई के बीच बहुत कम समय समय मिलने और जरूरत के समय मशीनें न मिल पाने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि वैज्ञानिक तरीके से पराली प्रबंधन करने में प्रति एकड़ दो हजार से लेकर ढाई हजार रुपये तक खर्च आ सकता है। तभी आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे किसानों को पराली जलाना सबसे आसान विकल्प लगता है। हालांकि, शासन व प्रशासन ने पराली जलाने से रोकने के लिये सख्ती बढ़ा दी है। सूत्रों के अनुसार अब तक पराली जलाने के मामले में 113 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। इसके अलावा जमीन के रिकॉर्ड में 205 रेड एंट्री की गई हैं। साथ ही 11.4 लाख रुपये का पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने का आर्थिक दंड लगाया गया है। निस्संदेह, देश में व्याप्त पर्यावरण संकट के मद्देनजर ऐसी कार्रवाई करना भी जरूरी हो जाता है, क्योंकि खेतों में पराली जलाने से समाज को प्रदूषण के रूप में सेहत के लिये भारी कीमत चुकानी पड़ती है। हालांकि, केवल जुर्माना लगाने से व्यावहारिक विकल्पों की कमी पूरी नहीं हो सकती। साथ ही, साफ हवा बनाये रखने की पूरी कीमत अकेले किसानों को ही नहीं चुकानी चाहिए। दरअसल, प्राथमिकता यह रहे कि फसल अवशेषों का प्रबंधन सस्ता और सहज–सुलभ हो। इसके लिये पराली एकत्र करने और उसे ढोने के लिये जरूरी मशीनों यानी बेलर्स की कमी को भी दूर किया जाना चाहिए। किसानों को बायोमास पॉवर प्लांट, ईंट–भट्टों और अन्य उद्योगों से जोड़ने वाले भरोसेमंद बाजार उपलब्ध कराकर, कृषि अवशेषों को एक आर्थिक संसाधन में बदला जा सकता है। इसके साथ ही बिना आग लगाए पराली प्रबंधन करने वाले किसानों को प्रोत्साहन देने पर भी विचार किया जाना चाहिए। सही मायने में सफलता को इस आधार पर मापा जाना चाहिए कि कितने खेतों को बिना जलाये साफ किया गया, न कि इस आधार पर कि कितना पैसा खर्च हुआ। या फिर कितनी मशीनें बांटी गई।

वैश्विक राजनीति में बड़े उलटफेर

डॉ. दीपक पाचपोर

लूला को 51.76 प्रतिशत वोट मिले, जबकि पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के बेटे फ्लावियो बोल्सोनारो को 48.24 प्रतिशत वोट मिले।

वैश्विक राजनीति में दो ऐसे बड़े उलटफेर हुए हैं, जो सत्ता को अपनी तिजोरी में रखी संपत्ति समझने वाले नेताओं के लिए बड़ा सबक हैं। पहली घटना दक्षिण अमेरिकी देश ब्राजील की है, जहां वर्कर्स पार्टी के नेता लूला डि सिल्वा ने फिर से राष्ट्रपति चुनाव में महत्वपूर्ण जीत हासिल की है। दूसरी घटना सर्बिया की है, जहां राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक की सर्बियन प्रोग्रेसिव पार्टी (एसएनएस) को स्टूडेंट लिस्ट ने हरा दिया है। इन दोनों देशों के इस राजनैतिक घटनाक्रम को अमेरिका के लिए बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका की दखलंदाजी की परंपरा को बरकरार रखते हुए अपनी पसंद की सरकारें यहां बनवाना चाहते थे। ब्राजील में लूला डि सिल्वा की जीत न केवल राजनैतिक बल्कि पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी अहम है। यहां दक्षिणपंथी शासन में बड़ी तेजी से अमेजन के जंगलों का सफाया किया गया, लेकिन लूला के सत्ता में रहने से उम्मीद बंधी है कि अमेजन के जंगल कम से कम अब कुछ और वक्त तक बचे रहेंगे। क्योंकि उद्योगपतियों की गिद्ध दृष्टि यहां लगातार बनी हुई है। वैसे लूला डि सिल्वा ने अपने दक्षिणपंथी प्रतिद्वंद्वी और लिबरल पार्टी के नेता फ्लावियो बोल्सोनारो को मामूली अंतर से हराया है। लूला को 51.76 प्रतिशत वोट मिले, जबकि पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के बेटे फ्लावियो बोल्सोनारो को 48.24 प्रतिशत वोट मिले। बोल्सोनारो के वक्त ही बड़ी तेजी से अमेजन के जंगल काट दिए गए थे और जंगलों में आग लगने की भी कई घटनाएं हुईं। लूला की जीत कई चुनावी सर्वे के अनुमानों के उलट रही, क्योंकि तमाम सर्वे बोल्सोनारो को बढ़त दे रहे थे। अक्टूबर के शुरु में पहले दौर के मतदान में फ्लावियो बोल्सोनारो ने लगभग दो प्रतिशत अंकों की बढ़त हासिल की थी। लेकिन फिर दूसरे दौर में लूला ने उन्हें मात दे दी। यह परिणाम भी संभव नहीं होते, अगर सुप्रीम कोर्ट के एक जज ने मतदान केंद्रों के बंद होने का निर्धारित समय करीब आने पर मतदान की अवधि दो घंटे बढ़ाने का आदेश न दिया होता। ब्राजील के कई नागरिक मतदान केंद्रों तक पहुंचने के लिए सार्वजनिक परिवहन पर निर्भर हैं और लूला के संगठन ने शिकायत की थी कि बहुत सी जगहों पर सार्वजनिक परिवहन में व्यवधान आया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस शिकायत का संज्ञान लिया और ऐसा फैसला दिया, जिससे जनता की जीत हुई। हालांकि हार के बाद फ्लावियो बोल्सोनारो ने नतीजों को मानने से मना कर दिया है, ठीक ऐसे ही 2022 में जाएर बोल्सोनारो ने भी चुनाव में अपनी हार स्वीकार करने से इंकार कर दिया था। और यही काम ट्रंप ने जो बाइडेन की जीत के बाद किया था। हालांकि एक ही पैंतरा बार–बार काम नहीं करता। लिहाजा तय है कि अब ब्राजील में वामपंथी नेता का शासन रहेगा। लूला इससे पहले 2003 से 2010 तक राष्ट्रपति रह चुके हैं, फिर चार साल पहले उन्होंने तीसरी बार राष्ट्रपति पद हासिल किया था और अब चौथे कार्यकाल के लिए जनादेश उन्होंने हासिल कर लिया है। हालांकि इस बार का कार्यकाल पहले के मुकाबले ज्यादा चुनौतीपूर्ण रहेगा, क्योंकि दक्षिण अमेरिकी देशों में ट्रंप अपनी पिट्ठू सरकारें बनवाना चाहते हैं। वेनेजुएला में जिस तरह निकोलस मादुरो को अगवा कर ट्रंप ने अपनी मर्जी की सरकार बनाई है, यह दुनिया देख रही है। ट्रंप ने फ्लावियो बोल्सोनारो का सीधे तौर पर समर्थन नहीं किया था, लेकिन कोलंबिया और होंडुरास में राष्ट्रपति चुनाव जीतने वाले दक्षिणपंथी उम्मीदवारों का समर्थन किया था। इधर फ्लावियो बोल्सोनारो ने तो पहले ही ब्राजील को अमेरिका के और कघ्रीब लाने का वादा किया था। जबकि लूला ने अमेरिका को चुनाव में हस्तक्षेप न करने की चेतावनी दी थी। उन्होंने जोर देकर कहा था कि ब्राजील श्कभी भी किसी का पिछलग्गू नहीं बनेगाश्। लूला के ऐसे ही तेवर ट्रंप को चुभते हैं। पिछले साल से अमेरिका ने ब्राजील पर व्यापार शुल्क और अन्य प्रतिबंध लगाए हैं ताकि लूला डि सिल्वा को सरकार चलाने में दिक्कत आए। लेकिन लूला अमेरिका के आगे नहीं झुके। ब्राजील तेल के समृद्ध भंडार वाला देश है और यहां रेयर अर्थ मिनरल्स का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा भंडार मौजूद है। इसलिए जाहिर तौर पर ट्रंप की दिलचस्पी इसी में थी कि ब्राजील में भी अमेरिका की जी हुजूरी करने वाली सरकार बने। इधर सर्बिया में भी जनता की ताकत देखने मिली। करीब दो साल से भ्रष्टाचार और सरकार की जवाबदेही के खिलाफ आंदोलन कर रहे छात्रों के समर्थन वाली श्स्टूडेंट लिस्ट्यश ने संसदीय चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। देश के लंबे समय से प्रभावशाली नेता अलेक्जेंडर वुसिक ने चुनाव में हार स्वीकार कर ली है। गौरतलब है कि सर्बिया में नवंबर 2024 में छात्र आंदोलन की शुरुआत हुई थी। तब उत्तरी शहर नोवी साद के रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार पर बना कांक्रीट का छज्जा ढह गया था, जिसमें 16 लोगों की मौत हो गई थी। इस हादसे ने सरकारी जवाबदेही, निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार और सुरक्षा मानकों को लेकर जनता में आक्रोश पैदा कर दिया था। छात्रों ने हादसे की जिम्मेदारी तय करने, भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कराने और राजनीतिक व्यवस्था में बदलाव की मांग की थी और फिर विश्वविद्यालयों से शुरू हुआ आंदोलन देशव्यापी विरोध प्रदर्शन में बदल गया। छात्रों के अलावा आम नागरिकों और सरकार के आलोचकों ने भी आंदोलनों में हिस्सा लिया। वुसिक सरकार पर जवाबदेही से बचने और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने के आरोप लगते रहे, जिसे वुसिक और उनकी पार्टी ने खारिज किया।

इजरायल का चुनाव : सत्ता कगार पर

असद मिर्जा

इजरायल में 27 अक्टूबर का मतदान तीन साल के युद्ध के बाद नेतृत्व पर जनमत–संग्रह है, लेकिन इसके नतीजे मतपत्र से कहीं आगे तक जाते हैंरू गाजा के भविष्य से लेकर ईरान, वाशिंगटन और क्षेत्रीय स्थिरता तक। बेंजामिन नेतन्याहू की राजनीतिक ताकत एक सशक्त तर्क पर टिकी है रू इजरायल अस्तित्व के खतरों का सामना कर रहा है और केवल उनके पास इनसे निपटने का अनुभव और संकल्प है। वे गाजा, लेबनान और ईरान से जुड़े युद्धों को इस बात का सबूत बताते हैं कि उनकी सरकार ने इजरायल के विरोधियों को कमजोर किया है। जिन मतदाताओं की सबसे बड़ी चिंता सुरक्षा है, उनके लिए यह रिकॉर्ड 7 अक्टूबर 2023 की सुरक्षा विफलता पर गुस्से से भारी पड़ सकता है। फिर भी वही हमला उनकी सबसे गंभीर कमजोरी है। उसने उनके कार्यकाल में एक भयावह विफलता उजागर की, और उन्होंने राजकीय जांच आयोग की मांगों का विरोध किया है। उनके विरोधियों का कहना है कि जवाबदेही को अनिश्चितकाल तक टाला नहीं जा सकता, और प्रधानमंत्री के निजी तथा राजनीतिक हितों ने युद्ध संबंधी फैसलों को विकृत किया है। अंतिम सर्वेक्षण स्पष्ट जनादेश नहीं, बल्कि कड़े मुकाबले का संकेत देते हैं। गादी आइजनकोट की पार्टी यशर कई सर्वेक्षणों में लिकुड से आगे रही है, पर न विपक्ष और न नेतन्याहू का गुट सरकार बनाने के लिए जरूरी 61 सीटों के करीब दिखता है। इजरायल की आनुपातिक प्रणाली नतीजे को गठबंधन की पहेली बना देती हैरू 3.25 प्रतिशत की चुनावी सीमा के आसपास मंडराती छोटी पार्टियां तय कर सकती हैं कि किस गुट को बेहतर मौका मिलेगा। विपक्ष की नाममात्र की बढ़त भी सत्ता में बदले, यह जरूरी नहीं। नेतन्याहू का भरोसेमंद दक्षिणपंथी आधार कायम है, जबकि 7 अक्टूबर से उग्र हुए कुछ मतदाता विपक्ष की ओर जाने के बजाय और दाईं ओर जा सकते हैं। उनके अभियान का संदेश श्आत्मसमर्पण नहींश जनता के असली डर को संबोधित करता है और उन मतदाताओं को आकर्षित करता है जो मानते हैं कि सैन्य दबाव ही वह एकमात्र भाषा है जिसे इजरायल के दुश्मन समझते हैं। विपक्ष की ऊर्जा किसी एक नीतिगत घोषणापत्र से नहीं, बल्कि शिकायतों के संगम से आती है। प्रदर्शनकारियों ने 7 अक्टूबर की जांच की मांग की, युद्ध के संचालन की आलोचना की, और उन बातों का विरोध किया जिन्हें वे लोकतांत्रिक संस्थाओं के लिए खतरा मानते हैं, जिनमें न्यायिक शक्ति घटाने की कोशिशें शामिल हैं। अति–रूढ़िवादी पुरुषों को सैन्य भर्ती से छूट एक और विवाद हैरू कई इजरायली इस बात से नाराज हैं कि सैन्य और आर्थिक बोझ बराबर नहीं बंटता। आइजनकोट ने भर्ती पर अदालती फैसले लागू करने और जांच कराने का वादा किया है, जिससे असंतोष को सैन्य साख वाला उम्मीदवार मिला है। आइजनकोट की निजी छवि मायने रखती है। पूर्व सेना प्रमुख के रूप में उन्होंने खुद को संयमित, अपेक्षाकृत सादे विकल्प के रूप में पेश किया है, जो सुरक्षा को समझता है पर नेतन्याहू की राजनीतिक शैली से जुड़ा नहीं है। गाजा युद्ध में उनके परिवार की क्षति उन मतदाताओं के लिए उनकी विश्वसनीयता और गहरी करती है जो खतरों से अनजान कहलाए बिना नई दिशा चाहते हैं। लेकिन बदलाव एक तय कार्यक्रम से ज्यादा व्यापक नारा है। विपक्ष ने उत्तराधिकारी पर सहमति नहीं बनाई है, और उसकी पार्टियां इस पर असहमत हैं कि अरब दलों के साथ सहयोग किया जाए या नहीं, जिनका समर्थन बहुमत के लिए निर्णायक हो सकता है। न ही जीत से फिलिस्तीनियों के मामले में तीखे बदलाव का वादा मिलता हैरू प्रमुख यहूदी विपक्षी नेता पूर्ण फिलिस्तीनी राज्य को खारिज करते हैं, और आइजनकोट ने भविष्य की व्यवस्था को इजरायली सुरक्षा नियंत्रण के तहत स्वायत्तता बताया है। यह गुट देश की मंजिल पर एकमत होने से ज्यादा नेतन्याहू के विरुद्ध एकजुट है। गाजा के फिलिस्तीनियों के लिए चुनाव अहम है, लेकिन केवल सरकार बदलने से जल्द राहत की उम्मीद कम है। नेतन्याहू ने फिलिस्तीनी राज्य को नकारा है और युद्ध को हमास को हराने के लिए जरूरी बताया है। उधर आइजनकोट ने कहा है कि हमास का शासन 18 महीनों में खत्म होना चाहिए, अमेरिकी नेतृत्व वाली योजना या सैन्य साधनों से। दोनों खेमे तरीके और राजनीतिक लहजे में अलग हैं, पर किसी ने फिलिस्तीनी संप्रभुता का स्पष्ट रास्ता नहीं दिखाया। नेतन्याहू की जीत शायद दक्षिणपंथी गठबंधन सहयोगियों का प्रभाव बढ़ाएगी, जो निरंतर सैन्य नियंत्रण और बस्तियों के विस्तार के पक्षधर हैं। इससे वार्ताधारित राजनीतिक समाधान की गुंजाइश घट सकती है और फिलिस्तीनियों में और विस्थापन तथा बेदखली का डर गहरा सकता है। विपक्ष की जीत पश्चिमी तट में बसने वालों की हिंसा पर अधिक संयम और क्षेत्रीय पहलों के प्रति अधिक कूटनीतिक रुख ला सकती है पर गाजा की पीड़ा अपने आप उस सरकार की प्राथमिकता नहीं बनेगी जिसके मतदाता मुख्यतरू सुरक्षा को, फिलिस्तीनी राज्य को नहीं, केंद्रीय प्रश्न मानते हैं। ईरान सचमुच एक रणनीतिक चिंता भी है और शक्तिशाली चुनावी मुद्दा भी। नेतन्याहू ने मतदान के आसपास ईरानी या उसके सहयोगी समूहों के संभावित हमलों की चेतावनी दी है और ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने का संकल्प लिया है। उनकी बयानबाजी तेजी से उग्र हुईरू उन्होंने तेल अवीव पर परमाणु विस्फोट की एआई–निर्मित तस्वीर पोस्ट की और यदि मतदाता उन्हें ठुकराते हैं तो दूसरे होलोकॉस्ट के खतरे का जिक्र किया। नेतन्याहू और आईडीएफ प्रमुख एयाल जमीर के बीच तनाव की खबरों ने चिंता बढ़ाई। इजरायली मीडिया ने गुमनाम सूत्रों के हवाले से बताया कि जमीर ने एक अनिर्दिष्ट सैन्य कार्रवाई के लिए, जो ईरान से टकराव भड़का सकती है, अधिक विचार–विमर्श तथा लिखित कानूनी अनुमति मांगी। रिपोर्टों से यह साबित नहीं हुआ कि हमले का आदेश दिया गया या हमला निकट हैय नेतन्याहू ने इस बयान को बकवास कहकर खारिज किया। सैन्य प्रमुख के हवाले से यह भी कहा गया कि चुनाव से पहले ईरान पर हमले की कोई परिचालन जरूरत नहीं है। अगले दो दिनों में इजरायली हमले की संभावना को रिपोर्टों के आधार पर जिम्मेदारी से आंका नहीं जा सकता। समय स्पष्ट रूप से संवेदनशील हैरू हमला जवाबी कार्रवाई भड़का सकता है, मतदान बाधित कर सकता है या मौजूदा नेता के सुरक्षा कथानक को मजबूत कर सकता है, जबकि सोचा–समझा ठहराव तनाव का जोखिम घटा सकता है। जोखिम वास्तविक हैय निश्चितता नहीं। अमेरिकी रुख असामान्य रूप से दृश्यमान है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुलकर नेतन्याहू का समर्थन किया और इजरायलियों से उन्हें वोट देने का आग्रह किया, जो निकटता दिखाता है पर चुनाव को अमेरिकी राजनीति से उलझा दिखाने का जोखिम भी रखता है साथ ही, व्हाइट हाउस अधिकारियों के नेतन्याहू की परमाणु–विस्फोट वाली पोस्ट से चिंतित होने की खबरें बताती हैं कि वाशिंगटन को केवल हर चुनावी चाल से तालमेल नहीं, बल्कि तनाव और गलतफहमी की भी चिंता है। अमेरिका शायद परिचित नेता के साथ निरंतरता पसंद करे, पर उसके पास एक और क्षेत्रीय संघर्ष में घिरने से बचने का कारण भी है। नेतन्याहू की जीत शायद ईरान के प्रति टकराव वाला रुख और फिलिस्तीनी राज्य पर मौजूदा कठोर रेखा कायम रखेगी। विपक्ष के नेतृत्व वाली सरकार लहजा बदलकर और बसने वालों की हिंसा पर अधिक दृढ़ता से कार्रवाई कर वाशिंगटन, यूरोपीय देशों और अरब पड़ोसियों से इजरायल के संबंध सुधार सकती है पर विश्लेषक विदेश नीति में तेज पलटाव की संभावना सीमित देखते हैं, इजरायली आम सहमति ईरान पर सख्त और संप्रभु फिलिस्तीनी राज्य की विरोधी बनी हुई है। व्यापक खतरा किसी एक चुनावी रात के फैसले से ज्यादा एक शृंखला–प्रतिक्रिया हैरू नाजुक गठबंधन, विवादित वैधता, ईरान संकट और गाजा में जारी तबाही।

भागवत का ज्ञानेश पुराण!

राजेंद्र शर्मा

क्या संघ–भाजपा ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को बचाने के लिए, देश की जनता के खिलाफ, भारतीय जनतंत्र के खिलाफ और संविधान के खिलाफ बाकायदा युद्घ छेड़ने का फैसला कर लिया है। ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग की जनतंत्र को ही ध्वस्त करने वाली करतूतों के खिलाफ राजधानी दिल्ली समेत देश भर में पिछले करीब महीने भर में सामने आए जनता के विक्षोभ और एक ओर राजनीतिक विपक्ष तो दूसरी ओर युवाओं, मजदूरों, किसानों, मध्यवर्गीय पेशेवरों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्घिजीवियों आदि के लगातार फैलते आंदोलन के सामने, मोदी–शाह की सरकार के साथ–साथ संघ–भाजपा जोड़ी के शीर्ष ने जो टकराव की मुद्रा अपनायी है, उससे उसके युद्घ के लिए सन्नद्घ होने का ही पता चलता है। यह संयोग ही नहीं है कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने, विजयदशमी के अपने परंपरागत संबोधन में एक तरह से इस युद्घ ऐलान किया है। इस ऐलान को यह तथ्य और भी अनिष्टकर अर्थ दे रहा था कि आरएसएस, विजयदशमी को अपना स्थापना दिवस मानता है और इस अवसर पर एक ओर अगर संघ प्रमुख का श्मार्गदर्शकश संबोधन होता है, तो दूसरी ओर शस्त्र पूजा का आयोजन किया जाता है। इस बार का विजयदशमी आयोजन इसलिए और भी खास था कि इसके साथ, देश–विदेश में हुए आरएसएस के शताब्दी वर्ष आयोजनों का समापन हो रहा था। इस तरह, संघ के एक सौ एक वें वर्ष में प्रवेश के मौके को संघ प्रमुख ने इस युद्घ की घोषणा करने के लिए चुना है, इससे इस घोषणा की मारकता और बढ़ जाती है। संघ प्रमुख ने वोट चोरी से लेकर चुनाव की ही चोरी तक के असंख्य रहस्योद्घाटनों की ओर एक नजर तक डालना गवारा नहीं किया, जो गोदी मीडिया के जरिए मुख्यधारा के लगभग समूचे मीडिया की लंबी चुप्पी के बावजूद, देश में ही नहीं विदेश तक, भारतीय जनतंत्र पर वास्तविक चिंताएं पैदा कर रहे हैं। संघ प्रमुख ने यह सुनने के बजाय अपने कान बंद ही कर लिए कि सड़कों पर उतर रहे प्रदर्शनकारी, श्वोट के अधिकार को बचाने की मांग कर रहे थे, जोकि जनतंत्र की बुनियादी इकाई है, वह ईंट है जिससे जनतंत्र की इमारत खड़ी होती है और संघ प्रमुख की जुबान से इसकी सराहना का एक शब्द तक नहीं निकला कि तिरंगा ओढ़ कर सबसे बढ़कर युवा पीढ़ी ही आज जनतंत्र को बचाने की चिंता से संचालित होकर, सड़कों पर उतर रही है। जंतर मंतर–1 के फौरन बाद, भागवत ने संघ–भाजपा के राजनीतिक नुकसान को कम करने की सचेत कोशिश में, जेन जी को पटाने के लिए जो कुछ अच्छी–अच्छी बातें कही थीं, उनसे भ्रमित हुए सहज–विश्वासी लोगों को जरूर, जंतर मंतर–1 और जंतर मंतर–2 के बीच, छः महीने से भी कम में भागवत की इस पल्टी पर हैरानी होगी। लेकिन, वास्तव में इसमें हैरानी की कोई बात है नहीं। छरू महीने पहले का भागवत का श्जेन जी प्रेमश्य भी, देश की सत्ता पर संघ–भाजपा की पकड़ को मजबूती देने के लिए था और अब उसी सत्ता के दमनचक्र के लिए तर्क जुटाने के लिए भागवत जेन जी के हरकत में आने को श्भारतविरोधी ताकतों के षड्यंत्रश का हिस्सा बताने से नहीं हिचकते हैं। बिना नाम लिए किंतु स्पष्टतः चुनाव की शुचिता सुनिश्चित करने के लिए जारी वर्तमान आंदोलन को देश के लिए ही खतरा बताते हुए संघ प्रमुख कहते हैं, परंतु जब...आंदोलन राजनीति का साधन बन जाता है, किसी व्यक्ति, समूह या विचार के प्रति विरोधी शत्रुभाव लेकर चलता है, तब इसका लाभ भारत को दबाना चाहने वाली शक्तियां लेती हैं। इससे पहले, संघ प्रमुख आंदोलनों के लिए इसका उपदेश तो करते ही हैं कि, परंतु आंदोलन समाधान देने के लिए होने चाहिएश और यह भी कि भावनाएं तीव्र होने पर भी हमारे संविधान कानून की मर्यादा में, बोलचाल चलन के भद्र व्यवहार के संकेतों की मर्यादा में हमारी कृतियां हों, यह ध्यान रखना चाहिए। वोट, सस्ती लोकप्रियता अथवा राजनीतिक लाभ का लोभ, हमारे विवेक और सदभावना पर हावी न हो, यह चिंता करनी ही पड़ेगी। इससे आगे जाकर वह एक ओर तो वर्तमान संघ–भाजपा शासन को देश के सामने मौजूद समस्याओं के लिए जवाबदेही से बरी करते हुए कहते हैं कि, समाज की सब समस्याएं शासन ही सुलझा सकता है...ऐसा भी अनुभव नहीं है।श दूसरी ओर, आंदोलन मात्र की सार्थकता को ही नकारते हुए वह दावा करते हैं, आंदोलनों से ही समस्याएं सुलझती हैं, ऐसा भी अनुभव नहीं है।श भागवत क्या कहना चाहते हैंकृशासन समस्याएं सुलझाएगा नहीं, आंदोलन से समस्याएं सुलझेंगी नहींय लोगों को जो है उसे नियति मानकर हाथ पर हाथ रखकर बैठे रहना चाहिए। बेशक, संघ–भाजपा की सत्ता को बचाने के लिए जनता के लिए भागवत की यही सलाह है। लेकिन, भागवत संघ–भाजपा के राज के संदर्भ में देशवासियों को निष्क्रियता का संदेश देने तक ही नहीं रहते हैं। इससे आगे बढ़कर वह मौजूदा शासन के पक्ष में युद्घ का आह्वान भी करते हैं। और ऐसा करते हैं, मौजूदा निजाम के तमाम विरोध को एक कल्पित श्भारत–विरोधी षड्यंत्र का हिस्सा बताने के जरिए। पिछले दशकों में भारत ने स्वयं की शक्ति तथा सुनीति के कारण विश्व में धीरे–धीरे अपना स्थान बनाया है। भारत के समाज का पुरुषार्थ, सुदृढ़ नीतियां, नेतृत्व, देशाभिमान तथा विश्व के प्रति अपने दायित्व के बोध की जागृति के कारण सभी क्षेत्रों में यशस्वी हो रहा है। भारत की इस प्रकार की प्रगति के कारण विश्व के राष्ट्रों में अराजकता खड़ी कर अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए सहायक हो सकने वाले अपने पिट्ठुओं को वहां स्थापित करने का षड्यंत्र करने वाली ताकतों के खेल बंद होंगे। इस वस्तुस्थिति को ये आसुरी ताकतें जानती हैं। इसलिए, भारत ही उनका निर्णायक व सबसे बलवान प्रतिस्पर्द्घी और अंतिम एवं सर्वाधिक महत्वपूर्ण लक्ष्य है। भारत, हिंदू व संघ को किस प्रकार तोड़ सकते (डिसमेंटलिंग) हैं, इसका विचार कर, योजना बनाकर वे कार्य करती हैं। उन्हीं की प्रकृति के कुछ लोग इसमें उन्हें सहायता के लिए मिल जाते हैं।

डॉ. मान सिंह की जीत पर लालगोपालगंज में जश्न

प्रातःकाल एक्सप्रेस

लालगोपालगंज। समाजवादी पार्टी के एमएलसी प्रत्याशी डॉ. मान सिंह की शानदार जीत की खबर मिलते ही स्थानीय कस्बा



में समर्थकों व पार्टी के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। पूर्व चेयरमैन एसएस कुद्दूसी की अगुवाई में जीत का जश्न मनाया गया। वहीं सपा नगर अध्यक्ष इम्तियाज अंसारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सपाई हनुमान चौराहे पर इकट्ठा हुए। कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की तथा एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। इस दौरान डा. इमरान खान, फैजुस्सलाम, जफरूस्सलाम कुद्दूसी, मोहम्मद आलम फारूकी, रोशन कलीम, मुमताज अली, साजिद नेहाल, शांतिलाल पटेल, संगमलाल मौर्य, इरशाद अंसारी, बसंतलाल, वसीम अहमद आदि रहे।

मान सिंह अध्यक्ष, जंग बहादुर महामंत्री

निर्विरोध निर्वाचित हुए 15 कार्यकारिणी सदस्य

उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद् कर्णिक संघ का चुनाव संपन्न

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् कर्णिक संघ निर्वाचन–2026 की मतगणना बोर्ड मुख्यालय, प्रयागराज में आज सम्पन्न हुई।

प्रान्तीय पदों के अन्तर्गत प्रान्तीय अध्यक्ष मान सिंह 285 मतों के साथ विजयी घोषित हुए जबकि अन्य प्रत्याशी अभिषेक त्रिपाठी को 132 मत तथा गोपाल दास खरवार को 54 मत प्राप्त हुए। प्रान्तीय महामंत्री पद पर जंग बहादुर 233 मत प्राप्त कर विजयी रहे जबकि राजेश कुमार पाल 225 मत प्राप्त किया।



उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् कर्णिक संघ प्रयागराज के उपाध्यक्ष पद (02 पद) पर अशोक कुमार सरोज एवं अरविन्द कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए। मंत्री पद पर हरिओम मौर्या (129 मत) विजयी रहे। सयुक्त मंत्री के 02 पदों पर चुनाव में प्रतिभाग करने वाले तीनों प्रत्याशियों आदेश कुमार पाल, धर्मेन्द्र कुमार एवं कुलदीप पाण्डेय को 105 – 105 मत प्राप्त हुए। मतों की संख्या समान होने की स्थिति में पर्ची निकालकर मतदान परिणाम घोषित किया गया जिसमें धर्मेन्द्र कुमार और आदेश कुमार पाल विजयी रहे।

कोषाध्यक्ष पद आत्म प्रकाश निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। निर्विरोध निर्वाचित हुए 15 कार्यकारिणी सदस्यों में राकेश कुमार केशरवानी, बृजनन्दन, श्री अमरेन्द्र सिंह, योगेन्द्र कुमार पाल, श्रीमती शालिनी जायसवाल, कु मधु कपड़िया, रमेश चन्द्र, ब्रह्म प्रकाश सिंह, सुदीप चौधरी, सुशील कुमार कुशवाहा, अंकित कुशवाहा, संजय कुमार, राम मिलन भारतीय, असलम अली एवं मनीष कुमार शुक्ला हैं। निर्वाचन प्रक्रिया का संपादन मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार राय (वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी), प्रमोद कुमार वर्मा (प्रशासनिक अधिकारी) और केके यादव (प्रशासनिक अधिकारी) के नेतृत्व में हुआ।

एमआईसी ए को हराकर रेलगांव क्लब बना चैंपियन

सैयद असद कासिम अंडर–16 क्रिकेट प्रतियोगिता

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। रेल गांव क्लब ने एमआईसी ए को आठ विकेट से हराकर सैयद असद कासिम स्मृति अंडर–16 क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया।

मजीदिया इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान पर बुधवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में एमआईसी ए ने 18 ओवर में 57 रन (नितीश कुमार 15, रेहान खान नाबाद 12, रेहान वहाजत 4/12, आयुष्मान वर्मा 3/13, मोहम्मद अकसम अली 2/10) बनाये। जवाब में रेलगांव क्लब ने 8.4 ओवर में दो विकेट पर 58 रन (हर्षित जी सहाय नाबाद 37, मोहम्मद अकसम अली 19, नीतीश कुमार 1/08, अंश सिंह 1/13) बना लिए।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीके नारायण (पूर्व अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग) एवं विशिष्ट अतिथि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विपिन चंद्र दीक्षित व उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रियल ट्रिब्यूनल के सेवानिवृत्त रजिस्ट्रार मोहम्मद अशरफ ने पुरस्कार वितरित किए।



रेहान वजाहत को मैन ऑफ द मैच एवं बेस्ट बॉलर, शादान अब्बास रिजवी को बेस्ट बैटर, सूरज चौहान को बेस्ट फील्डर और जैदी क्लब ए के हर्षित तिवारी को मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। समारोह में यूपी अंडर–19 महिला क्रिकेट टीम की कोच शेफाली साहू को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के संरक्षक गौहर काजमी, अध्यक्ष शाहीन काजमी, उपाध्यक्ष लियाकत अली, महासचिव शाहिद अस्करी ने अतिथियों का स्वागत एवं आयोजन सचिव शमशाद अहमद ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन अरशद अल्वी ने किया। इस मौके पर पूर्व रणजी क्रिकेटर अमीर खान, असलम अली, मसूद खान, जावेद खान, गिरधारी मिश्र, देवेश मिश्र, परवेज आलम, इम्तियाज करीम, संतोष कुमार यादव, शमशेर अली, अकील अब्बास रिजवी, एम. नकवी, जावेद अहमद, दानिश अली, अंजुम परवेज, जुल नूरैन, शाहबाज अली आदि मौजूद रहे। मैच में शिशिर मल्होत्रा एवं राहुल सिंह ने अंपायरिंग और खुर्शीद अहमद व मोहम्मद नबी ने स्कोरिंग की।

बेसिक शिक्षा की भर्ती में छूट, आवेदन की तिथि बढ़ी

आयोग अध्यक्ष डा प्रशांत कुमार ने जारी किया निर्देश
सम्बद्ध प्राइमरी सहायक अध्यापक भर्ती में विशेष शिक्षा डिप्लोमा व बीएलएड भी शामिल
ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 4 नवंबर तक बढ़ी, 7 नवंबर तक कर सकेंगे आवेदन में संशोधन
लिखित परीक्षा की तिथियों में बदलाव नहीं, 3 – 4 दिसंबर को होगी परीक्षा- अध्यक्ष डा प्रशांत कुमार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्राथमिक शहरी (न्तइंद) तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के सम्बद्ध प्राइमरी प्रभाग में सहायक अध्यापक पद पर भर्ती (विज्ञापन संख्या– 05/2026) की निर्धारित शैक्षिक अर्हताओं में आज महत्वपूर्ण संशोधन किया है। उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के आदेश तथा शासन के अनुमोदन के क्रम में अब सम्बद्ध प्राइमरी सहायक अध्यापक पद के लिए विशेष शिक्षा में डिप्लोमा तथा बी.एल.एड. उपाधिधारकों को भी औपचारिक रूप से शामिल कर लिया गया है।

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने आज बताया है कि उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा याचिका संख्या (तपज–। छव.–16588 व 2026) में 24 अक्टूबर 2026 को पारित आदेश एवं उत्तर प्रदेश शासन के माध्यमिक शिक्षा के पत्र के अनुपालन में यह निर्णय लिया गया है। इसके तहत सहायक अध्यापक (सम्बद्ध प्राइमरी) पद की मान्य अर्हताओं में भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा अनुमोदित शिक्षा शास्त्र में द्विवर्षीय डिप्लोमा (विशेष शिक्षा) तथा 04 वर्षीय प्रारम्भिक शिक्षा शास्त्र में स्नातक (बी–एल–एड) नामक दो योग्यताओं को सम्मिलित किया गया है।

चयन आयोग के उप सचिव संजय कुमार सिंह ने बताया कि अर्हताओं के विस्तार के फलस्वरूप इन दोनों योग्यताओं के आधार पर आवेदन करने वाले इच्छुक अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आवेदन की तिथियों को आगे बढ़ाया गया है। विज्ञापन संख्या– 05/2026 के अंतर्गत सहायक अध्यापक (सम्बद्ध प्राइमरी) पद हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि, जो पूर्व में 28 अक्टूबर 2026 निर्धारित थी, उसे एक सप्ताह के लिए विस्तारित करते हुए अब 04 नवम्बर 2026 कर दिया गया



है। इसके अतिरिक्त, अभ्यर्थियों को अपने भरे हुए ऑनलाइन आवेदन–पत्र में त्रुटि सुधारध्संशोधन करने के लिए 07 नवम्बर 2026 तक का अवसर प्रदान किया गया है। लिखित परीक्षा के पूर्व घोषित कार्यक्रम में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया है। विज्ञापन से संबंधित लिखित परीक्षा अपनी पूर्व निर्धारित तिथियों 03 एवं 04 दिसम्बर 2026 को ही प्रदेश के निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर सकुशल संपन्न कराई जाएगी।

वरिष्ठता सूची, प्रोन्नति प्रक्रिया में फंसे 90 हजार शिक्षक

कई जिलों में विभाग प्राथमिक सूचनाएं एकत्र कर रहा
पदोन्नति में टीईटी की अनिवार्यता से शिक्षकों में नाराजगी
सात नवंबर तक हर हाल में पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी करना है : सचिव सुरेन्द्र तिवारी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। प्रदेश के बेसिक शिक्षा के स्कूलों में तैनात 90 शिक्षकों की प्रोन्नति प्रक्रिया सात कई वर्षों से लंबित है जिससे कि उनको जहां पदोन्नति का नुकसान हो रहा है वही आर्थिक रूप से भी, मामले को लेकर विभाग के अफसर गंभीर नही है। पदोन्नति की सूची नवंबर तक पूरी करने का निर्देश है। सभी जिलों में 23 अक्टूबर तक वरिष्ठता सूची प्रकाशित कर उनपर आपत्ति मांगने और उनके समाधान के लिए भी निर्देश जारी हुआ थे लेकिन मामला आज–कल में फंसा है।

प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़ सहित कई जिलों में अब तक वरिष्ठता सूची नहीं जारी की गई है। ऐसे में शिक्षक सशंकित हैं कि प्रोन्नति प्रक्रिया को लटकाने का प्रयास हो रहा है। बेसिक शिक्षा परिषद के निर्देश के क्रम में अधिकांश जिलों में विकास खंडवार वरिष्ठता निर्धारण की प्रक्रिया चल रही है। प्राथमिक विद्यालयों के सहायक अध्यापकों, प्रधानाध्यापकों और जूनियर हाईस्कूल के सहायक अध्यापकों से अलग – अलग निर्धारित प्रारूपों पर उनकी नियुक्ति से जुड़ी विस्तृत सूचनाएं मांगी जा रही हैं लेकिन कोई कार्रवाई नही हो रही है।

विभागीय कार्यशैली का हाल यह है कि वरिष्ठता सूची तैयार करने में ही कई तरह के पेच फंस रहे हैं। पदोन्नति के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य किए जाने को लेकर भी शिक्षकों में नाराजगी है। इसे लेकर शिक्षक नेताओं का

प्रतिनिधि मंडल बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सहित अन्य विभागीय अफसरों से मिल चुका है। प्राथमिक विद्यालयों में 2010 में नियुक्त सहायक अध्यापकों को 16 वर्षों बाद भी अब तक कोई पदोन्नति नहीं मिली है। नियमानुसार पांच वर्ष की सेवा पूरी करने पर पदोन्नति मिल जानी चाहिए थी। समय पर प्रमोशन न मिलने के कारण शिक्षकों को चयन वेतनमान से ही संतोष करना पड़ रहा है। उधर, बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेन्द्र

कुमार तिवारी का कहना है कि सात नवंबर तक हर हाल में पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी करना है।

अक्षित, नमित, शुभ, रूद्र, अमिता ने मारी बाजी

प्रान्तीय प्रतियोगिताओं में चमके ज्वाला देवी सिविल लाइन्स के सितारे
संस्कृति ज्ञान, गणित प्रयोग में स्वर्ण पदक, क्षेत्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बनाई जगह

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। भारतीय शिक्षा समिति, पूर्वी उत्तर प्रदेश की ओर से आयोजित प्रान्त स्तरीय वैदिक गणित मेला एवं सांस्कृतिक महोत्सव में ज्वाला देवी सरस्वती शिशु मंदिर, सिविल लाइन्स, प्रयागराज के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यार्थियों ने संस्कृति ज्ञान प्रश्न मंच एवं गणित प्रयोग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्णिम सफलता हासिल की तथा क्षेत्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए अपनी जगह सुनिश्चित की।

27 अक्टूबर को डॉ. सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, अनपरा, सोनभद्र में आयोजित महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने



प्रतिभा, ज्ञान एवं कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिताओं में संस्कृति ज्ञान प्रश्न मंच में प्रथम स्थान अक्षित मिश्रा, नमित कुमार नामदेव एवं शुभ पाल को मिला।

गणित प्रयोग में प्रथम स्थान रुद्र त्रिपाठी को, कथा–कथन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान अमिता त्रिपाठी, वैदिक गणित तृतीय स्थान आदर्श तिवारी, ब्रह्मांश मणि त्रिपाठी एवं संस्कृति पाल को मिला।

विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य इन्द्रजीत त्रिपाठी ने सभी विजेता छात्रों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी लगन, परिश्रम, अनुशासन एवं मार्गदर्शक आचार्यों के सतत प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी क्षेत्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों, उनके अभिभावकों एवं मार्गदर्शक आचार्यों को बधाई दी। विद्यार्थियों की इस सफलता से विद्यालय में उत्साह एवं गौरव का वातावरण है।

दिव्यांगता किसी की प्रतिभा, क्षमता, सपनों की सीमा नहीं हो सकती–हर्षिका सिंह

दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने, उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करना है –बीएसए अनिल कुमार
10 दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया गया जन्मोत्सव
150 दिव्यांग बच्चों ने किया शैक्षिक भ्रमण, मिला ज्ञान और खुशियों का उपहार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रयागराज के निर्देशन में समेकित शिक्षा के अंतर्गत जनपद के 150 दिव्यांग बच्चों के लिए शैक्षिक एक्सपोजर विजिट का आज आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को आनंद भवन, तारामंडल, विक्टोरिया पार्क, चंद्रशेखर आजाद पार्क एवं इलाहाबाद संग्रहालय का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के माध्यम से बच्चों को विभिन्न ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं ज्ञानवर्धक स्थलों के महत्व से परिचित कराया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत इलाहाबाद संग्रहालय में सीडीओ प्रयागराज श्रीमती हर्षिका सिंह ने 10 दिव्यांग बच्चों का केक काटकर जन्मोत्सव मनाया गया। सीडीओ ने बच्चों को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उनके साथ खुशियाँ साझा कीं। सीडीओ श्रीमती हर्षिका सिंह ने कहा कि "प्रत्येक बच्चा विशेष



है और उसमें आगे बढ़ने की असीम संभावनाएं हैं। दिव्यांगता किसी भी बच्चे की प्रतिभा, क्षमता और सपनों की सीमा नहीं हो सकती। हमें प्रत्येक बच्चे को समान अवसर, स्नेह, प्रोत्साहन एवं सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराना चाहिए। ऐसे आयोजन बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने के साथ उनमें आत्मविश्वास और सामाजिक सहभागिता की भावना को मजबूत करते हैं। हमारा प्रयास होना चाहिए कि प्रत्येक बच्चा अपनी प्रतिभा को पहचानते हुए जीवन में आगे बढ़े और अपने सपनों को साकार करे।" जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ व्यावहारिक अनुभव एवं सामाजिक सहभागिता के अवसर उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। ऐसे शैक्षिक भ्रमण बच्चों के ज्ञानवर्धन, आत्मविश्वास तथा बौद्धिक, सामाजिक एवं सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने तथा उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए विभाग निरंतर प्रयासरत है।

इफको ने विद्यार्थियों की सुविधा के लिए शौचालय निर्माण को दिए 75 हजार रुपये

इफको महिला चेतना क्लब ने दशहरा उत्सव पर फिरोज गांधी इंटर कॉलेज को दी आर्थिक सहायता

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फूलपुर। इफको फूलपुर की महिला चेतना क्लब की ओर से आयोजित दशहरा उत्सव में सामाजिक सरोकारों की झलक दिखी। क्लब की ओर से गारापुर स्थित फिरोज गांधी इंटर कॉलेज में छात्राओं के सुविधा हेतु शौचालय निर्माण के लिए विद्यालय प्रबंधन को 75 हजार रुपये की धनराशि सौंपी गई। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वच्छता संबंधी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहयोग करना है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला चेतना क्लब की अध्यक्षा सरिता सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक माहौल देने के साथ ही उनकी बुनियादी जरूरतों का ध्यान रखना भी जरूरी है। विद्यालय में स्वच्छ और सुविधाजनक शौचालय की उपलब्धता विद्यार्थियों के स्वास्थ्य, स्वच्छता और गरिमा से जुड़ी है। उन्होंने कहा कि सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए जरूरतमंदों और शैक्षणिक संस्थानों की मदद करना क्लब की प्राथमिकताओं में शामिल है। ऐसी पहल से विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहयोग मिलता है। क्लब की उपाध्यक्ष रेखा जायसवाल समेत सदस्यों ने भी सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम में सदस्य श्रीलता, सुधा अवस्थी, मंजू सिंह, शर्मिष्ठा घोष और रागिनी श्रीवास्तव के अलावा वरिष्ठ सदस्य अलका गुप्ता, पुष्पा यादव, पद्मजा शेरकर और रश्मि अग्रवाल मौजूद रहीं।।



ताइक्वांडो कलर बेल्ट परीक्षा में 110 खिलाड़ियों ने लिया भाग

सफेद से लेकर ब्लैक बेल्ट तक के खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। कौशाम्बी ताइक्वांडो वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में 18 अक्टूबर को पंडित रामचंद्र मिश्र मेमोरियल पब्लिक स्कूल, पीपल गांव में कलर बेल्ट परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में लगभग 110 खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने अपनी तकनीक, कौशल और दक्षता का प्रदर्शन किया। परीक्षा में विभिन्न बेल्ट श्रेणियों के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। पीली बेल्ट के लिए सफल खिलाड़ी–अग्रिम गोंद, कनिष्क यादव, आरती विश्वकर्मा, अस्तविति जयंत, आलिया जाओ, रिया कुमारी, अंशिका, हलीमा फातिमा, अनमोल, खुशी, आस्था जौहरी, यशिका तेली, आस्था, शिवांगी, माही शर्मा, अभिराज सिंह, अनुष्का साहू, संस्कृति, माही सिंह, धारा सिंह, उन्नति सिंह, अर्नव सिंह, शिवांश मिश्रा, ईवा, दिवा सिंह, शुभम पाल, वेदिका साहू, आदिति उपाध्याय, प्रियांशु पाल, अम्बिका साहू, वानी यादव, आयुषी पाल, शौर्य यादव, सोनाली आर्य, दिशा अग्रवाल, आर्यन पाल, अयान खान, हमजा खान, सेरेश भट्ट, आराध्या यादव, रेयांश मौर्य, अन्वी सिंह, वैष्णवी यादव, सुमित, समीर कुमार, नियाना सिंह, तन्वी और रिद्धिमान शाह। हरी बेल्ट–सौम्या पाल, दिविजा चौधरी, अकुल के. चौधरी, चौतन्य सिंह, वैदेही राय, दृष्टि मौर्य, सिद्धि दुबे, सास्वत साहा, वागमीने यादव, शिखर श्रीवास्तव, अद्विक शर्मा, ओमिशा यादव, देवर्ग्य भट्टाचार्य, नित्यश्री मजुमदार और अनिष्का मौर्य। हरी एक बेल्ट–तेजस कुशवाहा, अद्विका सिंह, अवयान सिंह और राघव सिंह, नीली बेल्ट–सिया यादव, अंशा सिंह, आदिदेव प्रताप सिंह, अन्वेशिका सिंह और अक्षिता यादव, नीली एक बेल्ट–वंतिका यादव अर्श, राज नंदिनी, शास्वत सिंह, अद्भुत कुमार कनौजिया और विनायक पुरी, लाल बेल्ट–पीयूष कुमार, लाल एक बेल्ट–उत्कर्ष पाण्डेय, ब्लैक बेल्ट–अग्रिम तिवारी, अंशिका शर्मा और आरुष विश्वकर्मा। परीक्षा के मुख्य निर्णायक कौशाम्बी ताइक्वांडो वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव कामेश शर्मा रहे। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग सिंह, सीनियर खिलाड़ी शिविका अग्रवाल, इम्तियाज उल्ला, आशीष आर्य, नकुल तिवारी, राजेश भगत और आनंद राय उपस्थित रहे।



एमएलसी चुनाव में डॉ. मान सिंह यादव की पुनः जीत पर मना जश्न

सपा प्रत्याशी ने भाजपा के अशोक कुमार राठौर को 27,663 मतों से हराया



प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। इलाहाबाद–झांसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. मान सिंह यादव ने जीत दर्ज की। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार राठौर को 27,663 मतों से पराजित किया। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद फतेहपुर जिले में सपा कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाई। विभिन्न स्थानों पर मिठाई बांटकर और एक–दूसरे को बधाई देकर जीत का जश्न मनाया गया।

मतगणना के अनुसार डॉ. मान सिंह यादव को कुल 60,358 मत प्राप्त हुए, जबकि भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार राठौर को 32,695 मत मिले। दोनों प्रत्याशियों के बीच मतों का अंतर 27,663 रहा। जबकि निर्दलीय प्रत्याशी शिवशंकर पटेल 3,949 मत प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे। अन्य प्रत्याशियों को अपेक्षाकृत कम मत मिले। चुनाव में कुल 1,09,482 मतपत्रों की गणना की गई। इनमें 9,596 मतपत्र अवैध घोषित किए गए। इस प्रकार वैध मतों की संख्या 99,886 रही। परिणाम आने के उपरांत सपाइयों ने जगह – जगह मिष्ठान वितरण कर जीत का जश्न मनाते हुए मतदाताओं एवं समर्थकों का आभार प्रकट किया है।

क्या बोले सपा जिलाध्यक्ष

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने डॉ. मान सिंह यादव की जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि यह परिणाम स्नातक मतदाताओं के विश्वास और समर्थन को दर्शाता है। उन्होंने जीत के लिए मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी की नीतियों और विचारधारा को समर्थन देने वाले सभी मतदाताओं का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने डॉ. मान सिंह यादव को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए उत्साह बढ़ाने वाली है।

क्या बोले शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष

समाजवादी शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष महफूज ने कहा कि स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं ने पुनः डॉ. मान सिंह यादव को समर्थन देकर अपना भरोसा जताया है। उन्होंने शिक्षकों, कर्मचारियों और स्नातक मतदाताओं सहित सभी समर्थकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह परिणाम शिक्षा और युवाओं से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने की जिम्मेदारी भी बढ़ाता है।

मतगणना में प्रत्याशियों को मिले मतों का विवरण इस प्रकार है –

डॉ. मान सिंह यादव (समाजवादी पार्टी) – 60,358 मत
अशोक कुमार राठौर (भाजपा) – 32,695 मत
शिवशंकर पटेल – 3,949 मत
मानसिंह यादव – 829 मत
दीपक कुमार द्विवेदी – 609 मत
विष्णु कुमार – 309 मत
सारिका – 309 मत
सत्य चन्द्र दुबे – 254 मत
केशव कान्त शर्मा – 251 मत
देवेश कुमार सिंह – 168 मत
राहुल कनकने मोहित गुप्ता – 66 मत
राज कुमार – 52 मत
शैलेन्द्र कुमार – 37 मत

रामपुर संग्रामगढ़ ब्लॉक में डीडीओ का औचक निरीक्षण, अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

संग्रामगढ़, प्रतापगढ़। जिला विकास अधिकारी आलोक आर्य ने बुधवार को विकासखंड रामपुर संग्रामगढ़ का औचक निरीक्षण कर अभिलेखों और कार्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कुछ स्थानों पर गंदगी और अव्यवस्था मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए कर्मचारियों को व्यवस्था दुरुस्त करने तथा सरकारी कार्यों में लापरवाही न बरतने के सख्त निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान परिवार रजिस्टर, जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र, किसान आवास, मनरेगा सहित विभिन्न योजनाओं से संबंधित फाइलों और अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों की जांच की गई। करीब तीन घंटे तक चले निरीक्षण में अभिलेखों के रखरखाव, कार्यालय की साफ–सफाई और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई। डीडीओ ने सभी कर्मचारियों को अपने दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन करने और सरकारी योजनाओं से जुड़े कार्यों को व्यवस्थित ढंग से संपादित करने की हिदायत दी। इस दौरान विकासखंड अधिकारी विजय शंकर मणि सहित ग्राम विकास अधिकारी और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

भगवान का स्मरण ही मोक्ष का मार्ग : आचार्य कौशल किशोर मिश्र

शिव महापुराण कथा में सुनाया शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मुंशीगंज। हालापुर सरायखेमा गांव में चंद्रिका प्रसाद पाठक के यहां चल रही नौ दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण कथा के सातवें दिन बुधवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास आचार्य कौशल किशोर मिश्र ने भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। आचार्य कौशल किशोर मिश्र ने कहा कि भगवान का स्मरण ही जीव की मुक्ति और मोक्ष प्राप्ति का प्रमुख मार्ग है। उन्होंने समुद्र मंथन के दौरान निकले विष को भगवान शिव द्वारा अपने कंठ में धारण करने के प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान शिव ने संसार के कल्याण के लिए विषपान कर त्याग और परोपकार का अनुपम संदेश दिया। राजा परीक्षित के प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान के नाम का गुणगान और उनकी कथा का श्रवण मनुष्य को आध्यात्मिक शांति प्रदान करता है तथा उसे मोक्ष के मार्ग की ओर अग्रसर करता है। उन्होंने कहा कि जीवात्मा और परमात्मा का मिलन ही महारस है। मनुष्य को अपने आराध्य का स्मरण करने के साथ ही माता–पिता की सेवा और सम्मान भी करना चाहिए। माता–पिता की सेवा से परिवार में सुख–शांति और समृद्धि का वातावरण बना रहता है। कथा के दौरान भगवान शिव और माता पार्वती की आकर्षक झांकी निकाली गई। धार्मिक प्रसंगों और भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। अंत में भगवान की आरती की गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान चंद्रिका प्रसाद पाठक, विद्यावती देवी, शेषकली, रामशंकर, युवराज, संजीव कुमार मिश्र, शिवाश, सौरभ राज, राजीव, निखिल मिश्र, गायत्री प्रसाद मिश्र, दिनेश पांडेय समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

छात्राएं बनेंगी ई-वेस्ट वॉरियर, इलेक्ट्रॉनिक कचरे के सही निस्तारण के लिए किया जागरूक

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सहित जिले के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों में बुधवार को ई–कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रमों में छात्राओं को इलेक्ट्रॉनिक कचरे के दुष्प्रभाव और उसके सुरक्षित निस्तारण की जानकारी दी गई। प्रश्नोत्तरी के माध्यम से उन्हें ई–वेस्ट एकत्र कर अधिकृत रिसाइक्लिंग केंद्र तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य गीता यादव, उप प्रधानाचार्य डॉ. मोहम्मद अनीश सहित शिक्षक–शिक्षिकाएं मौजूद रहे। राजकीय इंटर कॉलेज पुरबगांव, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वाजिदपुर, एवीएन इंटर कॉलेज जेठवारा और अन्य विद्यालयों में भी अभियान चलाया गया।

हेड कांस्टेबल देवदत्त सिंह उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदान किए गए उत्कृष्ट सेवा पदक से फतेहपुर पुलिस के हेड कांस्टेबल देवदत्त सिंह को सम्मानित किया गया। बुधवार को पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने वाचक कार्यालय में तैनात हेड कांस्टेबल नागरिक पुलिस देवदत्त सिंह को पदक अलंकृत किया। इस दौरान एसपी ने उनकी उत्कृष्ट एवं समर्पित पुलिस सेवाओं की सराहना करते हुए बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



जिला अस्पताल में दिव्यांगजनों के लिए बनेगी अलग कतार, रोजगार से जोड़ने के भी निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में जिला दिव्यांग बंधु एवं लोकल लेवल कमेटी की बैठक हुई। डीएम ने सीएमओ को जिला अस्पताल में दिव्यांगजनों के लिए अलग कतार की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही दिव्यांगजनों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया।



बैठक में बताया गया कि जिले में वित्तीय वर्ष 2026–27 में 21,957 दिव्यांगजनों को पेंशन दी जा रही है, जबकि 37,048 दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड बनाए जा चुके हैं। सहायक उपकरण योजना के तहत 848 लाभार्थियों को चिह्नित किया गया है। डीएम ने पेंशन के लंबित आवेदनों का निस्तारण करने और अधिक से अधिक दिव्यांगजनों के सहायक उपकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन कराने के निर्देश दिए, ताकि उन्हें विभागीय योजनाओं का लाभ मिल सके।

बड़ा शिवाला में धूमधाम से हुआ सीता-राम विवाह, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

भैरव प्रसाद समिति ने कराया आयोजन, करीब 200 वर्षों से चली आ रही परंपरा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। शहर के बाकरगंज स्थित बड़ा शिवाला, जीटी रोड पर भैरव प्रसाद समिति की ओर से सीता–राम विवाह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कानपुर और सहारनपुर से आए कलाकारों ने भगवान राम और माता सीता के विवाह गीतों व भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।

समिति के अध्यक्ष डॉ. नवनीत श्रीवास्तव और उपाध्यक्ष शिवम श्रीवास्तव के नेतृत्व में रामलीला मैदान से आई भगवान गणेश सहित अन्य सवारियों का स्वागत किया गया। इसके बाद भगवान राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और माता सीता के स्वरूपों का फूल–मालाओं से स्वागत कर विवाह की रस्में पूरी कराई गईं। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

समिति अध्यक्ष डॉ. नवनीत श्रीवास्तव ने बताया कि बड़ा शिवाला में सीता विवाह का आयोजन करीब 200 वर्षों से होता आ रहा है। उनकी पीढ़ी के हिसाब से यह 49वां वर्ष है। आयोजन का उद्देश्य सनातन धर्म का प्रचार–प्रसार करना और लोगों को धार्मिक परंपराओं से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि अगले वर्ष 50वां आयोजन और अधिक भव्य रूप से कराया जाएगा, जिसमें शासन और प्रशासन का सहयोग लेने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर समिति के सदस्य सुरजीत फूफा, राजसेन श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, योगेश श्रीवास्तव, आशीष गुप्ता, अंकित गुप्ता और शुभम श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



दिव्यांग बच्चों को कमजोर न समझें, नियमित विद्यालय भेजें अभिभावक

बीआरसी कड़ा में 52 दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की हुई काउंसलिंग, सरकारी योजनाओं व शिक्षण सुविधाओं की दी गई जानकारी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने और उनके सर्वांगीण विकास के लिए बुधवार को बीआरसी कड़ा में अभिभावक परामर्श कार्यक्रम का प्रथम चरण आयोजित किया गया। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत समेकित शिक्षा कार्यक्रम के तहत आयोजित इस काउंसलिंग में विकासखंड कड़ा के 52 दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। विशेषज्ञों ने अभिभावकों को दिव्यांग बच्चों की जरूरतों, उनकी शिक्षा, देखभाल और शासन की ओर से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी कड़ा नीरज कुमार उमराव ने दीप प्रज्ज्वलित कर और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विकास वर्मा, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा अवधेश कुमार पांडेय और खंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में अभिभावकों को दिव्यांग बच्चों के बेहतर शैक्षिक व सामाजिक विकास के लिए जागरूक किया गया।

खंड शिक्षा अधिकारी ने अभिभावकों को प्रेरित करते हुए कहा कि दिव्यांग बच्चों को कमजोर समझने के बजाय उनकी क्षमताओं को पहचानना चाहिए। उन्हें अन्य बच्चों की तरह समान अवसर और सम्मान दिया जाए। बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के साथ ही उनकी शिक्षा और दैनिक गतिविधियों में भी अभिभावक सहयोग करें, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।

जिला समन्वयक समेकित शिक्षा अवधेश कुमार पांडेय ने दिव्यांग बच्चों के लिए शासन की ओर से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों की समस्याओं को समझकर उनके समाधान के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए। परामर्शदाता व स्पेशल एजुकेटर पुष्पेंद्र कुमार द्विवेदी, नीता मिश्रा, रिसोर्स पर्सन राजीव कुमार और वीरेंद्र कुमार ने दिव्यांगता के कारणों, उसके विभिन्न प्रकारों और आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया।

विशेषज्ञों ने दिव्यांग बच्चों के लिए जरूरी सहायक उपकरणों, गंभीर दिव्यांगता वाले बच्चों के शिक्षण–प्रशिक्षण, गृह आधारित शिक्षा और दैनिक जीवन से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी दी।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत किया गया क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी प्रतापगढ़ अभिषेक पाण्डेय आईएएस, मुख्य विकास अधिकारी प्रतापगढ़ डॉ राम मोहन मीणा आईएएस व जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ श्री ओमकार राणा पीईएस के आदेशानुसार प्रधानाचार्य राजकीय उमावि सराय आनादेव प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह व राघवेंद्र शुक्ला के संयोजन में जनपद के समस्त माध्यमिक विद्यालयों में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.राजकीय उमावि सराय आनादेव प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ विंध्याचल सिंह के निर्देशन व पीटीए अध्यक्ष केदार नाथ सिंह, अनिल कुमार, प्रवीण कुमार सिंह, संतोष कुमार शुक्ला, डॉ नेम चंद्र, रंजना वर्मा,अनुज कुमार के संयोजन में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसी प्रकार एपीएस इंटर कालेज भदोही प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य जितेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में, अमर जनता इंटर कालेज कटरा गुलाब सिंह प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ स्निग्धा पांडेय के निर्देशन में, अबुल कलाम इंटर कालेज प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य आजाद अहमद के निर्देशन में, भद्रेश्वर इंटर कालेज डेरवा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य वीएन सिंह के निर्देशन में, जगदीश नारायण इंटर कालेज ढिंगवस प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

करवा चौथ की पूर्व संध्या पर मेहंदी लगवाने पहुंचीं महिलाएं

रानी कॉलोनी के ब्यूटी पार्लर में दिखी रौनक, आकर्षक डिजाइनों से सजाए हाथ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। करवा चौथ पर्व को लेकर महिलाओं में उत्साह दिखाई देने लगा है। पर्व की पूर्व संध्या पर शहर में महिलाओं ने हाथों में मेहंदी लगवाकर व्रत की तैयारियां कीं। रानी कॉलोनी स्थित सेम्स ब्यूटी पार्लर में भी महिलाएं मेहंदी लगवाने पहुंचीं। इस दौरान महिलाओं ने अपनी पसंद के अनुसार आकर्षक डिजाइन बनवाए। करवा चौथ पर मेहंदी लगाने की परंपरा का विशेष महत्व है। पर्व के दिन विवाहित महिलाएं सोलह शृंगार कर पति की लंबी उम्र और सुख–समृद्धि की कामना के साथ निर्जला व्रत रखती हैं। इसी को लेकर महिलाओं ने पर्व से एक दिन पहले ही साज–शृंगार की तैयारियां शुरू कर दीं। मेहंदी लगवाने के लिए महिलाओं में खास उत्साह नजर आया। रानी कॉलोनी स्थित सेम्स ब्यूटी पार्लर में किसी महिला ने पारंपरिक डिजाइन पसंद किए तो किसी ने आधुनिक और आकर्षक कलाकृतियों वाली मेहंदी लगवाई। महिलाएं अपने हाथों को सुंदर बनाने के लिए अलग–अलग डिजाइन चुनती दिखाई दीं। पर्व की तैयारियों के बीच महिलाओं में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। करवा चौथ की पूर्व संध्या पर मेहंदी लगवाने पहुंचीं महिलाओं की मौजूदगी से ब्यूटी पार्लरों में रौनक बढ़ गई। त्योहार को लेकर शहर में भी उत्सवी माहौल दिखाई देने लगा है।



डॉ. मान सिंह यादव की जीत पर असोथर में सपाइयों ने मनाया जश्न

प्रातःकाल एक्सप्रेस

असोथर/फतेहपुर। इलाहाबाद–झांसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. मान सिंह यादव की जीत की खुशी में बुधवार को असोथर के प्रताप नगर चौराहे पर सपाइयों ने जश्न मनाया। असोथर ब्लॉक प्रभारी एवं समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सोनू वर्मा की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने एक–दूसरे को माला पहनाकर मिठाई खिलाई और जीत की बधाई दी। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष मनोज सिंह यादव, आशीष नामदेव, शिवसिंह यादव, पुरुषोत्तम यादव, नरेंद्र प्रजापति, रामबाबू पासवान, नगर अध्यक्ष फूलचंद्र वर्मा, अंकित कोरी, लल्ला खान, रहीस राइन, नरसिंह मौर्य और आरबी सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एसपी ने पुलिस कार्यालय में सुनीं जनसमस्याएं, समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बुधवार को पुलिस कार्यालय में पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसपी ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए। शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और पीड़ितों को समय से न्याय दिलाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। पुलिस अधीक्षक ने जनसमस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों की जांच निष्पक्षता के साथ की जाए तथा निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। पुलिस का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का समाधान कर उन्हें बेहतर पुलिस सेवा उपलब्ध कराना है।



वाराणसी स्नातक एमएलसी सीट पर आशुतोष सिन्हा एवं शिक्षक सीट पर लाल बिहारी यादव की जीत पर आम आदमी पार्टी ने मनाया जश्न

सुनील कुमार गुप्ता
प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालय पर आम आदमी पार्टी समर्थित एवं समाजवादी पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार स्नातक एमएलसी से आशुतोष सिन्हा एवं शिक्षक एमएलसी से लाल बिहारी यादव की जीत को पूर्वांचल की महान जनता की जीत बताते हुए इसे 2027 का ट्रेलर बताया गया और उत्तर प्रदेश में योगी सरकार और वाराणसी में नरेंद्र मोदी के खिलाफ उत्तर प्रदेश की जनता का स्पष्ट जनादेश करार दिया गया। पार्टी नेताओं ने जीत पर एक–दूसरे को मिठाइयां खिलाकर इस ऐतिहासिक जीत की बधाई दी और दोनों उम्मीदवारों को जीत के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। पार्टी कार्यालय पर पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष, जिला प्रभारी सोनभद्र जनपद मिर्जापुर सुनील कुमार पांडे एडवोकेट, प्रदेश सचिव जिला प्रभारी प्रयागराज रमा शंकर साहू, जिला अध्यक्ष मिर्जापुर प्रोफेसर बी. सिंह, मिर्जापुर व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह चड्ढा, जिला उपाध्यक्ष नसीम खान, संतोष कुमार पांडे, जिला महासचिव मिर्जापुर मीरा देवी पटेल, जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रामा मौर्य, ब्लॉक अध्यक्ष सिटी आनंद कुमार सिंह, राकेश वर्मा एडवोकेट, मनोज कुमार सोनकर एडवोकेट, जिला विधि प्रकोष्ठ भोलानाथ बियार इत्यादि कार्यकर्ताओं ने दोनों प्रत्याशियों की जीत पर बधाई दी।



ज्ञानपुर देहात के स्कूल में फोर बिन से स्वच्छता का पाठ, कचरा अलग करने और सही जगह डालने की दी जानकारी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। कंपोजिट विद्यालय ज्ञानपुर देहात में भारत सरकार के विशेष अभियान 6.0 के तहत फोर बिन (चार कूड़ेदान) गतिविधि हुई। इसका मकसद बच्चों को कचरा सही से निपटाने, अलग करने और स्कूल–आसपास के माहौल को साफ रखने के लिए जागरूक करना था। शिक्षकों ने बच्चों को चार तरह के कूड़ेदानों का इस्तेमाल बताया। उन्हें समझाया गया कि गीला और सूखा कचरा अलग–अलग कूड़ेदानों में डालना चाहिए। इस पहल का लक्ष्य बच्चों में सफाई की आदत डालना और पर्यावरण बचाने की जिम्मेदारी सिखाना है। प्रधानाध्यापिका अनीता मालवीय की अगुवाई में सहायक अध्यापिका रेखा रानी, पूनम कुमारी, वैषाली, अर्चना, पूनम श्रीवास्तव और शिक्षक भानु प्रकाश ने इसमें हिस्सा लिया। शिक्षकों ने बच्चों को सफाई का महत्व समझाते हुए स्वच्छ स्कूल, स्वस्थ समाज और प्रदूषण मुक्त पर्यावरण बनाने का संदेश दिया।



भदोही में दो दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन, 2,000 से अधिक पदों पर भर्ती का अवसर 20 से अधिक कंपनियां लेंगी हिस्सा, 2 और 5 नवंबर को लगेंगे रोजगार मेले

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। जिले में बेरोजगार युवक–युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए 2 और 5 नवंबर को वृहद रोजगार मेले आयोजित किए जाएंगे। इनमें 20 से अधिक निजी कंपनियां 2,000 से अधिक रिक्तियों के साथ प्रतिभाग करेंगी। अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा।

जिलाधिकारी शैलेष कुमार के मार्गदर्शन में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी न्यायिक विजय नारायण सिंह की अध्यक्षता में जिला कार्यकारी समिति की बैठक हुई। इसमें रोजगार मेले की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कानून–व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाओं और साफ–सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



यहां लगेंगे रोजगार मेले

पहला रोजगार मेला 2 नवंबर को पं. बुद्धिराम दुबे महिला महाविद्यालय, ईटहरा, विकासखंड डीघ, ज्ञानपुर में तथा दूसरा 5 नवंबर को श्री काशीराज इंटरमीडिएट कॉलेज, जीटी रोड, औराई में आयोजित होगा।

ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य

अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल https://rojgaarsangam-up-gov-in पर पंजीकरण कर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी करें। निर्धारित तिथि पर शैक्षिक प्रमाण–पत्रों और अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित स्थल पर पहुंचें। अधिक जानकारी के लिए टोल–फ्री नंबर 155330 या जिला सेवायोजन कार्यालय, ज्ञानपुर से संपर्क किया जा सकता है। जिला सेवायोजन अधिकारी अजीत कुमार ने युवाओं से रोजगार मेले में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर अवसरों का लाभ उठाने की अपील की। बैठक में जिला उद्यान अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

नारायनपुर बाजार-शकूर बस्ती विशेष रेलगाड़ी का करछना स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेलयात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 04163/04164 नारायनपुर बाजार-शकूर बस्ती विशेष रेलगाड़ी का करछना स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

गाड़ी सं.	स्टेशन से स्टेशन तक	स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव	आगमन	प्रस्थान
04163	नारायनपुर बाजार-शकूर बस्ती	करछना	20:03	20:05
04164	शकूर बस्ती-नारायनपुर बाजार		09:58	10:00

• **नारायनपुर बाजार से** गाड़ी संख्या 04163, मंगलवार, बुधवार एवं शनिवार, **दिनांक** : 31.10.2026 से 16.12.2026 • **शकूर बस्ती से** गाड़ी संख्या 04164, सोमवार, मंगलवार एवं शुक्रवार, **दिनांक** : 30.10.2026 से 15.12.2026

नोटः ट्रेन की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाईन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 2450/26(AS)

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित की गोष्ठी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । भारतीय जनता पार्टी मीरजापुर के बरौधा कचार स्थित पंडित दीनदयाल पुरम कॉलोनी के जिला कार्यालय पर बुधवार को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मीरजापुर के तत्वावधान में भारतरत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती समारोह के अंतर्गत एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री रामकुमार विश्वकर्मा उपस्थित रहे।



गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, उनके संघर्ष, राष्ट्र के प्रति समर्पण तथा देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में उनके अतुलनीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। देश की रियासतों के एकीकरण में उनकी ऐतिहासिक भूमिका के कारण उन्हें लौह पुरुष के रूप में जाना जाता है। उनके आदर्श आज भी देशवासियों को राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं।

विशिष्ट अतिथि रामकुमार विश्वकर्मा ने भी सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने तथा समाज में एकता, समरसता और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेश सिंह पटेल ने की तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष विद्यासागर मौर्य ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री स्वामीनाथ सिंह, डॉ. सी.एल. बिन्द, पूर्व जिला महामंत्री हरिशंकर सिंह पटेल, निवर्तमान जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा आभा सिंह पटेल, अलंकार जायसवाल, जोशी पटेल, सुभाष जायसवाल, शुभम जायसवाल सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

साहू समाज ने किया `भारत यात्रा' का भव्य स्वागत, दहेज मुक्त विवाह और राजनीतिक भागीदारी का लिया संकल्प

शाहिद वारसी
प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा के तत्वावधान में मंगलवार को पक्का पोखरा, रमई पट्टी स्थित केवलम पैलेस में भारत यात्रा स्वागत एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में समाज के उत्थान, राजनीतिक अधिकारों की प्राप्ति और सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने पर विशेष जोर दिया गया।

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि दिव्या मित्तल, विशिष्ट अतिथि एवं महासभा के प्रदेश महामंत्री संपूर्णानंद साहू, मुंबई से आए भारत यात्रा के संयोजक एसपी गुप्ता, जिलाध्यक्ष राम कुमार गुप्ता व कार्यवाहक अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद अतिथियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और दानवीर भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।

भारत यात्रा के संयोजक एसपी गुप्ता ने कहा कि मुंबई से शुरू होकर नागपुर में समाप्त होने वाली इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज में दहेज मुक्त विवाह को बढ़ावा देना, महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करना और युवा पीढ़ी को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। इस दौरान निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों तथा समाज में सराहनीय कार्य करने वाले शुभम गुप्ता, अमित गुप्ता को मुख्य अतिथि दिव्या मित्तल ने सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया।

आयोजन के संयोजक विनोद गुप्ता और प्रभारी प्रसन्न साहू रहे। मंच संचालन शुभम गुप्ता, अमित गुप्ता और अमरनाथ गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। जिले के लगभग सभी ब्लाकों से आए सैकड़ों गणमान्य लोगों



की उपस्थिति ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया।

वाराणसी के सेवापुरी में 31 अक्टूबर को अखिलेश यादव की जनसभा, सफल बनाने के लिए सपा ने तेज की तैयारियां

सुनील कुमार गुप्ता
प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की 31 अक्तूबर को सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र के संजोई के अकेलवा में प्रस्तावित जनसभा को सफल बनाने के लिए पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

बुधवार को समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट में भीड़ जुटाने के लिए वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें जनसभा की तैयारियों, भीड़ जुटाने की रणनीति और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर चर्चा की गई। हर विधानसभा क्षेत्र से कार्यकर्ताओं को भीड़ ले जाने पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता सपा कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव व संचालन जिला महासचिव आदर्श यादव ने किया।

कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि 31 अक्तूबर को संजोई के अकेलवा में होने वाली जनसभा को सफल बनाने के लिए पार्टी पूरी ताकत से जुटी है। जनसभा में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से करीब दो हजार कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। पार्टी को उम्मीद है कि



जनसभा में मिर्जापुर से दस हजार से अधिक लोग पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि तैयारियों को व्यवस्थित करने के लिए विधानसभा स्तर पर प्रभारियों की नियुक्ति की गई है।

बैठक में पूर्व मंत्री कैलाश चौरसिया, पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल, रविन्द्र बहादुर सिंह, शिवशंकर यादव, आशीष यादव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, रामराज पटेल, मुन्नी यादव, राजेश भारती, अभय यादव, संतोष गोयल, सतीश मिश्रा, शैलेष पटेल, झल्लू यादव, सोकिम अहमद, सत्यप्रकाश यादव, सुभाष पटेल, रविन्द्र कोल, संग्राम बिन्द, कन्हैया यादव, लाल बहादुर यादव, मुकुन्द यादव, जैनेन्द्र सिंह, रामराज यादव, डा0 अरविन्द श्रीवास्तव, गणेश केशरी, जुम्मन खान, बलराम यादव, रमाशंकर कोल, रामजी बिन्द, मेवालाल प्रजापति, राकेश यादव, रंजीत फौजी, भरत लाल बिन्द, जैन कुशवाहाआदि मौजूद रहें।

खराब मौसम और वज्रपात को लेकर अपर जिलाधिकारी ने जारी की एडवाइजरी

आपदा कंट्रोल रूम नंबर 05442-256357 पर करें संपर्क

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 विनोद कुमार सिंह ने सर्व साधारण को सूचित किया है तेज हवा एवं वज्रपात के दौरान खुले मैदान, पेड़, बिजली के खंभों, टिनशेड तथा कमजोर होर्डिंग के नीचे खड़े न हों। सुरक्षित पक्के भवन में शरण लें। किसान भाई मौसम की स्थिति को ध्यान में रखकर फसलों की कटाई, मड़ाई एवं खुले में रखे अनाज को सुरक्षित करने की व्यवस्था करें। कृषि कार्य के दौरान आकाशीय बिजली की चेतावनी मिलने पर खुले खेतों में न रुकें। नदी, नालों, जलाशयों, बांधों एवं जलप्रपातों के आसपास अनावश्यक रूप से न जाएं। वर्षा के दौरान तेज बहाव वाले पानी को पार करने का प्रयास न करें। कच्चे एवं जर्जर भवनों में रहने वाले लोग विशेष सतर्कता बरतें तथा आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। बिजली कड़कने के दौरान खुले स्थानों, ऊंचे पेड़ों एवं जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहें। बिजली के उपकरणों का उपयोग सावधानीपूर्वक करें। मौसम संबंधी नवीनतम जानकारी एवं चेतावनियों के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग के आधिकारिक माध्यमों तथा मौसम, दामिनी एवं मेघदूत ऐप का उपयोग करें। किसी भी आपातकालीन स्थिति में जिला आपदा नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 05442–256357 अथवा आपदा हेल्पलाइन 1077 पर सूचना दें।

भदोही में महिलाओं को अधिकारों और सुरक्षा की जानकारी दी

मिशन शक्ति अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर, सरकारी योजनाओं और कानूनी प्रावधानों के बारे में बताया

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। भदोही जिले में मिशन शक्ति अभियान (फेज 6.0) के तहत महिलाओं और बालिकाओं को कानूनी अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। अभियान जिले के सभी थानों की एंटी रोमियो टीमों, महिला बीट अधिकारियों और चौकियों ने चलाया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल की निगरानी में टीमों ने बाजारों, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों और सार्वजनिक जगहों पर लोगों से बात की। पुलिस टीमों ने छेड़छाड़, फब्तियां कसने, उत्पीड़न और साइबर अपराधों से सतर्क रहने के तरीके बताए। बालिकाओं से कहा गया कि वे बिना डर या संकोच के अपनी बात साझा कर सकती हैं। अभियान में उत्तर प्रदेश सरकार की महिला सशक्तीकरण योजनाओं, पॉक्सो एक्ट, महिला अधिकारों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। आपात स्थिति में मदद के लिए 1090 (वीमेन पावर लाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) और 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) पर संपर्क करने का तरीका बताया गया। जागरूकता पर्चे भी बांटे गए।



बरेका में सत्यनिष्ठा से समृद्धि का संदेश, ईमानदारी और पारदर्शिता पर जोर

प्रो. मुकुल राज मेहता ने नैतिक मूल्यों को बताया राष्ट्र की प्रगति का आधार, महाप्रबंधक आशुतोष पंत ने भ्रष्टाचार मुक्त कार्यसंस्कृति अपनाने की अपील

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) में सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2026 के अंतर्गत बुधवार को 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' विषय पर प्रेरणादायी सेमिनार आयोजित किया गया। महाप्रबंधक आशुतोष पंत की अध्यक्षता में प्राविधिक प्रशिक्षण केंद्र के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बीएचयू के सेवानिवृत्त प्रोफेसर एवं प्रख्यात शिक्षाविद् प्रो. मुकुल राज मेहता ने ईमानदारी, नैतिकता, निष्पक्षता और पारदर्शिता को व्यक्ति, संस्था तथा राष्ट्र की प्रगति का आधार बताया। उन्होंने कहा कि सत्यनिष्ठा केवल व्यक्तिगत गुण नहीं, बल्कि संस्थागत विश्वास और उत्तरदायित्व को मजबूत करने वाला महत्वपूर्ण मूल्य है। महात्मा गांधी के विचारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने साध्य के साथ साधनों की पवित्रता बनाए रखने पर जोर दिया। महाप्रबंधक आशुतोष पंत ने कहा कि प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को अपने दायित्वों का निर्वहन निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ करना चाहिए तथा नैतिक मूल्यों को दैनिक कार्यप्रणाली का हिस्सा बनाना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य सतर्कता अधिकारी अंकुर चंद्रा ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उद्देश्यों और जनभागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया और बरेका की सांस्कृतिक टीम ने नाटक के माध्यम से ईमानदारी एवं भ्रष्टाचार मुक्त कार्यसंस्कृति का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में महाप्रबंधक ने प्रो. मेहता को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। सेमिनार में वरिष्ठ अधिकारी, विभागाध्यक्ष और बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

काशी में वेदविद्या की अनूठी साधना

स्वामी अमृतानन्द सरस्वती बोले– ब्राह्मण ग्रन्थों के माध्यम से ही वेदों का संरक्षण संभव

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। काशी के हनुमान घाट स्थित श्री कांची कामकोटिश्वर मंदिर में श्री शुक्ल यजुर्वेद माध्यन्दिन शाखा के कण्ठस्थ दण्डक्रम पारायण का शुभारम्भ वैदिक मंत्रोच्चार, दीप प्रज्वलन और स्वस्तिवाचन के साथ हुआ। महर्षि वेदव्यास प्रतिष्ठान, पुणे तथा समर्थ अद्वैत पाठशाला, त्र्यम्बकेश्वर के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्वानों ने वैदिक परम्परा के संरक्षण पर जोर दिया। उद्घाटन अवसर पर स्वामी अमृतानन्द सरस्वती महाराज ने कहा कि वेदों की रक्षा के लिए ब्राह्मण ग्रन्थों और पारम्परिक ज्ञान का संरक्षण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्राचीन वैदिक परम्परा को प्रामाणिक स्वरूप में अगली पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए नियमित अभ्यास, अनुशासन और विद्वानों का मार्गदर्शन महत्त्वपूर्ण है। कार्यक्रम में जगद्गुरु स्वामी विजयेंद्र सरस्वती तथा स्वामी गोविन्द देव गिरि महाराज की प्रेरणा और आशीर्वाद का स्मरण किया गया। इस अवसर पर आचार्य प्रो. हृदयरंजन शर्मा, प्रो. किशोर मिश्रा, प्रो. राजाराम शुक्ल, आचार्य पी. एच. सुब्रमण्यन, प्रो. रविन्द्र मुळे, प्रो. सदाशिव कुमार द्विवेदी और वाराणसी के महापौर अशोक कुमार तिवारी सहित अनेक विद्वान उपस्थित रहे।चिरंजीव अद्वैत और चिरंजीव समर्थ ने कण्ठस्थ वैदिक पाठ प्रस्तुत कर अपनी साधना का परिचय दिया। आयोजकों के अनुसार, यह पहल शुक्ल यजुर्वेद की दण्डक्रम पाठ–परम्परा को सुरक्षित रखने और युवाओं में वेदाध्ययन के प्रति रुचि बढ़ाने की दिशा में महत्त्वपूर्ण है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक
फिरदौस फातिमा
मो.9451721210
UPHIN/2015/61843

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

यूपी एमएलसी चुनाव में बीजेपी का दबदबा, 6 सीटों के नतीजे घोषित, 4 पर भाजपा और 2 पर सपा को जीत



लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के 11 शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव के लिए जारी मतगणना में अब तक छह सीट के परिणाम आधिकारिक रूप से घोषित किए गए हैं, जिनमें से चार सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और दो पर समाजवादी पार्टी (सपा) ने जीत हासिल की है। वाराणसी खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की प्रतिष्ठित सीट पर सपा के लाल बिहारी यादव ने जीत हासिल की है। राज्य निर्वाचन कार्यालय की ओर से बुधवार को जारी परिणाम के अनुसार, मेरठ स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के दिनेश कुमार गोयल, लखनऊ शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के उमेश द्विवेदी, वाराणसी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से सपा के लाल बिहारी यादव, आगरा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से सपा के डॉ. आकाश अग्रवाल, मेरठ शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के श्रीचंदर शर्मा और बरेली–मुरादाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के डॉ. हरि सिंह ढिल्लो ने जीत हासिल की है। वाराणसी खंड शिक्षक क्षेत्र की प्रतिष्ठित सीट पर सपा प्रत्याशी लाल बिहारी यादव ने काफी विवाद और आरोप–प्रत्यारोप के बीच जीत हासिल की। यादव ने परिणाम घोषित होने से पहले ही अपनी जीत का दावा करते हुए प्रशासन पर जीत की आधिकारिक घोषणा करने में देरी का आरोप लगाया। चंदौली से सपा सांसद वीरेंद्र सिंह ने वाराणसी शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना को लेकर जिला प्रशासन पर सवाल उठाए थे और कहा था कि शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से सपा प्रत्याशी लाल बिहारी यादव चुनाव जीत चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन परिणाम घोषित नहीं कर रहा। उन्होंने कहा था कि यादव की जीत के बावजूद करीब छह घंटे तक परिणाम की आधिकारिक घोषणा नहीं किए जाने से संदेह पैदा होता है। वाराणसी खंड स्नातक सीट पर सपा के आशुतोष सिन्हा, इलाहाबाद–झांसी खंड स्नातक सीट पर सपा के डॉ. मानसिंह यादव और लखनऊ खंड स्नातक सीट पर सपा की कांति सिंह ने मजबूत बढ़त बना रखी है। वहीं, आगरा–अलीगढ़ खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी मानवेंद्र सिंह जीत की ओर बढ़ रहे हैं। शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों की कुल 11 विधान परिषद सीट के लिए मतगणना मंगलवार सुबह आठ बजे शुरू हुई थी। इससे पहले, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें सपा प्रत्याशी अग्रवाल फटा कुर्ता पहने दिखाई दे रहे हैं और उनके समर्थक उनके साथ मारपीट किए जाने का आरोप लगा रहे हैं। यादव ने पोस्ट में कहा, अब भाजपा खुद ही बताए कि आगरा से जीतते हुए सपा के एमएलसी प्रत्याशी डॉ. आकाश अग्रवाल के साथ उसके लोगों द्वारा किया गया यह व्यवहार कितना जायज है। उन्होंने निर्वाचन आयोग के साथ–साथ उच्चतम न्यायालय और राष्ट्रपति से भी मामले का तत्काल संज्ञान लेने का अनुरोध किया और प्रशासन से अग्रवाल को जीत का प्रमाणपत्र तुरंत देने का आग्रह किया। वहीं, गोरखपुर–फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने अंतिम चरण की मतगणना के बाद अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एवं निर्दलीय प्रत्याशी राजीव यादव पर बढ़त बना रखी है। इस सीट पर मतगणना के दौरान मतों की संख्या में अंतर और मतगणना प्रक्रिया को लेकर विवाद हुआ। मऊ के एक बूथ की मतपेटी में दर्ज संख्या से 52 मत अधिक मिलने पर प्रत्याशियों ने आपत्ति जताई। इसके अलावा, एक प्रत्याशी की शिकायत के बाद अयोध्या के अपर आयुक्त अजय सैनी को मतगणना ड्यूटी से हटा दिया गया। हालांकि, प्रशासन ने कहा कि मतगणना नियमानुसार कराई जा रही है।

ब्रजेश पाठक और संजय कुमार निषाद ने गोमती में एक लाख मछलियां छोड़ी

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी के लक्ष्मण पार्क के पास बुधवार को गोमती नदी में एक लाख मत्स्य अंगुलिकाएं यानी मछलियों के बच्चों को छोड़ा गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और मत्स्य मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद मौजूद रहे। दोनों ने नदी में मछलियों के बच्चों को प्रवाहित किया। इस पहल का उद्देश्य गोमती नदी में मछलियों की संख्या बढ़ाना और मत्स्य संसाधनों का संरक्षण करना है। इससे जलीय जीवों के संरक्षण के साथ मत्स्य उत्पादन को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम में नदी के मत्स्य संसाधनों के संवर्धन पर जोर दिया गया। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि नदियां हमारी जीवनरेखा और प्राकृतिक धरोहर हैं। गोमती नदी की स्वच्छता, जलीय जीवों की सुरक्षा और पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। प्रदेश सरकार नदियों के संरक्षण, जलीय जीवों की सुरक्षा और पर्यावरणीय संतुलन को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के तहत गोमती नदी में भारतीय मेजर कार्प प्रजाति की मछलियों के बच्चों को प्रवाहित किया गया। इस पहल का उद्देश्य मछलियों का संरक्षण करना और नदी में उनकी संख्या बढ़ाने में मदद करना है। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को नदी और जलीय जीवों के संरक्षण के प्रति जागरूक करने का प्रयास भी किया गया। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि नदियां हमारी जीवनरेखा और प्राकृतिक धरोहर हैं। गोमती नदी की स्वच्छता, जलीय जीवों की सुरक्षा और पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। प्रदेश सरकार नदियों के संरक्षण, जलीय जीवों की सुरक्षा और पर्यावरणीय संतुलन को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के तहत गोमती नदी में भारतीय मेजर कार्प प्रजाति की मछलियों के बच्चों को प्रवाहित किया गया। इस पहल का उद्देश्य मछलियों का संरक्षण करना और नदी में उनकी संख्या बढ़ाने में मदद करना है। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को नदी और जलीय जीवों के संरक्षण के प्रति जागरूक करने का प्रयास भी किया गया। कार्यक्रम में मत्स्य विभाग के विशेष सचिव सुनील कुमार, संयुक्त निदेशक अनिल कुमार, संयुक्त निदेशक प्रशासन अरुण कुमार, उप निदेशक पुनीत कुमार, उप निदेशक नियोजन एजाज अहमद नकवी और उप निदेशक सांख्यिकी उग्रसेन सिंह समेत अन्य अधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में मत्स्य विभाग के विशेष सचिव सुनील कुमार, संयुक्त निदेशक अनिल कुमार, संयुक्त निदेशक प्रशासन अरुण कुमार, उप निदेशक पुनीत कुमार, उप निदेशक नियोजन एजाज अहमद नकवी और उप निदेशक सांख्यिकी उग्रसेन सिंह समेत अन्य अधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

जीत के जश्न पर अखिलेश की नसीहत, जुलूस न निकालें, भाजपा बिगाड़ सकती है छवि

लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश विधान परिषद (एमएलसी) चुनाव के नतीजों के बाद समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने पार्टी के विजयी उम्मीदवारों और कार्यकर्ताओं से शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि जीत का जश्न सोशल मीडिया के जरिए मनाया जाए और कोई हो–हल्ला या जुलूस न निकाला जाए। अखिलेश यादव ने आशंका जताई कि विजयी जुलूस निकालने पर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) साजिश करके सपा की छवि बिगाड़ सकती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा चुनाव का ध्यान रखते हुए सतर्क रहने की सलाह दी। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर विजयी उम्मीदवारों को बधाई दी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जीत की खुशी शांतिपूर्ण तरीके से लोगों तक पहुंचाई जाए, ताकि कोई माहौल बिगाड़ने की कोशिश न कर सके और सपा पर हुड़दंग करने का आरोप न लगे। सपा प्रमुख अखिलेश ने कहा कि पार्टी सभी विजयी एमएलसी का अभिनंदन करेगी। संभव हुआ तो वह स्वयं उनके क्षेत्रों में जाकर सम्मान करेंगे। उन्होंने विजयी उम्मीदवारों से उन कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और शुभचिंतकों की सूची तैयार करने को कहा, जिन्होंने चुनाव में उनका समर्थन और सहयोग किया है। अखिलेश ने कहा कि जीत में योगदान देने वाले सभी लोगों का भी सम्मान किया जाएगा। अखिलेश यादव ने आगरा में सपा के शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी डॉ. आकाश अग्रवाल के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और उसके सहयोगियों के व्यवहार से अग्रहरि समाज आहत है। अखिलेश ने कहा कि इस घटना के बाद समाज के लोग खुद को अपमानित और ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।उन्होंने अपने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि अब इसमें (ए) का मतलब अग्रवाल–अग्रवंशी भी है। अखिलेश ने कहा, जो पीड़ित, वो पीडीए ही उनका नारा है। सपा अध्यक्ष ने दावा किया कि अग्रवाल समाज के साथ आने से पार्टी का जनाधार और मनोबल बढ़ा है। उन्होंने कहा कि शैक्षिक और व्यावसायिक रूप से सशक्त इस समाज का समर्थन पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है।

हर माह एक लाख प्रशिक्षण का लक्ष्य–केशव

प्रशिक्षण की गुणवत्ता से कार्यदक्षता तक ग्राम्य विकास संस्थान की व्यवस्था में सुधार के निर्देश



लखनऊ,संवाददाता। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से अधिकारियों, कर्मचारियों, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीण विकास से जुड़े कार्मिकों की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए मासिक एक लाख प्रशिक्षण का लक्ष्य निर्धारित किया जाए। जिला स्तर से लेकर संस्थान मुख्यालय तक नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। प्रशिक्षण की गुणवत्ता, विषयवस्तु और उपयोगिता में निरंतर सुधार करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रशिक्षण का लाभ संबंधित कार्मिकों के कार्य व्यवहार और जनसेवा की गुणवत्ता में दिखाई दे। श्री मौर्य ने अप्रैल से सितम्बर तक आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रगति, गुणवत्ता, सुधार और कार्यदक्षता की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि संस्थान की प्रशिक्षण क्षमता और उपलब्ध संसाधनों के अनुरूप मासिक प्रशिक्षण रोस्टर तैयार किया जाए। प्रशिक्षणार्थियों को आवास, भोजन, शिक्षण सामग्री सहित आवश्यक सुविधाएं समय से उपलब्ध कराई जाएं। प्रशिक्षकों एवं शिक्षकों के मानदेय का भुगतान निर्धारित समय पर सुनिश्चित किया जाए तथा उन्हें अनुमन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की देरी न हो। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं रहने चाहिए, बल्कि इनसे अधिकारियों एवं कर्मचारियों की दक्षता, कार्यशैली और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सुधार होना चाहिए। महानिदेशक दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान सौरव बाबू ने बताया की दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान अंतर्गत 17 मंडल स्तरीय क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान तथा 33 जनपद स्तरीय जिला ग्राम्य विकास संस्थान संचालित हैं। संस्थान का उद्देश्य आधारभूत एवं सेवाकालीन प्रशिक्षण के माध्यम से मानव संसाधन का कौशल उन्नयन करना तथा ग्रामीण विकास और स्थानीय स्वशासन से जुड़े कार्मिकों की क्षमता बढ़ाना है। वित्तीय वर्ष 2026–27 में 1 अप्रैल से 30 सितम्बर तक राज्य ग्राम्य विकास संस्थान में 138 प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए, जिनमें 5,032 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिला ग्राम्य विकास संस्थानों में 1,15,971 प्रतिभागियों की प्रशिक्षण प्रगति दर्ज की गई। नवनियुक्त खंड विकास अधिकारियों के 30 दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के एक सत्र में 57 अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। विकसित भारत जी राम जी अधिनियम, 2025 विषयक 44 प्रशिक्षण सत्रों में 990 अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया।उत्तर प्रदेश समग्र शिक्षा विभाग के लर्निंग बाई डूइंग एवं आईसीटी से संबंधित 24 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से 1,172 अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया। जनगणना–2027 के द्वितीय चरण के लिए आठ सत्रों में 332 मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए आयोजित 3,334 प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 1,03,905 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत संस्थान एवं अधीनस्थ संस्थानों के लगभग 602 पंजीकृत अधिकारियों और कर्मचारियों ने 28,955 ऑनलाइन पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरे किए। श्री मौर्य ने कहा कि मासिक एक लाख प्रशिक्षण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मुख्यालय, क्षेत्रीय एवं जिला स्तर पर समन्वय बनाकर कार्य किया जाए। इससे ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी और जनसामान्य को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

मिर्जापुर का जरगो बांध पानी से लबालब, किसान गदगद

– दशकों का इंतजार खत्म, जरगो बांध तक पहुंचा 229 क्यूसेक पानी

– 15 हजार किसानों को हो रहा फायदा, 6,300 हेक्टेयर खेतों को सिंचाई की सुविधा

लखनऊ,संवाददाता। योगी सरकार प्रदेश की सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने और किसानों तक पर्याप्त पानी पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। मीरजापुर के जरगो बांध के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। पिछले कई दशकों से खराब पड़े मेजा–जरगो लिंक नहर के दोनों अंडर स्लूस गेटों की मरम्मत और पुनर्स्थापन के बाद बांध में पानी की आपूर्ति सुचारु हुई है। करीब 30 वर्षों बाद जरगो बांध के पानी से लबालब होने की स्थिति ने क्षेत्र के किसानों के लिए नई उम्मीद जगाई है। वर्तमान में मेजा–जरगो लिंक नहर के माध्यम से बांध में 229 क्यूसेक पानी की आपूर्ति की जा रही है।प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन अनिल गर्ग ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में सिंचाई सुविधाओं को बेहतर बनाने और उपलब्ध जल संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है। मेजा–जरगो लिंक नहर के गेटों की मरम्मत इस दिशा में महत्वपूर्ण उदाहरण है, जहां आधुनिक तकनीक और विशेषज्ञ इंजीनियरिंग के समन्वय से वर्षों पुरानी समस्या का समाधान किया गया। उन्होंने बताया कि मेजा–जरगो लिंक नहर मीरजापुर की कृषि सिंचाई व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके माध्यम से विभिन्न जलाशयों और नहरों को जोड़कर जरगो बांध तक पानी पहुंचाया जाता है। लगभग 71.130 किलोमीटर लंबी और 580 क्यूसेक क्षमता वाली यह नहर क्षेत्र की कृषि भूमि की सिंचाई के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नहर के हेड पर स्थापित दो अंडर स्लूस गेट लंबे समय से खराब थे। इनके जरिए लगातार पानी का रिसाव होने से जल प्रबंधन प्रभावित हो रहा था। इन दोनों गेटों से करीब 150 क्यूसेक पानी लगातार व्यर्थ बह रहा था। इसके चलते न केवल उपलब्ध सिंचाई जल का समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा था, बल्कि नहर के आगे के हिस्से में गाद की सफाई और जल प्रवाह को नियंत्रित करना भी मुश्किल हो गया था। वहीं रिसाव के कारण नहर के डाउनस्ट्रीम में लगभग 10 किलोमीटर तक जमी सिल्ट की सफाई नहीं हो पा रही थी। मुख्य अभियंता यांत्रिक उपेंद्र सिंह ने बताया कि गेटों की मरम्मत सामान्य इंजीनियरिंग कार्य नहीं था। गेट जल सतह से लगभग 15 मीटर नीचे स्थित थे, जहां पानी का दबाव वायुमंडलीय दबाव से करीब 2.5 गुना था। अत्यधिक रिसाव के कारण पानी के भीतर सीधे निरीक्षण करना गोताखोरों के लिए भी जोखिम भरा था। गेटों के संचालन से जुड़े हिस्से क्षतिग्रस्त थे और रबर सील तथा दीवार के बीच बने अंतर से पानी लगातार रिस रहा था। इससे निपटने के लिए सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की सिंचाई कार्यशाला खंड, बरेली की टीम ने चरणबद्ध रणनीति अपनाई। सबसे पहले विशेष सामग्री की मदद से रिसाव को अस्थायी रूप से रोका गया, जिससे पानी के भीतर काम करने की परिस्थितियां सुरक्षित बनाई जा सकें। इसके बाद आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए रिमोटली ऑपरेटेड व्हीकल को 4के वीडियो कैमरे के साथ पानी में उतारा गया। इसके माध्यम से गेटों के दोनों ओर का निरीक्षण किया गया और क्षतिग्रस्त हिस्सों, रबर सील के बीच के अंतर तथा दीवार में मौजूद छेदों की पहचान की गई। इस तकनीक से उन हिस्सों का सटीक आकलन संभव हुआ, जहां सीधे गोताखोरों के जरिए निरीक्षण करना जोखिम भरा था।

योगी सरकार में गोवंश संरक्षण को मिला आर्थिक संबल

लखनऊ,संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार निराश्रित गोवंश के संरक्षण, संवर्धन और बेहतर भरण–पोषण के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसी क्रम में राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद ने वित्तीय वर्ष 2026–27 में गोवंश संरक्षण के लिए 69.16 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इसमें से 34.58 करोड़ रुपये की पहली किस्त उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग को जारी कर दी गई है। पिछले नौ वर्षों में इस मद में मंडी परिषद का वार्षिक वित्तीय प्रावधान 4.51 करोड़ रुपये से बढ़कर 69.16 करोड़ रुपये हो गया है, जो 15 गुने से अधिक की वृद्धि को दर्शाता है।योगी सरकार की इस पहल के तहत कृषि मंडियों से प्राप्त राजस्व का एक हिस्सा निराश्रित गोवंश की सेवा और देखभाल पर खर्च किया जा रहा है। मंडी परिषद अपनी कुल आय का तीन प्रतिशत गोसेवा आयोग को उपलब्ध कराती है। इस धनराशि का उपयोग पंजीकृत गोशालाओं में संरक्षित गोवंश के लिए चारा, आश्रय, टीकाकरण, चिकित्सा और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में किया जाता है। इससे कृषि विपणन व्यवस्था से प्राप्त राजस्व को गोवंश संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक दायित्व से जोड़ा गया है।गोवंश संरक्षण के लिए मंडी परिषद की ओर से दिए जाने वाले अनुदान में वृद्धि की प्रक्रिया वर्ष 2019 में तेज हुई, जब गोसेवा आयोग को अनुदान देने का प्रावधान दो प्रतिशत किया गया।

संक्षिप्त

चक्रवाती तूफान 'अर्नब' का राजधानी में असर, अचानक बदला मौसम, कई इलाकों में बारिश

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी में बुधवार दोपहर अचानक मौसम बदल गया। दोपहर 1 बजे के बाद आसमान में काले बादल छा गए और कई इलाकों में बारिश शुरू हो गई। गोमतीनगर, सरोजनीनगर और कल्ली पश्चिम समेत कई जगहों पर बूंदाबांदी हुई। इस दौरान धूप और बादलों का सिलसिला जारी रहा। मौसम विभाग के मुताबिक, लखनऊ में अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती तूफान 'अर्नब' का असर उत्तर प्रदेश के मौसम पर भी पड़ने की संभावना है। इसके प्रभाव से पूर्वी यूपी के जिलों में बारिश हो सकती है। वहीं, सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण पश्चिमी यूपी के कुछ हिस्सों में भी छिटपुट बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, पूर्व–मध्य और उससे सटे दक्षिण–पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना निम्न दबाव का क्षेत्र अवदाब में बदल चुका है। इसके पश्चिम–उत्तर–पश्चिम दिशा में बढ़ने और चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना जताई गई है। इसके बाद यह उत्तर आंध्र प्रदेश और दक्षिणी ओडिशा के तटों की ओर बढ़ सकता है। वहीं, सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के असर से अगले 24 घंटे में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में छिटपुट बारिश होने की संभावना है।

श्रीगुरु रामदास के प्रकाश पर्व पर सजा विशेष दीवान

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी के गोमती नगर स्थित गुरुद्वारा सचखंड साहिब में श्री गुरु रामदास जी का पावन प्रकाश पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। विशेष दीवान में बड़ी संख्या में संगत शामिल हुई। गुरबाणी और शब्द कीर्तन से पूरा गुरुद्वारा परिसर भक्तिमय हो गया। हजूरी रागी भाई गुरप्रीत सिंह, अरविन्द सिंह और गुरदीप सिंह ने शब्द कीर्तन किया। रसभरी आवाज में गुरबाणी प्रस्तुत कर संगत को निहाल किया। कथा विचार के जरिए गुरु की शिक्षाओं और जीवन से जुड़े प्रसंग बताए गए। आरती, गुरबाणी और शब्द कीर्तन के दौरान संगत ने श्रद्धा के साथ सहभागिता की। गुरु की शिक्षाओं को जीवन में अपनाने का संदेश दिया गया। विशेष दीवान का समापन अरदास और हुक्मनामा के साथ हुआ। संगत ने गुरु के समक्ष माथा टेका। सुख–शांति और परिवार की खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम के बाद गुरु का अटूट लंगर बरताया गया। संगत ने एक साथ बैठकर प्रसाद और लंगर ग्रहण किया। गुरुद्वारा प्रबंध समिति ने आयोजन में पहुंची संगत के लिए विशेष व्यवस्थाएं की थीं। गोमती नगर और आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग प्रकाश पर्व में शामिल हुए।

स्पोर्ट्स कॉलेज में 36वीं अखिल भारतीय जीएसआई एथलेटिक्स प्रतियोगिता का उद्घाटन

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी लखनऊ के कुर्सी रोड स्थित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में बुधवार को 36वीं अखिल भारतीय जीएसआई एथलेटिक्स प्रतियोगिता–2026 हुई। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई), उत्तरी क्षेत्र की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में देशभर के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता गुलाब चंद ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। कहा कि खेल शरीर को स्वस्थ रखने के साथ टीम भावना और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करते हैं। एक दिवसीय प्रतियोगिता में जीएसआई के देशभर में स्थित 9 क्षेत्रों और विभिन्न विशेष इकाइयों से करीब 100 एथलीट पहुंचे। खिलाड़ियों ने 10 से अधिक स्पर्धाओं में अपना हुनर दिखाया। ट्रैक इवेंट में 100, 200 और 800 मीटर दौड़ हुई। 4×100 मीटर रिले में खिलाड़ियों के बीच खासा रोमांच देखने को मिला। दर्शकों के लिए यह मुकाबला आकर्षण का केंद्र रहा। लंबी कूद, गोला फेंक, चक्का फेंक और भाला फेंक में खिलाड़ियों ने ताकत और तकनीक का प्रदर्शन किया। संतुलन दौड़ ने भी प्रतियोगिता में मनोरंजन का रंग भर दिया।आयोजन अध्यक्ष राजिंदर कुमार, अपर महानिदेशक एवं विभागाध्यक्ष, जीएसआई उत्तरी क्षेत्र और संयोजक विमल प्रकाश गौड़, उप महानिदेशक, राज्य इकाई उत्तर प्रदेश के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता हुई। समापन के मौके पर पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। विभिन्न स्पर्धाओं के विजेताओं को पदक और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। राजिंदर कुमार ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने आयोजन समिति को सफल और अनुशासित प्रतियोगिता के लिए बधाई दी।

भाषा विश्वविद्यालय की बास्केटबॉल टीम पटियाला रवाना

लखनऊ,संवाददाता। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की पुरुष बास्केटबॉल टीम एआईयू नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी बास्केटबॉल चौंपियनशिप 2026,27 में प्रतिभाग करने रवाना हुई। प्रतियोगिता का आयोजन महाराजा भूपिंदर सिंह पंजाब स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, पटियाला में 30 अक्टूबर से 3 नवंबर 2026 तक होगा। रवाना होने से पूर्व खिलाड़ियों एवं टीम मैनेजर वैभव स्वर्णकार ने कार्यवाहक कुलपति प्रो. मसूद आलम से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कुलपति ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन और खेल भावना बनाए रखने तथा विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय खेल परिषद के सचिव डॉ. मोहम्मद शारीक तथा सदस्य डॉ. नीरज शुक्ला एवं डॉ. हसन मेहदी उपस्थित रहे। उन्होंने भी टीम को सफलता की शुभकामनाएं दीं। विश्वविद्यालय प्रशासन एवं खेल परिषद ने टीम के प्रदर्शन और सफलता की उम्मीद जताई।

सुमन उपाध्याय को डॉ. अंबेडकर पुरस्कार मिला

लखनऊ,संवाददाता। सरोजनीनगर स्थित शांति नगर के सेंट एंजेल्स कॉलेज में बुधवार को संस्थापक निदेशक सुमन उपाध्याय के सम्मान में अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। उन्हें 24 अक्टूबर 2026 को चंडीगढ़ स्थित पंजाब विश्वविद्यालय के गोल्डन जुबली हॉल में आयोजित इंटरनेशनल ट्रेडिशनल स्पोर्ट्स एंड गेम्स (टीएसजी) कॉन्फ्रेंस–2026 के दौरान डॉ. बीआर अंबेडकर राष्ट्रीय पुरस्कार–2026 से सम्मानित किया गया था। कॉलेज परिवार ने इस उपलब्धि पर सुमन उपाध्याय का स्वागत कर उन्हें बधाई दी। कॉलेज प्रबंधक वीरेंद्र उपाध्याय ने उन्हें सम्मानित किया। प्रधानाचार्या शालिनी चतुर्वेदी ने भी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में सुमन उपाध्याय का योगदान प्रेरणादायी है। उनके तीन दशक के समर्पण, नेतृत्व और सामाजिक कार्यों को इस सम्मान का प्रमुख आधार बताया गया।

बलरामपुर, उतरौला एवं तुलसीपुर नगरीय क्षेत्रों में शीघ्र शुरू होगा गैस पाइपलाइन बिछाने का कार्य

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर। जनपद में आधुनिक एवं सुविधाजनक ऊर्जा व्यवस्था के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए बलरामपुर, उतरौला एवं तुलसीपुर नगरीय क्षेत्रों में पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) नेटवर्क विकसित करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है।

इसी क्रम में जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में तीनों नगरीय क्षेत्रों में इन्टु पाइपलाइन बिछाने, जिला विनियमन स्टेशन (ॅए) की स्थापना, भूमि आवंटन, आवश्यक अनापत्ति प्रमाणपत्र तथा परियोजना के निर्माण कार्य की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में अवगत कराया गया कि बलरामपुर, उतरौला एवं तुलसीपुर नगरीय क्षेत्रों में इन्टु पाइपलाइन बिछाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पूर्व में ही अनुमति प्रदान की जा चुकी है। लोक निर्माण विभाग द्वारा संबंधित क्षेत्रों के लिए डिमांड नोट भी गैस वितरण कंपनी को उपलब्ध करा दिए गए है। इस प्रकार परियोजना



के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक प्रारंभिक प्रशासनिक कार्यवाहियां पूर्ण की जा चुकी हैं।गैस वितरण कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि तीनों नगरीय क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने के लिए ठेकेदारों का चयन कर लिया गया है। तुलसीपुर में निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के संबंध में संबंधित ठेकेदार के साथ प्रारंभिक बैठक भी संपन्न हो चुकी है तथा आगामी सप्ताह में पाइपलाइन बिछाने का कार्य प्रारंभ होने की संभावना है।

इसी प्रकार बलरामपुर एवं उतरौला नगरीय क्षेत्रों में भी निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।बैठक में बताया गया कि परियोजना के अंतर्गत उतरौला एवं तुलसीपुर में जिला विनियमन स्टेशन (ॅए) की स्थापना के लिए भूमि आवंटित की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने भूमि से संबंधित लंबित भुगतान एवं अन्य औपचारिकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि पाइपलाइन बिछाने एवं अन्य निर्माण कार्यों के लिए आवश्यक अनापत्ति प्रमाणपत्र (ञ्ण) समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराए जाएं, ताकि परियोजना के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब न हो।

इसके अतिरिक्त बैठक में तुलसीपुर क्षेत्र के परसपुर करौंदा में गौशाला के निकट प्रस्तावित कम्प्रेस्ड बायोगैस (एँउ) प्लांट की स्थापना के संबंध में भी चर्चा की गई। अवगत कराया गया कि प्लांट की स्थापना के लिए भूमि उपलब्ध हो चुकी है तथा गैस वितरण कंपनी द्वारा दीपावली के उपरांत तकनीकी टीम भेजकर भूमि की व्यवहार्यता का परीक्षण कराया जाएगा।गैस वितरण कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि परियोजना को निर्धारित समय-सीमा अप्रैल 2028 से पूर्व पूर्ण करने का लक्ष्य है। कंपनी द्वारा निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए लगभग एक वर्ष के भीतर परियोजना पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा।जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने निर्देशित किया कि गैस वितरण कंपनी एवं संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए परियोजना के निर्माण कार्यों को शीघ्र धरातल पर उतारें। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़ी इस महत्वपूर्ण परियोजना के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए।जिलाधिकारी ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि पाइपलाइन बिछाने के दौरान सड़कों की खुदाई व्यवस्थित ढंग से की जाए तथा कार्य पूर्ण होने के उपरांत संबंधित सड़कों की समयबद्ध मरम्मत एवं पुनर्स्थापना सुनिश्चित की जाए। निर्माण कार्य के दौरान यातायात व्यवस्था, सुरक्षा मानकों एवं आमजन की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को परियोजना की प्रगति की नियमित निगरानी करने तथा निर्माण कार्य में आने वाली प्रशासनिक एवं तकनीकी समस्याओं का आपसी समन्वय से त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जनपद के तीनों प्रमुख नगरीय क्षेत्रों में इन्टु नेटवर्क का विकास भविष्य में घरों एवं अन्य पात्र उपभोक्ताओं तक पाइपलाइन के माध्यम से प्राकृतिक गैस उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इससे नागरिकों को सुविधाजनक एवं आधुनिक ऊर्जा विकल्प उपलब्ध हो सकेगा।जिला प्रशासन द्वारा परियोजना के शीघ्र क्रियान्वयन के लिए आवश्यक समन्वय एवं सहयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। गैस आपूर्ति प्रारंभ होने की तिथि निर्माण कार्य एवं संबंधित तकनीकी तथा नियामकीय प्रक्रियाएं पूर्ण होने के उपरांत निर्धारित होगी। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी एवं गैस कंपनी के प्रतिनिधि मौजूद रहें।

12 दिसंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत, सुलह-समझौते से होगा मुकदमों का निस्तारण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश एवं जनपद न्यायाधीश के आदेशानुसार आगामी 12 दिसंबर (द्वितीय शनिवार) को जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन मामलों के साथ-साथ प्री-लिटिगेशन स्तर के वादों का निस्तारण आपसी सुलह-समझौते के आधार पर कराया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव शैलेंद्र नाथ ने बताया कि 12 दिसंबर को सुबह 10 बजे से सिविल कोर्ट सिद्धार्थनगर, बाह्य न्यायालय बांसी व डुमरियागंज, जिला कारागार सिद्धार्थनगर समेत समस्त राजस्व, चकबंदी एवं अन्य न्यायालयों में लोक अदालत की कार्यवाही शुरू होगी। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक संख्या में लंबित मामलों का निस्तारण करना है। उन्होंने बताया कि इस दौरान आपराधिक शमनीय वाद, एनआई एक्ट की धारा 138 (चेक बाउंस), न्यायालयों में लंबित पुराने मामले, ई-चालान, आर्बिट्रेशन निष्पादन, बैंक वसूली, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं (एमएसीटी), पारिवारिक विवाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण और विद्युत व जल बिल विवाद (चोरी के मामलों सहित) को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सेवा संबंधी वेतन व सेवानिवृत्तिक लाभ विवाद, जनपद न्यायालय में लंबित राजस्व वाद तथा दीवानी मामलों (किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश व विशिष्ट अनुतोष) का भी मौके पर निपटारा होगा। सचिव शैलेंद्र नाथ ने यह भी स्पष्ट किया कि परिवार न्यायालय से संबंधित पारिवारिक विवादों एवं एनआई एक्ट की धारा 138, बैंक वसूली, श्रम तथा बिजली-पानी बिल से जुड़े मामलों को प्री-लिटिगेशन स्तर पर भी आपसी सद्भावना से हल कराने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने वादकारियों से अपील की है कि वे लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपने लंबित मामलों का निस्तारण कराएं।

पूर्व सांसद प्रत्याशी युगल किशोर शुक्ल एडवोकेट ने 33/11केवी विद्युत उपकेन्द्र शिवपुरा को चालू करवाने की माँग की

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर। आपको बताते चलें कि 58 श्रावस्ती लोकसभा के जनपद बलरामपुर के विधानसभा तुलसीपुर के विकास खण्ड हरैया सतघरवा के मुख्यालय शिवपुरा बाजार और निकटवर्ती क्षेत्र में गर्मी भर लो लाईट की समस्या रहती है क्योंकि 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र महराजगंज से विद्युत आपूर्ति किया जाता है जो करीब 15 किलोमीटर दूर है जिस पर ओवरलोड होने के कारण क्षेत्र वासियों को घोर गर्मी की संकट में लो लाईट, बिजली कटौती आदि समस्या का सामना करना पड़ता है जबकि हरैया सतघरवा ब्लॉक मुख्यालय शिवपुरा से महज 3 किलोमीटर दूरी पर 1 जनवरी 1999 को 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र शिवपुरा का शिलान्यास तत्कालीन ऊर्जा राज्य मंत्री श्री ललू सिंह चौहान जी ने किया था जो नियत समय में बनकर तैयार हो गया था आज 27 वर्षों बाद भी 33/11केवी विद्युत उपकेन्द्र शिवपुरा को चालू नहीं किया गया। यह विद्युत उपकेन्द्र ग्राम पंचायत ठाकुरजोत की हरिहरगंज से ललिया बनकटवा अन्य जिला मार्ग के किनारे वेश कीमती जमीन पर बना है जो



क्षतिग्रस्त हो चुका है जिसके चालू होने की आश लगाए क्षेत्र की जनता बैठी है साथ ही बढ़ती गर्मी के कारण गर्मी के मौसम में क्षेत्र की जनता सुख से नींद नहीं ले पाती है और बिजली कटौती व लो लाईट की समस्या के साथ ही पानी की तलाश में गर्मी भर सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग के बनकटवा रेंज से खतरनाक जंगली जानवर निकलकर क्षेत्र में अंधेरे का फायदा उठाकर आक्रमण करते रहते हैं छोटे जानवरों और बच्चों को निवाला बनाते हैं जिससे घर से बाहर और छत पर भी आदमी चैन से नहीं सो पाते है। सौभाग्य योजना के आने पर विकास खण्ड हरैया सतघरवा में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र हरैया का निर्माण आननफानन में किया गया जिससे लाइन दौड़ गई लेकिन गर्मी में विद्युत सप्लाई में समस्या रहती है और उसके बाद 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र मथुरा का प्रस्ताव किया गया किंतु 27 वर्षों से बने खड़े 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र शिवपुरा पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है यह ललिया थाना क्षेत्र अंतर्गत आता है विद्युत उपकेन्द्र में लगे अधिकतर विद्युत उपकरण और तार को अज्ञात चोर चुरा चुके हैं यदि शीघ्र विद्युत उपकेन्द्र शिवपुरा को चालू नहीं किया जाता है तो यहां पर लगे बिजली उपकरण भी गायब हो सकते हैं साथ पूरे तराई क्षेत्र में गर्मी के मौसम में लो लाईट और बिजली कटौती की समस्या रहती है बार बार फ्यूज उड़ने, तार शॉर्ट करने, ट्रांसफार्मर जलने आदि की घटनाओं से गर्मी भर चैन की नींद नहीं आती है इन सभी समस्याओं का स्थाई समाधान किया जावे। और नेपाल के सीमावर्ती इलाकों में आजतक बिजली नहीं पहुंची है जहां बिजली पहुंचाया जाए मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल पर ऑनलाइन विद्युत उपकेन्द्र शिवपुरा को चालू करवाने की मांग किया गया साथ ही जिला अधिकारी बलरामपुर से भी प्रार्थना पत्र भेजकर विद्युत उपकेन्द्र शिवपुरा को चालू करवाने की मांग किया। जिसका आई जी आर एस संदर्भ संख्या 40018226024067 है।

बलरामपुर में 50 मेडिकल सीटों के लिए एनएमसी निरीक्षण की तैयारियों में तेजी लाने के निर्देश

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर। जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन द्वारा संयुक्त जिला चिकित्सालय एवं चिकित्सा महाविद्यालय का निरीक्षण किया गया तथा आधारभूत सुविधाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य चिकित्सा महाविद्यालय को 50 सीटों के लिए नेशनल मेडिकल कमीशन (ञ्ण) द्वारा निरीक्षण हेतु तैयार करना है, ताकि आवश्यक मानकों को पूरा कर आगामी शैक्षणिक सत्र में महाविद्यालय में प्रवेश एवं शैक्षणिक गतिविधियों की शुरुआत की दिशा में आगे बढ़ा जा सके।जिला प्रशासन एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग का लक्ष्य है कि दिसंबर 2026 के अंतिम सप्ताह तक सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली जाएँ, जिससे ञ्ण का निरीक्षण निर्धारित कराने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सके। इसी उद्देश्य से बैठक में विद्युत आपूर्ति, पहुँच मार्ग, सुरक्षा, साफ-सफाई तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

पहुँच मार्ग एवं मार्ग की स्थिति ङ्क संबंध में जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इस कार्य को 29 अक्टूबर 2026 को कराए जाने



के निर्देश दिए गए, ताकि चिकित्सालय एवं महाविद्यालय तक आवागमन की व्यवस्था बेहतर हो सके।

विद्युत आपूर्ति एवं अवसंरचना के संबंध में जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को चिकित्सालय एवं महाविद्यालय की विद्युत व्यवस्था का तकनीकी परीक्षण कराने तथा कमियों को दूर कर विद्युत आपूर्ति को सुचारु एवं विश्वसनीय बनाने के निर्देश दिए। विद्युत फीडरों, वैकल्पिक आपूर्ति व्यवस्था तथा आवश्यक विद्युत भार की क्षमता का परीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पूर्व सैनिक कल्याण निगम से सुरक्षा गार्डों की उपलब्धता के संबंध में प्रस्ताव प्राप्त कर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस कार्य के लिए जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। वे महाविद्यालय के प्राचार्य के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।साफ-सफाई एवं कचरा निस्तारणङ्क के संबंध में जिलाधिकारी ने परिसर में नियमित सफाई व्यवस्था बनाए रखने तथा बायोमेडिकल वेस्ट एवं सामान्य कचरे के उचित संग्रहण और निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सामान्य कचरे के नियमित उठान के लिए संबंधित निकाय के साथ समन्वय स्थापित करने पर भी बल दिया गया।

निरीक्षण की तैयारियोंङ्क के अंतर्गत चिकित्सा महाविद्यालय के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाओं एवं लंबित कमियों की पहचान कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दूर करने के निर्देश दिए गए। आवश्यक सड़क निर्माण, भूमि की पैमाइश तथा अन्य सुविधाओं से संबंधित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा कराने पर जोर दिया गया।

जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यों की नियमित समीक्षा की जाए और दिसंबर 2026 के अंतिम सप्ताह तक निर्धारित तैयारियाँ पूर्ण करने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए समन्वित एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि 50 मेडिकल सीटों के लिए ञ्ण निरीक्षण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सके।उन्होंने कहा कि चिकित्सा महाविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन की दिशा में सभी आवश्यक मानकों एवं सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए निर्धारित समय-सीमा में तैयारियाँ पूर्ण करें।

लोहिया कला भवन में 1 नवंबर को लगेगा विशाल विधिक सेवा शिविर, योजनाओं का मिलेगा सीधा लाभ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देश तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के अनुमोदन पर आगामी 1 नवंबर (रविवार) को जिला स्तर पर विशाल मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। लोहिया कला भवन सिद्धार्थनगर में सुबह 9 बजे से आयोजित होने वाले इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस, विशेष रूप से निर्बल, निर्धन, दिव्यांग, महिलाओं, बच्चों, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों तथा अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के लोगों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना और जनहितकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाना है।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर के अनुसार, शिविर में समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, श्रम, स्वास्थ्य, कृषि, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, पंचायती राज, राजस्व, शिक्षा, पुलिस तथा बैंक ऋण योजनाओं समेत कई प्रमुख शासकीय विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे।

शिविर में आयुष्मान/आरोग्य कार्ड, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, वृद्धावस्था/निराश्रित महिला/दिव्यांगजन पेंशन, कृषक दुर्घटना बीमा एवं श्रमिक पंजीकरण से संबंधित आवेदन व औपचारिकताएं मौके पर ही पूर्ण की जाएंगी। इसके साथ ही विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, नेत्र, दंत व सामान्य चिकित्सकीय जांच तथा ब्लड ग्रुप टेस्ट की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। इस दौरान चिन्हित लाभार्थियों को आवश्यक उपकरण व योजनाओं से संबंधित लाभ पत्र एवं राहत सामग्री भी वितरित की जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने जनपदवासियों, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं और समाजसेवियों से अपील की है कि वे 1 नवंबर को आयोजित इस मेगा शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तथा निःशुल्क विधिक सहायता का लाभ उठाएं।

ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत बड़ी सफलता, हत्या के प्रयास के मामले में 5 अभियुक्तों को 8 साल की सजा

प्रातः काल एक्सप्रेस ब्यूरो कुशीनगर

कुशीनगर -: ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत कुशीनगर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए हत्या के प्रयास आदि के मुकदमे में 05 अभियुक्तों को 8 वर्ष के साधारण कारावास व 50,000 रुपये के अर्थदण्ड की सजा दिलाई गई है।कुशीनगर थाना कोतवाली पडरौना पर पंजीकृत मु0अ0सं0-114/1996 धारा 147, 148, 323/149, 504, 506, 307/149 भादवि के मामले में दोषी 05 अभियुक्तों के विरुद्ध स्थानीय पुलिस, मॉनिटरिंग सेल व जिला शासकीय अधिवक्ता द्वारा प्रभावी पैरवी व सार्थक कार्रवाई की गई। जिसके फलस्वरूप जिला एवं सत्र न्यायालय कुशीनगर (पडरौना) द्वारा आज दिनांक 28.10.2026 को अभियुक्तगण मटर यादव पुत्र हरहंगी यादव, व्यास यादव पुत्र डेवा यादव, शारदा यादव पुत्र नगई यादव, रामपरीखन यादव पुत्र दुखहरन यादव, छद्दू यादव पुत्र अशरफी यादव निवासीगण नगरी थाना कोतवाली पडरौना जनपद कुशीनगर को दोषी पाते हुए 08 वर्ष के साधारण कारावास व कुल 50,000 रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई।

सजा दिलाने में इनका रहा सराहनीय योगदान

अभियुक्तों को सजा दिलाने में विवेचक उ0नि0 रामप्रभा मिश्रा, डीजीसी (क्रिमिनल) जी0पी0 यादव (न्यायालय- जिला एवं सत्र न्यायालय कुशीनगर, पडरौना), थाना प्रभारी कोतवाली पडरौना ओमप्रकाश तिवारी, पैरोकार हे0का0 राजकिशोर वर्मा का सराहनीय योगदान रहा।

राष्ट्रीय टेक्नो फेस्टिवल गुजरात में छाई पूर्वांचल की प्रतिभाएं, प्रमाणपत्र व मेडल से सम्मानित हुए शिक्षक, मेंटर व छात्र

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर। पूर्वांचल के विद्यार्थियों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के राष्ट्रीय मंच से जोड़ने की दिशा में 'डे एंड नाइट स्पेस फाउंडेशन' (डीएनएसएफ) के प्रयासों से गुजरात के अंकलेश्वर में आयोजित छठवें भारतीय साइंस टेकने फेस्टिवल में पूर्वांचल की प्रतिभाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी वैज्ञानिक सोच और नवाचार क्षमताओं का लोहा मनवाया। 24 और 25 अक्टूबर को आयोजित



इस राष्ट्रीय समागम में रमन साइंस एंड टेकनेलॉजी फाउंडेशन, एपीजे अब्दुल कलाम नेशनल काउंसिल ऑफ यंग साइंटिस्ट और नेशनल काउंसिल ऑफ टीचर्स साइंटिस्ट के संयुक्त सहयोग से विभिन्न प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की गईं, जिसमें गोरखपुर, बस्ती, कुशीनगर, महराजगंज और सिद्धार्थनगर जनपदों से कुल 23 विद्यार्थियों तथा 8 शिक्षकों एवं मेंटर्स के दल ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

सिद्धार्थनगर जनपद से राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक मुस्तन शेरुल्लाह के मार्गदर्शन में विभिन्न विद्यालयों के सात बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों से चयनित प्रतिभागियों में सिद्धार्थनगर से दीपक कुमार, अवंतिका, शिवांगी, अनुज कुमार, आंचल, बिंद्रावती व नेहा; गोरखपुर से आदित्य यादव व अंशिका यादव; कुशीनगर से श्याम जी व अभिनव कुमार; महराजगंज से शुभम यादव, अमित विश्वकर्मा, काजल निषाद, कोमल जायसवाल, श्रेयांशी रौनियार व अंकित श्रीवास्तव; तथा बस्ती जनपद से दिव्यांश चौधरी, अमरमणि पांडे, आदित्य सोनी, अनंत पांडे, अरुण, तेजस राठौर और कृष्णा वर्मा शामिल रहे। राष्ट्रीय मंच पर नवाचारी सोच का शानदार प्रदर्शन करने वाले इन सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और मेंटर्स को प्रमाणपत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया।

इस गौरवमयी उपलब्धि पर डॉ. चंद्रमौली जोशी, डॉ. जे.जे. रावल, डॉ. दिलीप भट्ट, डॉ. ए.सी. माथुर, शोहरतगढ़ नगर पंचायत चेयरमैन उमा अग्रवाल, चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, डॉ. एकता शाह, बृजेश पारिख, विश्वेश्वरैया, इंजीनियर जयंत पी. जोशी, प्रो. हरिओम वत्स, प्रो. चंद्रमौली सोलंकी, प्रो. मुकेश कुमार, चित्रा सिंह, डॉ. पर्वथालु कालाकोंडा, डॉ. प्रदीप कुमार, प्रो. आर.आर. एलांगेवन, राम कृपाल, अमरेश कुमार, मनमोहन गुप्ता, गड्डालेय श्रुति हर्षिणी, इंजीनियर वी.एन. राव रेड्डी, प्रवीण कुमार यादव, राकेश कुमार (राज) और पवन कुमार सहित कई शिक्षाविदों व गणमान्य नागरिकों ने बधाई देते हुए प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पराली प्रबंधन व जागरूकता के लिए प्रचार वाहन रवाना, अवशेष जलाने पर लगेगा भारी जुर्माना

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर। जनपद में पराली और फसल अवशेष जलाने की घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम लगाने तथा किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन जनपद की विभिन्न ग्राम पंचायतों में भ्रमण कर किसानों को फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान और उचित प्रबंधन के लाभों से अवगत कराएगा। प्रचार वाहन के माध्यम से किसानों को बताया जाएगा कि खेतों में पराली जलाने से पर्यावरण गंभीर रूप से प्रदूषित होता है। इसका सीधा प्रतिकूल असर मानव स्वास्थ्य, भूमि की उर्वरा शक्ति तथा मिट्टी में मौजूद लाभकारी सूक्ष्मजीवों पर पड़ता है। इसके अलावा, खेतों में आग लगाने से आसपास खड़ी अन्य फसलों व संपत्तियों के जलने का खतरा भी बना रहता है। किसानों से अपील की जा रही है कि वे फसल अवशेष को जलाने के बजाय कृषि यंत्रों की सहायता से खेत में ही मिलाएं अथवा मल्चिंग, पशुचारा और कंपोस्ट/जैविक खाद बनाने जैसे उपयोगी कार्यों में इसका समुचित उपयोग करें।

प्रचार अभियान के तहत किसानों को कानूनी प्रावधानों की भी जानकारी दी जाएगी। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) अधिनियम की धारा 24 व 26 के तहत खेतों में पराली जलाना एक दंडनीय अपराध है। पराली जलाने की घटना पाए जाने पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप में कड़े जुर्माने का प्रावधान है, जिसके तहत 2 एकड़ से कम भूमि पर 5,000 रुपये प्रति घटना, 2 से 5 एकड़ तक 10,000 रुपये प्रति घटना और 5 एकड़ से अधिक



क्षेत्र में पराली जलाने पर 30,000 रुपये प्रति घटना का अर्थदंड लगाया जाएगा। पराली जलाने की पुनरावृत्ति होने पर पुनः जुर्माना लगाने के साथ ही संबंधित कृषक को कृषि विभाग की समस्त कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से भी वंचित कर दिया जाएगा। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक राजेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

पीड़ित युवती का आरोप मेरे मामले मे दर्ज हुआ फर्जी मुकदमा

प्रातः काल एक्सप्रेस ब्यूरो कुशीनगर



कुशीनगर। जटहां बाजार थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने जिलाधिकारी कुशीनगर को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।प्रार्थना पत्र में युवती ने आरोप लगाया है कि गांव के ही एक युवक द्वारा उसके साथ जबरदस्ती की गई और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया जा रहा है। युवती का यह भी आरोप है कि आरोपी द्वारा वीडियो को उसके परिजनों को भेजा गया और जान से मारने की धमकी दी जा रही है।पीड़िता के अनुसार उसने पहले स्थानीय थाने और चौकी, पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर शिकायत की थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब उसने जिलाधिकारी से आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई और अपनी जान-माल की सुरक्षा की मांग की है।पीड़िता ने अपने प्रार्थना पत्र में कहा है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वह जिला मुख्यालय पर आत्मदाह करने को बाध्य होगी।फिलहाल प्रार्थना पत्र के आधार पर प्रशासन द्वारा मामले की जांच की बात कही जा रही है।

खाद की किल्लत, धान खरीद और आलू किसानों की समस्याओं पर उठाई आवाज

भाकियू महात्मा टिकैत ने सौंपा 14 सूत्रीय ज्ञापन, मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

प्रातः काल एक्सप्रेस




इटावा। भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत की मासिक पंचायत नवीन मंडी स्थित मंडी सचिव कार्यालय परिसर में हुई। रामनरेश यादव की अध्यक्षता में हुई पंचायत में किसानों की समस्याओं पर चर्चा कर उनके समाधान की मांग उठाई गई। पंचायत के बाद राष्ट्रीय संगठन मंत्री चौधरी राजेंद्र सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में मंडी सचिव शिवा आशीष को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संबोधित 14 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष संजेश यादव ने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन में उठाई गई मांगों पर जल्द कार्रवाई की जाए। किसान खाद की किल्लत, धान खरीद में अनियमितताओं, आलू का उचित मूल्य नहीं मिलने और आवारा पशुओं से फसलों को हो रहे नुकसान से परेशान हैं। प्रशासन को इन समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान कराना चाहिए। तहसील अध्यक्ष जसवंतनगर बृजेश यादव ने कहा कि प्रशासन व्यापारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुन सकता है तो किसानों के साथ बैठक क्यों नहीं करता। उन्होंने मांग की कि प्रशासन किसानों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनें और संबंधित अधिकारियों के माध्यम से उनका समयबद्ध निस्तारण कराएं। ज्ञापन में धान की एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित करने, बिचौलियों पर रोक लगाने, डीएपी खाद की पर्याप्त उपलब्धता, आलू किसानों को 400 रुपये प्रति क्विंटल सब्सिडी देने, किसानों का संपूर्ण कर्ज माफ करने और घरेलू बिजली 400 यूनिट तक मुफ्त देने की मांग की गई। इसके अलावा गनन भुगतान, मंडियों में तौल व्यवस्था में सुधार, खतौनियों की त्रुटियां दूर करने और आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा सहित किसानों की अन्य समस्याएं उठाई गईं। संगठन ने मांगों पर कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। इस दौरान प्रदेश सचिव कैलाश यादव, जिला उपाध्यक्ष बृजकिशोर, जिला महासचिव राजेश कुमार, जिला महामंत्री राजीव कुमार, जिला सचिव रविंद्र कुमार, तहसील अध्यक्ष सैफई जगराम सिंह प्रजापति, तहसील अध्यक्ष सदर इटावा उदयराज सिंह, तहसील अध्यक्ष ताखा गिरजेश कुमार, चंदू बाबाजी सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

रिजर्व पुलिस लाइन में एसएसपी ने आईजीआरएस, यक्ष ऐप और चोरी-नकबजनी के मामलों की समीक्षा

शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर, लंबित घटनाओं का शीघ्र खुलासा करने के निर्देश

प्रातः काल एक्सप्रेस



इटावा। जनशिकायतों के प्रभावी निस्तारण और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन में जनपद के समस्त राजपत्रित एवं अराजपत्रित पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी आयोजित की। इसमें आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण, यक्ष ऐप के प्रभावी उपयोग तथा चोरी और नकबजनी की घटनाओं की रोकथाम एवं अनावरण के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। एसएसपी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्यवाही में तेजी लाने पर जोर दिया।गोष्ठी में एसएसपी ने निर्देश दिए कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण और निष्पक्ष तरीके से किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में केवल औपचारिकता पूरी करने के बजाय शिकायतकर्ता की समस्या का वास्तविक समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही शिकायतकर्ता की संतुष्टि का भी विशेष ध्यान रखा जाए। एसएसपी ने अपराध नियंत्रण और अपराधियों से संबंधित सूचनाओं के संकलन एवं विश्लेषण के लिए यक्ष ऐप का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तकनीकी संसाधनों का समुचित इस्तेमाल करते हुए अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखी जाए, ताकि पुलिस कार्रवाई को अधिक प्रभावी बनाया जा सके।चोरी एवं नकबजनी से संबंधित लंबित और प्रचलित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए एसएसपी ने निर्देश दिए कि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर प्रभावी कार्रवाई की जाए। ऐसी घटनाओं का शीघ्र अनावरण कर आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में नियमित गश्त बढ़ाने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर नजर रखने और अपराध की आशंका वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए। एसएसपी ने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में इन बिंदुओं पर की जा रही कार्रवाई की नियमित समीक्षा करें। कार्य में लापरवाही न बरती जाए और अपराध नियंत्रण के साथ-साथ जनशिकायतों के निस्तारण में भी प्रभावी परिणाम सुनिश्चित किए जाएं। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री श्रीचन्द्र, अपर पुलिस अधीक्षक नगर बबीता सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध संतोष कुमार सहित जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

पुलिस कार्यालय में एसएसपी ने जनसुनवाई में सुनीं फरियादियों की समस्याएं

शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। पुलिस कार्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार को जनसुनवाई कर विभिन्न थाना क्षेत्रों से अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे फरियादियों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके प्रार्थना पत्रों पर प्रभावी कार्यवाही कर न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जनसुनवाई के दौरान एसएसपी ने फरियादियों से उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही संबंधित राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से स्वयं वार्ता कर शिकायतों के निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से विचार करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़ितों को समय से न्याय मिल सके।एसएसपी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक देरी न की जाए। प्रत्येक मामले में निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। पुलिस की प्राथमिकता है कि जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर पीड़ितों को राहत प्रदान की जाए।

अटसू महोत्सव में लगा पांच दिवसीय भव्य मेला, उमड़ी लोगों की भीड़


प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। जनपद के नगर पंचायत अटसू महोत्सव के अवसर पर आयोजित पांच दिवसीय मेले में लोगों का उत्साह देखने को मिला। मेले में क्षेत्र के लोगों सहित आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मेले में बच्चों, युवाओं और महिलाओं में खासा उत्साह नजर आया। मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानें, खिलौने, खान-पान के स्टॉल तथा मनोरंजन के साधन लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चों ने मेले में झूले और खिलौनों का आनंद लिया, वहीं लोगों ने अपनी जरूरतों के सामनों की खरीदारी कर मेले का लुत्फ उठाया। मेले के चलते क्षेत्र में रौनक देखने को मिली।अटसू महोत्सव में आयोजित इस मेले ने लोगों को मनोरंजन के साथ-साथ आपसी मेल-मिलाप का अवसर भी प्रदान किया। स्थानीय लोगों में महोत्सव को लेकर उत्साह दिखाई दिया। नगर प्रशासन द्वारा आयोजित मेले में सभी दुकानदारों को बिजली, पानी सहित सभी सुविधा निशुल्क उपलब्ध कराई गई है, साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार द्वारा भरी पुलिस बल तैनात किया गया है।

दरगाह वारसी में चार दिवसीय सालाना उर्स 1 नवंबर से उर्स की तैयारी पूरी

देशभर से जायरीनों का आना शुरू हो गया है:हनी वारसी

प्रातः काल एक्सप्रेस



इटावा। कौमी एकता का प्रतीक दरगाह वारसी में परम्परागत 102वें सालाना उर्स की तैयारी पूरी हो गयी है। देश भर से श्रद्धालुओं (जायरीनों)के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। यह कार्यक्रम 01 नवम्बर से 4 नवम्बर तक चलेगा। यह जानकारी दरगाह हजरत सैयद अबुल हसन शाह वारसी के ऑनरेरी सेक्रेटरी हसनैन वारिस वारसी ने देते हुए बताया कि उर्स शरीफ का शुभारम्भ1 नवम्बर दिन इतवार से, सुबह बाद नमाज फर्ज कुरान ख्वानी के साथ शुरू हो जायेगा। हजरत मजहर अली शाह वारसी का सुबह 11:47 पर कुल होगा। बाद नमाज जोहर 03:00 बजे मीलाद शरीफ तथा असर बाद कुल शरीफ हजरत हाजी सैयद महमूद शाह वारसी होगा, रात 10 बजे से महफिले जिक्र सरकार वारिस पाक मुनक्किद होगा, 12:30 पर शब में कुल शरीफ जनाब सुल्तान हमीद वारसी व रात 2:00 बजे कुल शरीफ हजरत माशूक अली शाह वारसी होगा।

2 नवम्बर दिन सोमवार बाद नमाजे फर्ज कुरान ख्वानी, बाद नमाज़ असर नजर मौलाए कायनात जनाब हजरत अली शेरे खुदा अलैहिस्सलाम मुनक्किद होगी। रात 10:00 बजे महफिले समां शुरू होगी और शब में 1:10 पर कुल शरीफ हजरत सैयद अबुल हसन शाह वारसी मुनक्किद होगा। 3 नवम्बर दिन मंगलवार को बाद नमाजे फर्ज कुरान ख्वानी, रात 11:00 बजे महफिले समां शुरू होगी जो रात भर जारी रहेगी। 4 नवम्बर दिन बुधवार सुबह 04:13 पर कुल शरीफ हज़रत हाजी हाफिज सैयद वारिस अली शाह आजमल्लाह जिक्ररहू बादहु मजलिस इमामैन अलैहिस्सलाम मुनक्किद होगी। बाद नमाज फर्ज प्रसाद (तबर्रुक) तकसीम होकर समापन होगा।ऑनरेरी सेक्रेटरी हसनैन वारिस वारसी ने बताया पूरी दरगाह शरीफ को कार्यकर्ताओं ने दुल्हन की तरह सजा कर अपनी मोहब्बत का सबूत पेश किया है जिसमे दरगाह शरीफ के अकीदतमंद और स्टाफ प्रमुख हैं।

अटसू महोत्सव में 'मुनि याचना और तारकासुर वध' लीला का मंचन

सदर विधायका गुड़िया कठेरिया ने फीता काटकर किया उद्घाटन

प्रातः काल एक्सप्रेस



औरैया। अटसू महोत्सव में आयोजित धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगलवार को मुनि याचना और तारकासुर वध लीला का मंचन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सदर विधायका गुड़िया कठेरिया ने फीता काटकर किया। नगर प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष श्रीमती इंदु गुप्ता एवं उनके पति सुदेश प्रकाश पोरवाल ने मुख्य अतिथि विधायक का गुड़िया कठेरिया का अंग वस्त्र पहनकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया साथ ही कार्यक्रम के दौरान स्थानीय पत्रकारों को भी अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर महोत्सव को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिला। धार्मिक प्रसंगों पर आधारित लीला के मंचन ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।नगर प्रशासन अटसू की ओर से 25 अक्टूबर से 29 अक्टूबर 2026 तक आयोजित अटसू महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन बीते चार वर्षों से लगातार किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुनि याचना और तारकासुर वध लीला के मंचन ने महोत्सव की रौनक बढ़ाई। कार्यक्रम में भगवान शिव, ऋषि-मुनियों और तारकासुर से जुड़े पौराणिक प्रसंगों को मंच के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।? कार्यक्रम का उद्घाटन करने पहुंचीं सदर विधायक गुड़िया कठेरिया ने महोत्सव की गतिविधियों में सहभागिता की। धार्मिक लीला के माध्यम से दर्शकों को भारतीय संस्कृति, पौराणिक परंपराओं और धर्म से जुड़े प्रसंगों को करीब से देखने का अवसर मिला। मंचन के दौरान कलाकारों ने अपने अभिनय और संवादों के माध्यम से कथा को जीवंत रूप देने का प्रयास किया। अटसू महोत्सव नगर क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को बढ़ावा देने वाला आयोजन बन रहा है। नगर प्रशासन अटसू की ओर से आयोजित इस महोत्सव में धार्मिक कार्यक्रमों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों को एक मंच पर आने का अवसर मिल रहा है। ऐसे आयोजनों से स्थानीय परंपराओं के संरक्षण और नई पीढ़ी को धार्मिक-सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने में मदद मिलती है। महोत्सव को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह देखने को मिला और विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से महोत्सव को यादगार बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

पिछली सरकारों में मत्स्य विभाग की समितियां 10 वर्षों में मात्र एक बनती थी आज हजारों की संख्या में बनाई जा रही है समितियां:हरि नारायण बाजपेई

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा यमुना नदी में मछली मात्रा घटने एवं पर्यावरण संतुलन के उद्देश्य से चलाई जा रही नदी बीज संचय योजना के तहत मत्स्य विभाग इटावा द्वारा आज यमुना नदी में काली वाहन मंदिर के सामने स्थित भूतपापेश्वर महादेव मंदिर पर सदर विधायक प्रतिनिधि हरि नारायण बाजपेई ने 50000 रोहू नरऐन कत्ला आदि के फिंगर साइज के बच्चे यमुना नदी में सहायक निदेशक मत्स्य विजय कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में संचित किए गए विधायक प्रतिनिधि हरिनारायण बाजपेई ने कहा की डबल इंजन की सरकार में सदैव हर वर्ग के उत्थान का कार्य किया है इसी क्रम में मछुआ समुदाय के लिए प्रधानमंत्री मत्स्यसंपदा योजना मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना निषाद राज बोट योजना मोती पालन योजना सहित तमाम योजनाएं चलाएं अब तक की मछुआ समुदाय के लोग किल ऑफ सीजन में भुखमरी से न गुजरे इसके लिए 3 महीने के लिए विशेष बेरोजगारी भत्ता देने का कार्य किया है साथ ही नई समितियां गठन के लिए प्रक्रिया को सरल सहज बनाते हुए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की पूर्वी की सरकारों में 10-10 सालों में एक समिति का गठन होता था आज प्रत्येक जनपद में बड़ी मात्रा में समिता बन रही है और मछुआ समुदाय के लोग रोजगार करके लाभान्वित हो रहे है सभी के उत्थान की बात से भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही कर सकती है इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वामी प्रदीपानंद जी महाराज सहायक निदेशक मत्स्य विजय कुमार गुप्ता वरिष्ठ मत्स्य निरीक्षक प्रमोद कुमार आदर्श मत्स्य निरीक्षक उदयवीर यादव जितेंद्र सिंह भारतीय जनता पार्टी मत्स्य प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष ओम रतन कश्यप व्यापार प्रकोष्ठ जिला संयोजक अजय कुमार गुप्ता व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष राजीव कुमार पाल यश कश्यप मुननलाल निषाद परमजीत कश्यप रामू निषाद अनुराग यादव सहित तमाम मत्स्यपालक भी उपस्थित रहे।

मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में उत्साह के साथ मनाया गया विश्व जूडो दिवस

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। विश्व जूडो दिवस के अवसर पर बुधवार को मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में जूडो खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ आयोजन में भाग लिया। इस दौरान खिलाड़ियों ने जूडो खेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने और नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया। विश्व जूडो दिवस जूडो के जनक प्रोफेसर डॉ. जिगोरो कानो की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। उनका जन्म 28 अक्टूबर 1860 को हुआ था। जापान में विकसित जूडो आज विश्वभर में लोकप्रिय मार्शल आर्ट और खेल के रूप में पहचान बना चुका है। इस अवसर पर स्टेडियम के प्रशिक्षकों, अधिकारियों और वरिष्ठ खिलाड़ियों ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी राखी कनौजिया, लक्ष्मी देवी, अमूल्य पटेल और शुभम चंद शर्मा ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को अनुशासन, निरंतर अभ्यास, मेहनत और समर्पण के साथ खेल में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ खिलाड़ियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के माध्यम से खिलाड़ियों को जूडो की परंपरा, खेल भावना और आत्मविश्वास के महत्व से परिचित कराया गया। आयोजन का उद्देश्य जूडो के प्रति रुचि बढ़ाना तथा खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करना रहा।

सोशल मीडिया पर दोस्ती कर 1.01 करोड़ की ठगी, 7वां आरोपी गिरफ्तार; 27 लाख फ्रीज



प्रातः काल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर। सोशल मीडिया पर दोस्ती कर निवेश के नाम पर 1.01 करोड़ की साइबर ठगी मामले में साइबर क्राइम पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गंगोह सहारनपुर निवासी फुजैल उर्फ फैजुल पुत्र जियाउलहक के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार ठगी की रकम में से 27.29 लाख रुपये फ्रीज कराए गए हैं, जिसे पीड़ित को वापस कराने की कार्रवाई चल रही है। इस मामले में अब तक 7 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पीड़ित को फेसबुक पर गीतिका कपूर उर्फ 'जीजी' के नाम से फ्रेंड रिक्वेस्ट मिली। भावनात्मक संबंध बनाकर उँ वेबसाइट पर ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर फर्जी मुनाफा दिखाया और विभिन्न खातों में 1,01,02,000 रुपये जमा करा लिए। बाद में फाइनल वेरिफिकेशन और एंटी मनी लॉन्ड्रिंग के नाम पर और रकम मांगी गई। पहले गिरफ्तार आरोपियों में अब्दुल कादीर गंगोह, आकिब अली अलीगढ़, निखिल त्रिपाठी इंदौर, बलवंत जायसवाल छत्तीसगढ़, मोहित कुमार दिल्ली और शहनवाज उर्फ गुड्डू गंगोह शामिल हैं। यह कार्रवाई एसएसपी सूरज कुमार राय के पर्यवेक्षण में एसपी क्राइम इंदु सिद्धार्थ और थाना प्रभारी कर्मवीर सिंह की टीम ने की। थाना साइबर क्राइम में मुकदमा संख्या 22/2026 के तहत बीएनएस व आईटी एक्ट में केस दर्ज है।

श्रम विभाग की बाल श्रम के खिलाफ छापेमारी,नौ किशोर मुक्त; पांच सेवायोजकों को नोटिस

प्रातः काल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर। बाल श्रम के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत श्रम विभाग और संबंधित टीमों ने बुद्धवार को पुरकाजी कस्बे के मुख्य बाजार,लक्सर रोड,भूराहेड़ी रोड और जीटी रोड सहित विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की।इस दौरान परचून की दुकानों,ज्वैलर्स की दुकानों,होटल-ढाबों,मिठाई की दुकानों,हेंडा सर्विस सेंटर और फर्नीचर शोरूम का निरीक्षण किया गया। कार्रवाई के दौरान नौ किशोरों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया जबकि पांच सेवायोजकों के विरुद्ध निरीक्षण टिप्पणी जारी कर विधिक कार्रवाई शुरू की गई।जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय के निर्देश पर सहायक श्रम आयुक्त देवेश सिंह के निर्देशन में यह अभियान चलाया गया।टीम में श्रम प्रवर्तन अधिकारी बालेश्वर सिंह,शालू राणा,थाना एएचटीयू प्रभारी सत्येंद्र नागर,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन संस्था ग्रामीण समाज विकास केंद्र के प्रतिनिधि शामिल रहे। श्रम प्रवर्तन अधिकारी बालेश्वर सिंह ने बताया कि बाल श्रम के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। सहायक श्रम आयुक्त देवेश सिंह ने सभी सेवायोजकों से अपील की कि वे 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों और किशोरों से कानून के विरुद्ध किसी भी प्रकार का कार्य न कराएं। उन्होंने बताया कि बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम के तहत प्रतिबंधित परिस्थितियों में बच्चों से काम कराने पर सेवायोजकों के विरुद्ध 20 हजार से 50 हजार रुपये तक के जुर्माने और दो वर्ष तक की कैद का प्रावधान है।जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन संस्था ग्रामीण समाज विकास केंद्र के गजेंद्र सिंह ने कहा कि संस्था बाल अधिकारों की रक्षा के लिए शासन-प्रशासन के साथ मिलकर काम कर रही है।बच्चों का बचपन सुरक्षित रखने और बाल श्रम रोकने के लिए ऐसे अभियानों में संस्था निरंतर सहयोग करती रहेगी।अभियान के दौरान पैरा लीगल वॉलंटियर गौरव मलिक,थाना एएचटीयू से उपनिरीक्षक जगत सिंह और कांस्टेबल जयप्रकाश सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

करवा चौथ पर मेहंदी के रंगों से सजी शाकुम्भरी वाटिका, प्रतियोगिता में प्रिया गर्ग और सिया गोयल ने मारी बाजी

प्रातः काल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर। करवाचौथ पर्व के अवसर पर समाज कल्याण एवं महिला विकास समिति की ओर से दक्षिणी कृष्णापुरी स्थित शाकुम्भरी वाटिका में मेहंदी प्रतियोगिता और एक दिवसीय निःशुल्क मेहंदी शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का उद्घाटन समाजसेवी लाला प्रदीप गोयल और उनकी पतनी पवित्रा गोयल ने फीता काटकर किया।भावना गुप्ता, प्रधानाचार्या मंजू गोयल और शैलजा मित्तल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। संस्था की अध्यक्ष एवं महिला ऐच्छिक ब्यूरो की पूर्व सदस्या मनीषा गोयल ने बताया कि शिविर में 50 से अधिक सुहागिनों के हाथों पर निःशुल्क मेहंदी लगाई गई।मेहंदी प्रतियोगिता में महिलाओं और बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।प्रतियोगिता के महिला वर्ग में प्रिया गर्ग ने प्रथम और शिक्षिका शिखा गोयल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।बालिका सीनियर वर्ग में तनिशा मित्तल प्रथम और खुशी सक्सेना द्वितीय स्थान पर रहीं।बालिका जूनियर वर्ग में सिया गोयल ने प्रथम, राधिका वर्मा ने द्वितीय और जानवी सक्सेना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली सभी सनातनी बालिकाओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के आयोजन में अमिता गोयल, इंजीनियर्स क्लब के सचिव इंजीनियर बसंत कुमार गोयल, संतोष वर्मा, प्रकाशी शर्मा, सपना गोयल, रूही गर्ग, ऐनी धीमान, अनविका, केशवी, श्रव्या, अनन्वी और मुकेश का विशेष योगदान रहा।इस अवसर पर मंजू सेन, मंजू शर्मा, एकता शर्मा, अंजली वर्मा,प्रियंका शर्मा, पूजा मित्तल, सरोज, रेखा शर्मा, अनुष्का, किरण सिंघल, उषा, बबीता, गुड्डी सिंघल और प्रीति सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

शिक्षा निदेशालय में उपद्रव-तोड़फोड़ का आरोप, 300 अभ्यर्थियों के धरने से कामकाज ठप

प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रयागराज। शिक्षा निदेशालय मुख्यालय परिसर में 27 अक्टूबर को प्रदर्शन के दौरान उपद्रव और तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। अपर शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) कामता राम पाल ने शासन को पत्र भेजकर उपद्रवियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने और सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। 28 अक्टूबर को भेजे गए पत्र के अनुसार, 27 अक्टूबर को दोपहर करीब 3 बजे वीआईपी रोड पर प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों ने जाम लगाया। आरोप है कि कुछ उपद्रवी तत्वों ने बैरिकेडिंग तोड़कर परिसर में प्रवेश किया, फर्नीचर व अधिकारियों-कर्मचारियों के वाहनों को क्षतिग्रस्त किया और अभद्रता की। पत्र में कहा गया है कि कार्यालय कक्ष के सामने करीब 300 अभ्यर्थी माइक-दरी लगाकर धरने पर बैठे हैं। जिला प्रशासन के समझाने के बावजूद हटने को तैयार नहीं हैं, जिससे सरकारी कामकाज प्रभावित हो रहा है और परिसर में भय का माहौल है। अपर शिक्षा निदेशक ने थाना अध्यक्ष सिविल लाइंस को पत्र भेजकर बीएनएस 2023 और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 के तहत मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई का उल्लेख किया है। शासन, महानिदेशक स्कूल शिक्षा, जिलाधिकारी और पुलिस आयुक्त को भी पत्र की प्रतिलिपि भेजी गई है।

पांच लाख की रंगदारी नही दी तो किया हमला, गला दबाकर मारने की कोशिश का आरोप

भगवंतपुरा में दबंगई का आरोप, लाठी-ईंटों से हमला कर मजदूरों को भगाया; बाउंड्री तोड़कर 20 हजार का नुकसान, पिता-भाई को भी जान से मारने की धमकी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। झांसी के भगवंतपुरा में प्लॉट पर निर्माण कार्य कराने को लेकर पांच लाख रुपये की मांग और कथित दबंगई का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि अतिरिक्त पांच लाख रुपये देने से इनकार करने पर एक व्यक्ति अपनी पुत्री के साथ प्लॉट पर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। लाठी-डंडों और ईंटों से हमला करने के साथ गला दबाकर जान से मारने की कोशिश किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। इतना ही नहीं, बीच-बचाव करने आए दो लोगों को भी कथित तौर पर पीटा गया, मजदूरों को काम से भगा दिया गया और प्लॉट की बाउंड्री का कुछ हिस्सा तोड़ दिया गया। पीड़ित के मुताबिक, इस घटना में करीब 20 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। मामले को लेकर पीड़ित ने थाना सदर बाजार में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।प्रार्थना पत्र के मुताबिक, बंगला नंबर 41, ओरछा रोड, कैंट सदर बाजार निवासी गगन



प्रताप सिंह विज पुत्र हरविंदर सिंह विज 28 अक्टूबर को सुबह करीब 11 बजे भगवंतपुरा स्थित अपने प्लॉट पर निर्माण कार्य करा रहे थे। इसी दौरान राधेश्याम बोरेले पुत्र पननलाल बोरेले अपनी पुत्री के साथ वहां पहुंचा। आरोप है कि उसने गाली-गलौज करते हुए पांच लाख रुपये देने के बाद ही काम शुरू करने की बात कही। जब पीड़ित ने सवाल किया कि आखिर वह पांच लाख रुपये किस बात के दे, तो विवाद बढ़ गया और देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई।

पीड़ित का आरोप है कि राधेश्याम बोरेले ने लाठियों से हमला किया, जबकि उसकी पुत्री ने ईंटें उठाकर मारना शुरू कर दिया। आरोप है कि हमलावर ने पीड़ित को जमीन पर पटककर उसका गला दबाया और उसके ऊपर चढ़ गया, जिससे वह मौके पर बेहोश हो गया। प्लॉट पर काम कर रहे विजय अहिरवार ने उसे बचाने की कोशिश की तो उनके साथ भी मारपीट की गई। वहीं, रवि कुमार वंशकार के बीच-बचाव करने पर उसे भी निशाना बनाया गया। पीड़ित के अनुसार, इस घटना में उसे और बचाव के लिए आए लोगों को चोटें आईं।

आरोपों के मुताबिक, मामला यहीं नहीं थमा। जाते समय राधेश्याम बोरेले ने कथित तौर पर उसी दिन शाम पांच बजे तक अपने घर पांच लाख रुपये पहुंचाने की धमकी दी। रुपये नहीं मिलने पर प्लॉट की पूरी बाउंड्री तोड़ने और पीड़ित के साथ उसके पिता व भाई को जान से मारकर फेंक देने की धमकी दिए जाने का आरोप है। पीड़ित का कहना है कि मजदूरों को भी मारपीट कर भगा दिया गया और बाउंड्री का कुछ हिस्सा तोड़ दिया गया, जिससे लगभग 20 हजार रुपये की क्षति हुई।

पीड़ित ने प्रार्थना पत्र में जमीन के स्वामित्व और कब्जे का उल्लेख करते हुए बताया कि वर्ष 2019 में उसकी मां ने उक्त जमीन राधेश्याम बोरेले से खरीदी थी। उसके अनुसार, तभी से परिवार का जमीन पर कब्जा है। इसके बावजूद अतिरिक्त पांच लाख रुपये की मांग किए जाने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित ने पुलिस से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर रिपोर्ट दर्ज करने, मारपीट, धमकी और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोपों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

हर समस्या का समाधान संभव, जरूरत है रचनात्मक सोच और सेवाभाव की : विमल दुबे

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में मण्डलायुक्त का सम्मान, कुलपति ने विकास कार्यों में योगदान को सराहा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झाँसी। 'हर समस्या का समाधान संभव है। आवश्यकता केवल रचनात्मक सोच, सकारात्मक दृष्टिकोण और सेवा के प्रति समर्पण की है। संवेदनशीलता, सहजता और प्रेम लोकसेवा के वास्तविक आधार है।' यह विचार मण्डलायुक्त विमल दुबे ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कॉन्फ्रेंस कमेटी हॉल में आयोजित अपने सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।



विदाई पूर्व आयोजित समारोह में मण्डलायुक्त ने कहा कि प्रशासनिक सेवा की वास्तविक सफलता योजनाओं और उपलब्धियों के आंकड़ों में नहीं, बल्कि आमजन के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव में निहित होती है। उन्होंने विश्वविद्यालय से अपने आत्मीय संबंधों का उल्लेख करते हुए शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों से मिले सन्ह के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय के नेतृत्व में विश्वविद्यालय में हो रहे विकास कार्यों की सराहना की।

कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय ने कहा कि मण्डलायुक्त विमल दुबे ने झाँसी मण्डल के विकास, शहर के कायाकल्प तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा), स्मार्ट सिटी मिशन और एक्सप्रेसवे से जुड़ी विकास परियोजनाओं में उनके योगदान की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि विमल दुबे की प्रशासनिक दक्षता, विनम्रता और जनहित के प्रति संवेदनशीलता प्रेरणादायी है।

इस अवसर पर मण्डलायुक्त की धर्मपत्नी एवं साहित्यकार रचना विमल को भी सम्मानित किया गया। कुलसचिव ज्ञानेन्द्र कुमार, वित्त अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक राजबहादुर सहित अन्य वक्ताओं ने मण्डलायुक्त के प्रशासनिक कार्यों, सहयोगात्मक व्यवहार और विश्वविद्यालय के प्रति उनके योगदान की प्रशंसा की।समारोह के अंत में कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय ने विश्वविद्यालय परिवार की ओर से मण्डलायुक्त विमल दुबे को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुपम व्यास ने किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मुसीबत में जरूरतमंदों का सहारा बनीं नसरीन बानों, मुंबई से प्रयागराज तक जारी है समाजसेवा का सफर

कोविड काल में असहायों की मदद से लेकर गरीब बच्चों की शिक्षा तक जरूरतमंदों के जीवन में बदलाव लाने का संकल्प

प्रातःकाल एक्सप्रेस



प्रयागराज। किसी जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान लाना, किसी गरीब बच्चे की शिक्षा में मदद करना और संकट की घड़ी में असहाय लोगों के साथ खड़े होना ही समाजसेवा का वास्तविक अर्थ है। इसी भावना को अपने कार्यों का आधार बनाकर नसरीन बानों मुंबई से लेकर प्रयागराज तक सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय हैं। उनका मानना है कि समाज की वास्तविक तरक्की तभी संभव है, जब जरूरतमंदों को सहारा मिले और गरीब बच्चों को आगे बढ़ने का अवसर मिले।मुंबई में सामाजिक कार्यों से जुड़ीं नसरीन बानों ने कोविड-19 महामारी के दौरान असहाय लोगों की मदद में योगदान दिया। संकट के उस दौर में जरूरतमंदों के साथ खड़े होने के उनके प्रयासों ने समाजसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को सामने रखा। गरीब बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देना और मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना भी उनके सामाजिक सरोकारों में शामिल रहा है। वर्ष 2007 में मुंबई में नगर सेवक के रूप में कार्य करने के साथ ही वह मानवाधिकार आयोग मुम्बई से जुड़ीं और युवा अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी निभाई। इसके बाद अपने गृह जनपद प्रयागराज लौटकर उन्होंने समाजसेवा की गतिविधियों को आगे बढ़ाया। वर्तमान में वह अतरसुइया वार्ड में कांग्रेस की वार्ड सचिव के रूप में भी कार्यरत है। नसरीन बानों की सामाजिक सक्रियता का केंद्र जरूरतमंदों की सहायता, शिक्षा के प्रति जागरूकता और समाज के कमजोर वर्गों को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने की भावना है। उनका सफर इस संदेश को रेखांकित करता है कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और निरंतर प्रयास जरूरी है। मुंबई में शुरू हुआ उनका सामाजिक सफर अब प्रयागराज में भी जारी है।

साइबर ठगी से बचने के लिए सतर्कता और जागरूकता जरूरी

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में 'मिशन साइबर सुरक्षा' कार्यशाला आयोजित, अटल एलुमनाई टॉक में विद्यार्थियों को किया प्रेरित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में कैंपस साइबर सेल तथा जैव रसायन एवं सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'मिशन साइबर सुरक्षा' विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव और सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के उपाय बताए गए।कार्यक्रम में छात्र कल्याण अधिष्ठाता एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. सुनील कबिया उपस्थित रहे। कैंपस साइबर सेल की छात्र मुख्य समन्वयक प्रतीका शुक्ला एवं मुख्य कार्यकारी प्रमुख रुद्र प्रताप सिंह ने फिशिंग, ऑनलाइन ठगी और डेटा चोरी के प्रति जागरूक किया। उन्होंने अनजान लिंक पर क्लिक न करने, मजबूत पासवर्ड रखने, ओटीपी साझा न करने और सोशल मीडिया पर निजी जानकारी सुरक्षित रखने की सलाह दी।

इसी क्रम में जैव रसायन विभाग की ओर से 'अटल एलुमनाई टॉक' आयोजित की गई। इसमें विभाग की पूर्व छात्रा एवं जी.डी. गोयनका स्कूल में शिक्षिका श्रद्धा सिंह ने विद्यार्थियों से संवाद कर अपने शैक्षणिक और व्यावसायिक अनुभव साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने, निरंतर सीखने और अपनी क्षमताओं का विकास करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम का समन्वय डॉ. सुमिरन श्रीवास्तव एवं डॉ. देवेंद्र मणि त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर इंजी. अंजलि छोंकर, दिव्या जैन, डॉ. पंकज कुमार सागर एवं डॉ. ऋषि सक्सेना उपस्थित रहे।

झांसी मंडल में सतर्कता जागरूकता संगोष्ठी आयोजित, भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता पर जोर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल में मंडल रेल प्रबंधक सभाकक्ष में सतर्कता जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें मुख्यालय प्रयागराज से आए सतर्कता विभाग के अधिकारियों ने रेलकर्मियों को पारदर्शिता, जवाबदेही, नियमों के पालन और भ्रष्टाचार मुक्त कार्यप्रणाली के प्रति जागरूक किया।मुख्य सतर्कता अधिकारी (भंडार) विपुल कनौजिया ने कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों को अपनाने पर जोर दिया। वहीं, विभिन्न विभागों के उप मुख्य सतर्कता अधिकारियों गुंजन श्रीवास्तव, कृष्णकांत, ऋषि राज और जे. संजय कुमार ने केस स्टडी के माध्यम से नियमों के अनुपालन और संभावित अनियमितताओं से बचने की जानकारी दी। क्विज में राजकमल गुप्ता प्रथम, अजय कुमार राय द्वितीय और अजय प्रकाश तृतीय रहे। आशुभाषण प्रतियोगिता में अरुण कुमार सचान प्रथम, राजकमल गुप्ता द्वितीय और अजय प्रकाश तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक प्रेम प्रकाश शर्मा सहित मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

पर्यटनविद् डॉ प्रदीप कुमार तिवारी राष्ट्रीय हिन्दी गौरव सम्मान से सम्मानित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मथुरा । नई दिल्ली के पांच सितारा होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में बुन्देलखण्ड पर्यटन विकास एवं पुरातत्व संरक्षण समिति के अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार तिवारी को उनके द्वारा लिखित पुस्तक बुन्देलखण्ड में पर्यटन की समीक्षा करने के उपरान्त चयन समिति द्वारा देश की राजधानी नई दिल्ली में 25 अक्टूबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ , वृन्दावन धाम, मथुरा द्वारा मेडल , प्रशस्ति पत्र एवं शॉल ओढ़ाकर 'विद्या वाचस्पति' एवं विद्या वारिधि सारस्वत सम्मान से सम्मानित किया गया।

हिन्दी संगोष्ठी एवं भव्य सम्मान समारोह का आयोजन रानी लक्ष्मीबाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय झांसी के पूर्व कुलपति पद्मश्री डॉ. अरविन्द कुमार के मुख्य आतिथ्य, विद्यापीठ के कुलपति डॉ. इंदुभूषण मिश्र 'देवेन्दु' की अध्यक्षता , मुख्य वक्ता के रूप में मेरठ के सुभारती विश्विद्यालय, मेरठ के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. इन्द्रजीत सिंह एवं अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ , उत्तराखण्ड के अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र सिंह तोमर के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ दीप प्रज्ज्वलित करके किया ।

पिता का साया बन डॉ. संदीप सरावगी ने आफरीन को दी विदाई, भावुक हुए उपस्थित लोग

प्रातःकाल एक्सप्रेस



झाँसी। रिश्ते केवल रक्त से नहीं, बल्कि संवेदनाओं, करुणा और अपनत्व से भी बनते हैं। जब किसी बेटी के सिर से पिता का साया उठ जाता है, तो उसके जीवन में एक ऐसी रिक्तता जन्म लेती है, जिसे शब्दों में बयां करना कठिन होता है। ऐसे ही भावुक क्षणों में संघर्ष सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. संदीप सरावगी ने पिता का फर्ज निभाते हुए आफरीन को सन्ह और आशीर्वाद के साथ विदा किया।स्वर्गीय खालिद खान की पुत्री आफरीन, जिनकी माता रेशमा बानो एक गृहिणी हैं और भाई फैसल वेल्डिंग का कार्य करते हैं, के जीवन के इस विशेष अवसर पर डॉ. संदीप सरावगी ने अभिभावक के रूप में अपनी संवेदनशील भूमिका निभाई। आफरीन को विदाई से पूर्व कलर्स ब्यूटी पार्लर में तैयार कराया गया, ताकि वह अपने जीवन के इस नए पड़ाव की ओर आत्मविश्वास और गरिमा के साथ कदम बढ़ा सके।संघर्ष सेवा समिति कार्यालय में विदाई का यह पल भावनाओं से सराबोर रहा। डॉ. संदीप सरावगी ने आफरीन को बेटी के समान सन्ह देते हुए उसके सुखद, सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पिता की अनुपस्थिति से उपजी भावनात्मक कमी के बीच मिला यह अपनत्व उसके लिए संबल और सहारे का प्रतीक बना।यह प्रसंग इस बात का सजीव उदाहरण है कि इंसानियत का सबसे सुंदर रूप वह है, जब कोई दूसरे की बेटी को अपनी बेटी समझकर उसके सिर पर आशीर्वाद का हाथ रखता है। डॉ. संदीप सरावगी का यह कदम सामाजिक सरोकार, मानवीय संवेदना और रिश्तों की वास्तविक गरिमा को अभिव्यक्त करता है।कभी-कभी किसी बेटी की विदाई केवल एक घर से दूसरे घर की यात्रा नहीं होती, बल्कि विश्वास, दुआओं और नए सपनों की ओर बढ़ता हुआ कदम होती है। आफरीन की विदाई का यह भावुक क्षण इसी मानवीय संवेदना की याद दिलाता है।

भारत विकास परिषद की डांडिया नाइट में सदस्यों ने जमकर किया धमाल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। भारत विकास परिषद मुख्य शाखा झांसी के तत्वावधान में अध्यक्ष अमित सराया की अध्यक्षता में झांसी होटल में डांडिया नाइट का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परिषद के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियों के साथ विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पूरे आयोजन में उत्साह, उमंग और आपसी सौहार्द का माहौल बना रहा।डांडिया नाइट की संयोजिका निशा गर्ग एवं अल्पना जैन ने शानदार संयोजन करते हुए सदस्यों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया। डांडिया प्रतियोगिता में कल्पना-आलोक अग्रवाल तथा मधु-निलेश मोदी की जोड़ी ने सफलता हासिल की। वहीं, आकर्षक अंताक्षरी प्रतियोगिता में परवाना की टीम विजेता रही। समयबद्धता एवं म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में सुनीता-संजय अरोरा ने बाजी मारी।कार्यक्रम के अंत में सभी सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आयोजन ने सदस्यों को मनोरंजन के साथ एक-दूसरे के साथ समय बिताने और आपसी मेलजोल बढ़ाने का अवसर प्रदान किया। परिषद के सदस्यों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया और आयोजन की सराहना की।

डांडिया नाइट में कृति शर्मा, अनुराधा गुप्ता, मंजू अग्रवाल, वंदना पुरवार, अनुपमा खनन, राखी जैन, सुनीता अग्रवाल, रश्मि झांब, सुरेखा जायसवाल, प्रभा यादव, मधु पासी, अनु अग्रवाल, अनीता खंताल, श्वेता अरोरा, नेहा अरोड़ा, नीतू लोया, शशि अग्रवाल, नम्रता सोनी, साधना बिसो, सुनीता राय, शिखा आहूजा, शारदा पटेल, अल्पना चतुर्वेदी, डॉ. रंजना गुप्ता, अनीता कठिल, श्वेता खरे, क्षमा जैन, मेघा गुप्ता, नीलम नगरिया, बिपुला अरोड़ा, हितेश शर्मा, पवन गर्ग, वीरेंद्र गुप्ता, डॉ. कृष्ण मोहन अग्रवाल, अनिल कुमार तिवारी, अरविंद मोदी, राजू झांब, संजय जैन, राजेश जैन, अजय अग्रवाल, सीए रोहित जायसवाल, अजय पुरवार, अनूप खनन, नरेंद्र अग्रवाल, अशोक पासी, अशोक खंताल, राजीव अरोरा, दिनेश यादव, दीपक लोया, विनोद अग्रवाल, गगन सोनी, धर्मेंद्र बिसो, राकेश राय, दीपक आहूजा, बीबी पटेल, राहुल चतुर्वेदी, डॉ. रमाकांत गुप्ता, दीपक कठिल, सुमित खरे, शरद गुप्ता, कपिल नगरिया, सूर्य प्रकाश अग्रवाल, विवेक अरोरा, संजय अरोरा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।अंत में परिषद के सचिव विनय जैन ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों का धन्यवाद किया।

प्रयागराज के लोकप्रिय गायक रोशन पाण्डेय को मिला 'सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन सम्मान



प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। प्रयागराज की ऐतिहासिक कटरा रामलीला में अपने उत्कृष्ट संगीत निर्देशन से रामलीला मंचन को नई पहचान देने वाले लोकप्रिय गायक एवं संगीत निर्देशक श्री रोशन पाण्डेय को 'प्रयागराज रामलीला उत्कृष्टता सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान रामलीला मंचन में उत्कृष्ट संगीत निर्देशन, प्रभावशाली संगीत संयोजन तथा प्रभु श्रीराम की कथा के भावों को सजीव रूप में प्रस्तुत करने के लिए प्रदान किया गया।कटरा रामलीला कमेटी के माध्यम से इस वर्ष रामलीला की प्रस्तुतियों को एक नवीन स्वरूप देने का प्रयास किया गया। पारंपरिक रूप से प्रचलित रामानंद सागर की रिकॉर्डेड ऑडियो प्रस्तुति के स्थान पर इस बार रामलीला की प्रस्तुतियों के लिए नया संगीत एवं प्रस्तुति संयोजन तैयार किया गया। इस अभिनव प्रयास में संगीत निर्देशक रोशन पाण्डेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके संगीत निर्देशन ने रामलीला के विभिन्न प्रसंगों में भावनात्मक गहराई, भक्ति रस और मंचीय प्रभाव को और अधिक सशक्त बनाया।रोशन पाण्डेय के निर्देशन में तैयार की गई प्रस्तुतियों ने दर्शकों को रामकथा के प्रसंगों से जोड़ने में विशेष भूमिका निभाई। संगीत, संवादों के भाव, प्रसंगानुकूल धुनों तथा मंचीय वातावरण के समन्वय ने रामलीला मंचन को एक नया अनुभव प्रदान किया। उनकी इस रचनात्मक साधना और विशिष्ट योगदान को देखते हुए उन्हें प्रयागराज रामलीला उत्कृष्टता सम्मान-2026 के अंतर्गत 'सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन सम्मान' से नवाजा गया।यह सम्मान 27 अक्टूबर 2026 को प्रयागराज में आयोजित समारोह में परमार्थ निकेतन के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी महाराज एवं प्रयागराज के महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी जी द्वारा प्रदान किया गया।यह उपलब्धि न केवल रोशन पाण्डेय की संगीत साधना और कलात्मक प्रतिभा का सम्मान है, बल्कि प्रयागराज की समृद्ध रामलीला परंपरा को नवीनता के साथ आगे बढ़ाने के प्रयासों का भी प्रतीक है। उनके इस योगदान से स्थानीय कलाकारों एवं युवा संगीत साधकों को भी भारतीय संस्कृति, भक्ति संगीत और पारंपरिक मंचीय कलाओं के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। प्रभु श्रीराम की भक्ति को संगीत के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने वाले रोशन पाण्डेय की यह उपलब्धि प्रयागराज की सांस्कृतिक विरासत के लिए गौरव का विषय है।

विधायक रवि शर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दिया शिव महापुराण एवं हनुमंत कथा का निमंत्रण

मुख्यमंत्री ने निमंत्रण स्वीकार कर झांसी आने का दिया आश्वासन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। नगर विधायक रवि शर्मा ने अपनी धर्मपत्नी सुनीता शर्मा के साथ लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विधायक ने झांसी में दिसंबर माह में आयोजित होने जा रहे श्री शिव महापुराण एवं श्री हनुमंत कथा के भव्य धार्मिक आयोजनों की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री को आमंत्रण पत्र भेंट किया और कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया। विधायक के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए झांसी आने का आश्वासन दिया।

प्रस्तावित कार्यक्रम के अंतर्गत 4 से 10 दिसंबर 2026 तक सुप्रसिद्ध कथावाचक प्रदीप मिश्रा (सीहोर) के श्रीमुख से श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। इसके उपरांत 11 से 13 दिसंबर 2026 तक बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के श्रीमुख से श्री हनुमंत कथा आयोजित होगी। दोनों धार्मिक आयोजनों को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह रहने की उम्मीद है।

विधायक रवि शर्मा ने मुख्यमंत्री को दोनों आयोजनों की रूपरेखा से अवगत कराते हुए झांसी पधारने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री के झांसी आगमन के आश्वासन से आयोजकों और श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है।इन धार्मिक आयोजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान शिव की महिमा, श्री शिव महापुराण के आध्यात्मिक संदेशों तथा श्री हनुमंत कथा के जरिए भक्ति, धर्म और आध्यात्मिक चिंतन से जुड़ने का अवसर मिलेगा। दिसंबर में प्रस्तावित इन आयोजनों के चलते झांसी में धार्मिक गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

स्नातक एमएलसी चुनाव में सपा की ऐतिहासिक जीत, डॉ. मानसिंह यादव ने भाजपा के अशोक राठौर को 27,663 मतों से हराया

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। इलाहाबाद-झांसी खंड सनतक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव परिणाम में समाजवादी पार्टी ने शानदार जीत दर्ज की है। सपा प्रत्याशी डॉ. मानसिंह यादव ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अशोक कुमार राठौर को 27,663 मतों के बड़े अंतर से पराजित कर जीत हासिल की। डॉ. मानसिंह यादव को कुल 60,358 मत प्राप्त हुए, जबकि भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार राठौर को 32,695 मत मिले। निर्दलीय प्रत्याशी शिवशंकर पटेल 3,949 मत पाकर तीसरे स्थान पर रहे। परिणाम घोषित होते ही झांसी में समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई।

जिलाधिकारी ने की स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा, लापरवाही पर जताई सख्त नाराजगी

प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति और संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं करने की चेतावनी देते हुए आभा आईडी में कम प्रगति पर नोडल का वेतन रोकने और अन्य अधिकारियों-कर्मियों को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। मुख्य निर्देश : - बच्चों के टीकाकरण में लापरवाही नहीं, कम प्रगति वाले क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाएं- शहरी क्षेत्र में न्यू गोपालनगर, आवास विकास कॉलोनी, महीपुरा और नेहरू मार्केट में 23-25इ की कम उपलब्धि पर सुधार के निर्देश - शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव और जननी सुरक्षा योजना की लंबित केवाईसी तत्काल पूरी करें - सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर शत-प्रतिशत संचालित रखें - आरबीएसके आंकड़ों का क्रॉस वेरिफिकेशन और नियमित निगरानी - हॉटस्पॉट क्षेत्रों में एंटीलार्वा छिड़काव, फॉगिंग युद्धस्तर पर कराएं, जलभराव-गंदगी हटाएं - घर-घर दस्तक अभियान में तेजी और अभिलेखीकरण सुनिश्चित करें। बैठक में सीएमओ डॉ. शेर सिंह कक्कड़, जिला मलेरिया अधिकारी शिवांका गौड़ सहित सभी एसीएमओ और सीएचसी-पीएचसी प्रभारी मौजूद रहे।



नकुड़ पुलिस ने लूट के वांछित को दबोचा, हरिद्वार से चोरी बाइक और लूट का माल बरामद

प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। थाना नकुड़ पुलिस ने लूट के मामले में वांछित अभियुक्त शुभम राठी को गिरफ्तार कर लूट के 1800 रुपये, एटीएम कार्ड, डीएल और घटना में प्रयुक्त फर्जी नंबर प्लेट लगी मोटरसाइकिल बरामद की है। बाइक हरिद्वार से चोरी की निकली। 11 अक्टूबर को गाँधीनगर निवासी राहुल ने तहरीर दी थी कि अज्ञात बाइक सवारों ने



बस अड्डा नकुड़ पर पेट्रोल पंप के पास उसकी स्प्लेंडर प्लस बाइक संख्या ि 04ँ 2794, 1850 रुपये, एटीएम और डीएल लूट लिया। थाना नकुड़ में मुकदमा संख्या 532/26 दर्ज हुआ। पुलिस ने 13 अक्टूबर को साथी मनीष निवासी साल्हापुर को गिरफ्तार कर लूटी बाइक बरामद कर ली थी।

एसएसपी के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेश्वर बौद्ध के नेतृत्व में उ.नि. रणवीर सिंह ने 28 अक्टूबर को शुभम राठी पुत्र स्व. बबलू निवासी साल्हापुर को नकुड़-नयागांव रोड स्थित बंद पेट्रोल पंप के ग्राउंड से गिरफ्तार किया।

पूछताछ में शुभम ने बताया कि उसने मनीष के साथ मिलकर लूट की थी। लूटी बाइक मनीष ले गया था। उसके पास लूट के 1800 रुपये, डीएल, एटीएम और हरिद्वार से अगस्त में चोरी की बाइक थी, जिस पर पुलिस को धोखा देने के लिए फर्जी नंबर प्लेट लगाई थी। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 318(4)/336(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है।

अपर जिलाधिकारी की मौजूदगी में धान की क्रॉप कटिंग, 36 कुंतल प्रति हेक्टेयर उपज दर्ज



प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान के निर्देश पर ग्राम उमाही विकासखंड बलियाखेड़ी में धान की क्रॉप कटिंग प्रयोग संपन्न कराया गया। यह प्रयोग अपर जिलाधिकारी प्रशासन लवी त्रिपाठी की उपस्थिति में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2026-27 की फसल उत्पादकता आकलन के लिए किया गया।ग्राम उमाही में प्लॉट संख्या पी-1 में 15.670 हेक्टेयर क्षेत्रफल में हुए प्रयोग में धान की उपज 36 कुंतल प्रति हेक्टेयर दर्ज की गई। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कटाई कर उपज का विवरण दर्ज किया गया। अपर जिलाधिकारी ने आंकड़ों का पारदर्शी संकलन और प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्रॉप कटिंग से प्राप्त आंकड़े फसल बीमा दावों, आपदा राहत आकलन, खाद्यान्न उत्पादन, किसान क्रेडिट कार्ड लिमिट निर्धारण और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में सहायक होते हैं।इस दौरान अपर सांख्यिकी अधिकारी अलका पाण्डेय, राजस्व निरीक्षक निरंजन सिंह, लेखपाल सीमा राजदान, बीमा कंपनी प्रतिनिधि नितेश कुमार सहित कृषक व ग्रामीण मौजूद रहे।

बिहारीगढ़ में स्कूल से मिड डे मील के बर्तन चोरी, 2 गिरफ्तार



प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। थाना बिहारीगढ़ पुलिस ने प्राथमिक वन विद्यालय भगवतपुर टोंगियो में हुई चोरी का खुलासा करते हुए 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी के मिड डे मील के बर्तन बरामद हुए। 26 अक्टूबर को इंचार्ज अध्यापिका पिंकी देवी ने तहरीर दी थी कि अज्ञात व्यक्ति स्कूल के कमरे से मिड डे मील के बर्तन चोरी कर ले गया। इस पर थाना बिहारीगढ़ में मुकदमा संख्या 186/26 धारा 305(ए) बीएनएस के तहत केस दर्ज हुआ। एसएसपी के निर्देश पर थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अमित कुमार उर्फ बौना पुत्र रतन सिंह और कुशलपाल पुत्र धूम सिंह निवासी ग्राम भगवतपुर टोंगियो को ग्राम तोता टांडा के पास नदी के पुल से गिरफ्तार किया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317 (2) बीएनएस की वृद्धि की गई है।

भाजपा की जीत से उत्साहित कार्यकर्ताओं ने शिक्षकों को किया सम्मानित

चिलकाना। भारतीय जनता पार्टी की एमएलसी चुनाव में जीत से उत्साहित कार्यकर्ताओं ने सरदार पटेल इंटर कॉलेज के शिक्षकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने कहा कि यह जीत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सुशासन पर जनता के विश्वास की मुहर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सम्मानित शिक्षकों ने



भाजपा प्रत्याशी को जिताकर पार्टी के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया है। मुकेश शर्मा ने विश्वास जताया कि वर्ष 2027 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा एक बार फिर प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। इस अवसर पर सरदार पटेल इंटर कॉलेज के प्रबंधक विनोद रावल,प्रधानाचार्य प्रमोद रावल परसराम, हिमांशु गर्ग, पवन सैन और बी.सी. राम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

ऑपरेशन सेफ स्पीड : दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर 208 ओवरस्पीड वाहनों पर 4.30 लाख का जुर्माना



प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। यातायात पुलिस ने 'ऑपरेशन सेफ स्पीड' अभियान के तहत दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर ओवर स्पीडिंग करने वाले 208 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर 4,30,000 रुपये का जुर्माना लगाया।

एसएसपी के निर्देशन और एसपी ग्रामीण/यातायात के पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात अमित तोमर के नेतृत्व में यातायात व थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक इंटरसेप्टर के माध्यम से चेकिंग की। पुलिस ने सभी चालकों को निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने के लिए जागरूक किया और अपील की कि तेज गति से बचें, स्वयं और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

मेहंदी प्रतियोगिता में खुशी ने मारी बाजी, अल्फिशा रहीं दूसरे स्थान पर

प्रातः काल एक्सप्रेस

चिलकाना। सरदार पटेल इंटर कॉलेज, पटनी में आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। आकर्षक मेहंदी डिजाइनों के जरिए छात्राओं ने भारतीय संस्कृति और परंपराओं की खूबसूरती को उकेरा। इस दौरान प्रतियोगिता में कक्षा 11-ए की खुशी ने प्रथम स्थान



हासिल किया, जबकि कक्षा 10-ए की अल्फिशा दूसरे स्थान पर रहीं। विजेता छात्राओं को विद्यालय की तरफ से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार और प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने छात्राओं की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं रचनात्मकता को बढ़ावा देने के साथ आत्मविश्वास भी मजबूत करती हैं। उन्होंने विद्यार्थिन्यों को पढ़ाई के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक परसराम, इम्तियाज़, आसिफ इक़बाल, अभिषेक रावल, संजय रावल, आकाश रावल, अनुष्का सैनी, पल्लवी सैनी आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई

प्रातःकाल एक्सप्रेस



सहारनपुर। पुलिस कार्यालय, सहारनपुर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान दूर-दराज क्षेत्रों से अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को लेकर पहुंचे आमजन की समस्याओं को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं धैर्यपूर्वक सुना गया। जनसुनवाई के दौरान फरियादियों से उनकी समस्याओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का तत्काल संज्ञान लेकर निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उपस्थित नागरिकों को उनकी शिकायतों के त्वरित एवं न्यायसंगत समाधान का आश्वासन प्रदान किया गया तथा उन्हें विश्वास दिलाया गया कि सहारनपुर पुलिस आमजन की सुरक्षा, सम्मान एवं समस्याओं के समाधान के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

जीआरपी मिर्जापुर की बड़ी कार्रवाई, चोरी-झपट्टामारी गैंग के 3 बदमाश गिरफ्तार

प्रातः काल एक्सप्रेस

मीरजापुर । रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में चोरी-झपट्टामारी करने वाले गिरोह पर जीआरपी मिर्जापुर ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 3 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी के 7 मोबाइल फोन, एक पीली धातु की चेन, एक सफेद धातु का ब्रेसलेट और 11 हजार रुपये नकद बरामद किया है। जीआरपी थानाध्यक्ष राजेश कुमार



वर्मा के अनुसार पुलिस महानिदेशक रेलवे प्रकाश डी के निर्देशन में अपराध नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा था। मंगलवार को स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2/3 पर हावड़ा इंड की ओर फुट ओवरब्रिज के पास पुलिस टीम मौजूद थी। तभी मुखबिर ने सूचना दी कि पीडब्लूयूआई वेल्डिंग शॉप के पास नीम के पेड़ के नीचे चबूतरे पर तीन संदिग्ध बैठे हैं जो किसी वारदात की योजना बना रहे हैं। सूचना पर जीआरपी, आरपीएफ और टीओपीवी स्पेशल टीम प्रयागराज की संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर तीनों को पकड़ लिया। पूछताछ में उनकी पहचान फुलेन्द्र उर्फ राज चौहान निवासी धौरहपुर कोतवाली देहात, शिवमंगल चौहान और शुभम कुमार गुप्ता दोनों निवासी ककरद दीपनगर थाना संतनगर के रूप में हुई। पूछताछ में पता चला कि आरोपी ट्रेनों में यात्रा के दौरान यात्रियों का सामान चोरी करते थे और आउटर पर खड़े होकर उतरते समय बैग झपट्टा मारकर भाग जाते थे। इनके खिलाफ जीआरपी मिर्जापुर में चोरी और झपट्टामारी के 9 मुकदमे पहले से दर्ज हैं। पुलिस ने सभी पर बीएनएस की धारा 317(2), 317(4) की बढ़ोत्तरी कर न्यायालय में चालान कर दिया है।

मिर्जापुर पुलिस ने 10 घंटे में बाइक चोरी का किया खुलासा, 2 गिरफ्तार



प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। थाना मिर्जापुर पुलिस ने वाहन चोरी का 10 घंटे में खुलासा करते हुए 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की। 28 अक्टूबर को अनुज पुत्र नरेश निवासी ग्राम अकबरपुर बांस उर्फ कडाईवाला ने तहरीर दी थी कि अज्ञात चोर उनकी स्प्लेंडर प्लस बाइक यूपी 11 सीजे 9958 चोरी कर ले गया। थाना मिर्जापुर में मुकदमा संख्या 345/26 धारा 303(2) बीएनएस दर्ज हुआ। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी बेहट के पर्यवेक्षण और थाना प्रभारी विनोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दिलजान पुत्र अबरार निवासी ताल्हापुर थाना बिहारीगढ़ और शहजाद उर्फ बग्गल पुत्र निसार निवासी धौलाकुआ थाना बेहट को ग्राम नौगावा से मिर्जापुर रोड पर मुर्गी फार्म के पास से गिरफ्तार किया।उनके कब्जे से चोरी हुई बाइक बरामद हुई। दोनों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

घर में अवैध पटाखे जमा करने वाला गिरफ्तार

प्रातः काल एक्सप्रेस



मीरजापुर । पुलिस ने 156 किलो पटाखे पकड़े, बुलेट बम और रॉकेट भी मिले दीपावली, धनतेरस और छठ पूजा के मद्देनजर जिले में अवैध पटाखों के भंडारण और बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शहर कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। शहर कोतवाली क्षेत्र की वासलीगंज चौकी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि महुअरिया में एक घर में बारूदयुक्त पटाखों का अवैध रूप से भंडारण किया गया है। सूचना के आधार पर वासलीगंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने पुलिस टीम के साथ तहसील सदर के सामने महुअरिया स्थित मकान पर छापेमारी की। मकान से बृजेश कुमार विश्वकर्मा पुत्र विजय कुमार विश्वकर्मा के घर में रखे विभिन्न प्रकार के लगभग 156 किलो अवैध पटाखे बरामद किए गए। बरामद पटाखों में बुलेट बम, मिनी बम, हाइड्रो बम, चटाई, फुलझड़ी और रॉकेट शामिल हैं। पुलिस ने मौके से आरोपी बृजेश कुमार विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया। बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर शहर कोतवाली में बुधवार को आरोपी के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई है।

महिला किसानों को जैविक खेती और पशुपालन का प्रशिक्षण

प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। दिशा सामाजिक संगठन की ओर से 26 व 27 अक्टूबर को दिशा कैंपस, सुल्तानपुर चिलकाना में आजीविका विकास कार्यक्रम के तहत महिला किसानों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें करीब 32 महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम समन्वयक पी. राम ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों की जानकारी दी। कृषि विशेषज्ञ रवींद्र बर्नवाल ने जैविक खाद, कीट नियंत्रण तथा फसलों को फफूंद और दीमक से बचाने



के उपाय बताए। वहीं, कृषि विशेषज्ञ रवींद्र तोगडिया ने दुधारू पशुओं की उन्नत नस्लों, दूध उत्पादन बढ़ाने और पशुओं के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जानकारी दी। कार्यक्रम समन्वयक तसनीम ने महिलाओं को कृषि एवं पशुपालन के माध्यम से आजीविका बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। अगले दिन महिला किसानों को बेहट रोड, सहारनपुर स्थित राज पैलेस में आयोजित मंडल स्तरीय पोल्ट्री कॉन्क्लेव का भ्रमण कराया गया, जहां उन्हें मुर्गी पालन और अंडा उत्पादन की जानकारी दी गई। इस अवसर पर कुंता सैनी, गीता, पूनम और रीना सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।